फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 329 प्रभात जयपुर, सोमवार 4 जुलाई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.




जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

Liquor Pur!!
Jaipur embraces its drinks!!

"Wine, if taken as medicine, not for intoxication, acts as Amrita (ambrosia), when taken properly"- Charak

Reversing Pancreatic Cancer

J'adore:
Head Scarf Styles For Bad Hair Days & Beyond

# कन्हैयालाल की बर्बर हत्या से आक्रोशित व संगठित हिन्दू समाज सड़कों पर उतरा

## जयपुर के स्टैच्यू सर्किल पर गूंजे हनुमान चालीसा के पाठ, बारिश के बीच भगवामय होकर जुटे रहे हजारों लोग

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 3 जुलाई। उदयपुर के टेलर कन्हैयालाल साहू की हत्यारे गौस मोहम्मद और रियाज को फांसी देने की मांग को लेकर रविवार को हिन्दू समाज आक्रोशित नजर आया। जयपुर के स्टैच्यू सर्किल पर भगवामय होकर

- हिन्दू समाज ने कन्हैयालाल के हत्यारे गौस मोहम्मद और रियाज को फांसी की सजा देने की मांग उठाई।
- हिन्दू संत-महात्माओं ने गहलोत सरकार पर तुष्टीकरण के आरोप लगाते हुए चेताया कि, हिन्दू समाज एक है और राजस्थान में तालिबानी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*हिन्दू समाज के हजारों लोगों एवं संत महात्माओं ने स्टैच्यू सर्किल पर एकत्रित होकर कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के संदर्भ में आक्रोश जाहिर किया।*

## मोहन भागवत झुंझुनूं पहुंचे

झुंझुनूं, 3 जुलाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत रविवार रात करीब आठ बजे झुंझुनूं पहुंचे। वे अब 10 जुलाई तक झुंझुनूं में ही रहेंगे।

झुंझुनूं के खेमी शक्ति मंदिर में सात से नौ जुलाई तक होने वाली अखिल भारतीय प्रांत प्रचारकों की बैठक सरसंघचालक में शामिल होंगे। डॉ. भागवत के अलावा आर.एस.एस. के अखिल भारतीय स्तर के पदाधिकारी भी झुंझुनूं पहुंच गए है।

झुंझुनूं पहुंचने पर अखिल भारतीय पदाधिकारियों के अलावा क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल आदि ने उनकी अगवानी की। आपको बता दें कि प्रांत प्रचारक मुख्य बैठक 7 से 9 जुलाई तक रहेगी। बैठक में देशभर के सभी प्रांत प्रचारक तथा सह प्रांत प्रचारक अपेक्षित रहेंगे। इस बैठक में डॉ. मोहन भागवत के अलावा सभी सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, डॉ. मनमोहन वैद्य, सी.आर. मुकुंद, अरुण कुमार व रामदत्त शामिल होंगे।

- भागवत खेमी शक्ति मंदिर में 10 जुलाई तक चलने वाली आर.एस.एस. प्रचारकों की मीटिंग में शामिल होंगे।

बैठक में संघ के सभी कार्य विभाग प्रमुख व अखिल भारतीय कार्यकारिणी के प्रचारक सदस्य और विविध क्षेत्र के कुछ अखिल भारतीय स्तर के संगठन मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जम्मू में ग्रामीणों ने दो मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों को पकड़ा

## जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ग्रामीणों के साहस की तारीफ की व 5 लाख इनाम भी घोषित किया

जम्मू 3 जुलाई (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तुकसिन ढोक गांव के निवासियों ने बहादुरी और साहस का परिचय देते हुए दो मोस्टवांटेड आतंकवादियों को हथियार और गोला-बारूद के साथ पकड़ा है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी हैं।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ग्रामीणों को उनके साहस के लिए पांच लाख रूपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने रविवार को बताया कि टकसों ढोक के ग्रामीणों ने पुलिस और सेना के लगातार दबाव के बाद क्षेत्र में शरण लेने पहुंचे लश्कर-ए-तैयबा के दो मोस्टवांटेड आतंकवादियों को पकड़ कर अद्मय साहस का परिचय दिया है।

उन्होंने बताया कि पकड़े गये आतंकवादियों की पहचान राजौरी के तालिब हुसैन और पुलवामा के फैसल अहमद डार के रूप में हुई है। पकड़े गये आतंकवादियों के पास से दो ए.के. रायफल, सात ग्रेनेड, एक पिस्टल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद हुआ है।


उन्होंने बताया कि हाल ही राजौरी पुलिस ने लश्कर ए तैयबा का मॉड्यूल का भंड़ाफोड़ करते हुए दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर बड़ी संख्या में शक्तिशाली विस्फोटक (आई.ई.डी.) बरामद किया था और तालिब हुसैन को भगोड़ा घोषित कर उस पर इनाम की घोषणा की गई थी।

- पकड़े गये आतंकियों के पास से दो ए.के.-47 राइफल, सात ग्रनैड, एक पिस्टल व भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद हुआ है।
- सेना ने इस मामले में बयान जारी कर कहा कि, जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिल में देश भक्ति और देश सेवा का अटूट जज्बा है।

तालिब हुसैन पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी कासिम के लगातार संपर्क में था और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजीव बगरहट्टा एसएमएस के प्रिंसिपल बने



डॉ. राजीव बगरहट्टा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 3 जुलाई। राज्य सरकार ने हृदय रोग विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज का प्रिसीपल व नियंत्रक बनाया है। इस संबंध में चिकित्सा विभाग रविवार रात को आदेश जारी कर दिए। गौरतलब है कि 23 जून को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज का प्रिसीपल व नियंत्रक के लिए 37 योग्य आवेदकों को बुलाया गया था। इनमें से चार मेडिकल कॉलेज के 28 चिकित्सकों ने मुख्य सचिव उषा शर्मा की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमरावती हत्याकाण्ड का मास्टरमाइंड शेख इरफान गिरफ्तार

## 57 वर्षीय कैमिस्ट की हत्या में उनका पुराना दोस्त युसुफ खान भी शामिल था

मुंबई, 3 जुलाई। महाराष्ट्र के अमरावती में हुए उमेश कोल्हे मर्डर केस में स्थानीय कोर्ट ने मास्टरमाइंड शेख इरफान शेख रहीम को 7 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। वहीं एन.आई.ए. ने यूएपीए समेत तमाम अन्य धाराओं में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि कल शाम तक पुलिस ने इस हत्याकांड में सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया था।

वहीं उमेश कोल्हे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी आ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक चाकू के हमले के चलते उमेश के दिमाग की नस कट गई थी। यही उमेश की मौत की वजह भी बनी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि चाकू के वार से उमेश की सांस लेने वाली नली, खाने की नली और आंखों की नसें भी बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। पुलिस ने बताया कि उमेश के गले पर पांच इंच चौड़ा, सात इंच लंबा और पांच इंच गहरा घाव था।

- उमेश कोल्हे की पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार, हत्यारों ने उनके शरीर पर 7 गहरे वार किये थे। जिससे उनकी सांस की नली, दिमाग की नस और भोजन की नली कट गई थी।
- युसुफ खान साल 2006 से ही उनके भाई और उमेश कोल्हे का गहरा दोस्त था।

गौरतलब है कि पेशे से केमिस्ट उमेश कोल्हे की 21 जून को उस वक्त हत्या कर दी गई थी, जब वह अपनी दुकान बंद करके वापस आ रहे थे। बताया जाता है कि उनकी हत्या के पीछे वजह नूपुर शर्मा के पक्ष में वॉट्सऐप ग्रुप में पोस्ट करना है। उदयपुर में टेलर कन्हैया की हत्या के एक सप्ताह पहले ही उमेश की हत्या की गई थी।

इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। महेश कोल्हे ने आरोपी युसुफ खान को लेकर बड़ी बात बताई है। उनका कहना है कि युसुफ साल 2006 से ही उनके भाई का अच्छा दोस्त था। वह कोल्हे के अंतिम संस्कार में भी पहुंचा था। महेश ने कहा कि, मामले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार हो चुका है इसलिए कहा जा सकता है कि जांच आगे बढ़ेगी। अन्य जो लोग इसमें शामिल थे उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जा सकता है।

बताया जा रहा है कि युसुफ खान ने ही उमेश कोल्हे की सोशल मीडिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'जजों के फैसले पर निजी हमले करना खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है'

## नूपुर शर्मा के खिलाफ सख्त टिप्पणी करने वाले सुप्रीम कोर्ट के जज जे.बी. पारदीवाला ने उन पर हो रहे व्यक्तिगत जुबानी हमलों के संदर्भ में और भी सख्त लहजा अपनाया

नई दिल्ली, 3 जुलाई। पैगंबर मोहम्मद पर विवादित बयान देने के मामले में दर्ज एफ.आई.आर. को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची नूपुर शर्मा को फटकार लगाने वाले जज ने खुद पर हो रही जुबानी जंग को लेकर सख्त लहजा अपनाया है। बेंच में शामिल जज जेबी पारदीवाला ने कहा कि जजों के फैसले को लेकर निजी हमला करना खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है। बता दें कि बेंच ने कहा था कि भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा को अपने बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए थी।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच की टिप्पणी के बाद दोनों ही जजों जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस पारदीवाला को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणियों की बाढ़ आ गई थी। उन्हें टारगेट किया जाने लगा। बेंच ने नूपुर शर्मा को लेकर मौखिक टिप्पणी की थी। नूपुर शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी देकर कहा था कि देशभर में उनके खिलाफ जो एफ.आई.आर. दर्ज की गई हैं, उन्हें दिल्ली ट्रांसफर कर दिया जाए।

- गौरतलब है कि, सुप्रीम कोर्ट की बेंच की टिप्पणी के बाद दोनों ही जजों जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस पारदीवाला को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणियों की बाढ़ आ गई थी। उन्हें टारगैट किया जाने लगा।
- अभिनेता एवं पूर्व राजनेता अनुपम खेर ने भी सुप्रीम कोर्ट के जजों की इन टिप्पणियों पर असंतोष जताया था।

सुप्रीम अदालत ने नूपुर शर्मा को फटकार लगाते हुए कहा था कि उनके ही एक बयान के चलते माहौल खराब हो गया। नूपुर शर्मा ने माफी मांगने में देरी कर दी और उनके चलते ही दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की बेंच ने पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी के लिए विभिन्न राज्यों में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने की शर्मा की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दी। इसके साथ ही नूपुर शर्मा ने अदालत से अपनी अर्जी को वापस ले लिया।




## विचार बिन्दु

दूसरों पर किए गए व्यंग्य पर हम हँसते हैं पर अपने ऊपर किए गए व्यंग्य पर रोना तक भूल जाते हैं। –रामचंद्र शुक्ल

# अमरीका की जनता से उसका संवैधानिक अधिकार छीन लिया गया है!

इन दिनों अमरीकी सुप्रीम कोर्ट का एक फ़ैसला सारी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। बहुमत से किए गए इस फ़ैसले के द्वारा सुप्रीम कोर्ट ने 1973 के ***रो वर्सेसवेड*** केस में दिये गए गर्भपात के अधिकार को समाप्त कर दिया है। कोर्ट के निर्णयानुसारअब अमरीका में महिलाओं को गर्भपात का अधिकार नहीं होगा। अलबत्ता, राज्यों के विधान–मण्डल चाहें तो इस बारे में स्वतंत्र निर्णय करते हुए अपने अलग नियम बना सकते हैं। लेकिन, ध्यान देने की बात यह है कि 13 राज्य तो पहले ही गर्भपात को ग़ैर कानूनी करार देने वाले कानून पारित कर चुके हैं। यह माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फ़ैसले के बाद कम से कम आधे अमरीकी राज्य अपने यहां गर्भपात को ग़ैर कानूनी घोषित कर देंगे। एक हेल्थकेयर संगठन ***प्लाण्ड पैरेण्टहुड*** द्वारा ज़ारी किए गए आंकड़ों के अनुसार करीब 36 मिलियन (3.6 करोड) महिलाओं से उनके राज्यों में गर्भपात के अधिकार छिन जाएंगे। अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के इस फ़ैसले ***कोडेमोक्रेटिक बैकस्लाइडिंग*** अर्थात लोकतांत्रिक फिसलन कहा जा रहा है। स्वयं अमरीकी राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के इस फ़ैसले को भारी भूल बताते हुए कहा है कि इसने अमरीकी महिलाओं के स्वास्थ्य और जीवन को ख़तरे में डाल दिया है। उन्होंने इस फ़ैसले को बेहद दुखद बताते हुए यह भी कहा है कि इस फ़ैसले से विचारधारा की कट्टरता का एहसास होता है। अमरीकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपने ट्वीट में कहा है कि ''अमरीका में आज दसियों लाख औरतें बिना किसी हेल्थकेयर और रिप्रोडक्टिवहेल्थकेयर के हो गई हैं। अमरीका की जनता से उसका संवैधानिक अधिकार छीन लिया गया है।'' यहीं यह बात भी स्मरणीय है कि अमरीका में काफी लम्बे समय से गर्भपात विरोधी कानून पर बहसें होती रही हैं। हाल में प्यू द्वारा किये गए एक सर्वे के अनुसार अमरीका के लगभग 64 प्रतिशत वयस्कों का मानना था कि गर्भपात पूरी तरह या फिर अधिकांश मामलों में कानूनी होना चाहिए, मात्र 36 प्रतिशत लोग इस मत के विरोधी थे। यही वजह है कि इस फैसले के आने के बाद कम से कम पचास अमरीकी शहरों में इसके खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

इस फ़ैसले पर आगे चर्चा से पहले इसकी पृष्ठभूमि जान लेना उपयुक्त होगा।

अमरीका में सन 1971 में गर्भपात कराने में नाकामयाब रही एक महिला ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। इसी को रो वर्सेसवेड मामला कहा जाता है। इस याचिका में यह कहते हुए कि गर्भधारण और गर्भपात का फ़ैसला महिला का होना चाहिए न कि सरकार का, गर्भपात की सुविधाओं तक सहज पहुंच की मांग की गई। दो वर्ष बाद अर्थात सन 1973 में सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर अपना यह फ़ैसला दिया कि संविधान गर्भवती महिला को गर्भपात से जुड़ा फ़ैसला लेने का अधिकार देता है। इस फ़ैसले के बाद अस्पतालों के लिए महिलाओं को गर्भपात की सुविधा प्रदान करना बाध्यकारी हो गया। सुप्रीम कोर्ट का यह फ़ैसला संविधान संशोधन (1868) पर आधारित था। सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि यह संविधान संशोधन स्वतंत्रता और निजता की रक्षा करता है और राज्यसत्ता इस में हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। यहीं यह बात भी याद रखी जाने काबिल है कि भले ही 1787 में बना अमरीकी संविधान गर्भपात की बात नहीं करता है, 1868 का यह संशोधन (14वां संशोधन) गर्भपात का अधिकार प्रदान करता है। वैसे, हमने अभी 1973 के जिस फ़ैसले की चर्चा की है उसमें यह भी कहा गया है कि यह आदेश परम नहीं है और संभावित जीवन की रक्षा के दृष्टिगत उसकी सीमाएं हैं। इसी तर्क के चलते वह अदालती आदेश भी ज़ारी हुआ जिसके अनुसार सरकार को गर्भावस्था के पहले तीन माह में तो हस्तक्षेप के अधिकार से वंचित किया गया था परंतु तीसरी तिमाही में उसे गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने का हक़ भी दिया था क्योंकि तब तक भ्रूण की जीवन–क्षमता संदेह से परे हो जाती है।

**बेशक यह प्रकरण अमरीका का है लेकिन सारी दुनिया में इसे लेकर चिंता का माहौल इस कारण हो रहा है कि आज की दुनिया में एक जगह जो होता है उसका असर बड़ी जल्दी अन्य जगहों पर भी होता है। सोच यह भी है कि धार्मिक समुदायों के प्रभाव के कारण अगर एक देश में नागरिक स्वतंत्रता बाधित होती है तो यह दूसरे देशों के लिए भी ख़तरे की घंटी है।**

अब सुप्रीम कोर्ट का जो फ़ैसला आया है उसने एक तरह से 1973 में महिलाओं को जो अधिकार दिया गया था, उसे वापस ले लिया है। और इसीलिए इसे ***डेमोक्रेटिक बैकस्लाइडिंग*** कहा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा है कि उक्त 14वें संशोधन में जिस निजता के अधिकार की बात कही गई है वह अब प्रासंगिक नहीं है क्योंकि गर्भपात केवल गर्भवती महिला का मामला न होकर एक अजन्मे जीवन से जुड़ा मामला भी है। कोर्ट ने एक दिलचस्प टिप्पणी यह भी की है कि अमरीकी संविधान में गर्भपात का उल्लेख नहीं है और यह अमरीकी इतिहास और परम्परा के साथ सुसंगत भी नहीं है। वैसे कोर्ट यह टिप्पणी करते हुए जाने क्यों इस बात को अनदेखा कर गई कि कोई भी संविधान भविष्य को पूरी तरह कैसे देख सकता है? समय के साथ स्थितियां और सोच बदलते हैं और उन्हीं की वजह से संविधान में संशोधन भी किए जाते हैं। ऐसा सर्वत्र होता है। यह भी कम आश्चर्य की बात नहीं है कि लगभग पांच दशकों से अमरीकी सुप्रीम कोर्ट अनवरत और स्पष्ट रूप से गर्भपात के अधिकार का संरक्षण करती रही है और इस बीच ऐसी कोई तर्कसंगत बात घटित नहीं हुई है जिसके कारण उसे अपने रुख को बदलना पड़े, फिर भी उसने यह फैसला किया है। अब यहीं इस बात को भी याद कर लें कि अमरीका का यह 1973 का फ़ैसला सबको समान रूप से स्वीकार्य नहीं था। वहां के दो राजनीतिक दल डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन इस मुद्दे पर शुरू से ही अलग–अलग ध्रुवांतों पर रहे हैं। 1980 तक आते–आते तो अमरीका में इस मुद्दे पर काफी गम्भीर मतभेद दिखाई देने लगे थे। सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान सत्र में डॉब्स बनाम ***जैक्सन वीमेन्स हेल्थ ऑर्गेनाइज़ेशन*** का मामला सामने आने पर इस मुद्दे पर एक बार फिर तीखी बहसें शुरू हो गईं। अमरीका में धार्मिक समूहों के लिए गर्भपात हमेशा ही एक बड़ा मुद्दा रहा है, और यह स्वाभाविक ही है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फ़ैसले को उन समूहों की जीत के रूप में भी देखा जा रहा है। असल में यह मामला मिसिसिपी राज्य का था जिसमें राज्य के 15वें सप्ताह के बाद गर्भपात पर प्रतिबंध वाले कानून को चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के पक्ष में अपना फैसला देते हुए गर्भपात के संवैधानिक अधिकार को समाप्त कर दिया।

अमरीका में जो प्रशासनिक व्यवस्था है उसके चलते केंद्र के कानून तमाम राज्यों पर एक साथ लागू नहीं होते हैं और राज्य अलग से अपने ऐसे कानून भी बना और लागू कर सकते हैं जो केंद्र के कानूनों के उलट हों। यह बात सुप्रीम कोर्ट के इस फ़ैसले को एक नया और विचारणीय आयाम दे देती है। कल्पना कीजिए कि एक राज्य में सुप्रीम कोर्ट का यह फ़ैसला लागू है और किसी अन्य राज्य में लागू नहीं है। अब जो गर्भवती स्त्री आर्थिक रूप से समर्थ होगी वह तो किसी अन्य राज्य में जाकर भी गर्भपात करा लेगी, किंतु आर्थिक रूप से कमज़ोर गर्भवती वैसा नहीं कर सकेगी। यह माना जा रहा है कि इस फ़ैसले से विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमज़ोर और अश्वेत स्त्रियां, युवा, ठाामीण क्षेत्रों के लोग, एलजीबीटीक्यू (LGBTQ) समुदाय के लोग और ऐसे लोग जो डॉक्यूमेण्टेड नहीं हैं, कुप्रभावित होंगे। इस फ़ैसले को सुप्रीम कोर्ट के अन्य कई फ़ैसलों के साथ भी जोड़ कर देखा और विश्लेषित किया जा रहा है। ऐसे फ़ैसलों के बारे में माना जा रहा है कि ये नागरिक के अधिकारों, जिनमें मतदान का अधिकार भी शामिल है, का क्षरण करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान फ़ैसले को लेकर यह भी कहा जा रह है कि इससे कोर्ट के रो निर्णय में अन्तर्गुम्फित अन्य संवैधानिक अधिकारों को लेकर भी चिंता पैदा हो रही है। इन संवैधानिक अधिकारों में अपने अंतरंग साथियों के चयन का अधिकार और अपने बच्चों के लालन पालन करने के तरीके को चुनने, अपना जीवन साथी चुनने और गर्भ निरोधक का प्रयोग करने या न करने का फैसला करने का अधिकार शामिल हैं।

बेशक यह प्रकरण अमरीका का है लेकिन सारी दुनिया में इसे लेकर चिंता का माहौल इस कारण हो रहा है कि आज की दुनिया में एक जगह जो होता है उसका असर बड़ी जल्दी अन्य जगहों पर भी होता है। सोच यह भी है कि धार्मिक समुदायों के प्रभाव के कारण अगर एक देश में नागरिक स्वतंत्रता बाधित होती है तो यह दूसरे देशों के लिए भी ख़तरे की घंटी है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# वाटर ट्रेन से रेलवे ने कमाए 43 करोड़ रूपए

## रेलवे ने वाटर ट्रेन के 200 फेरे पूरे कर लिए हैं

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर से पाली अब तक 43 करोड़ लीटर पीने का पानी भेजा जा चुका है। रेलवे ने वाटर ट्रेन के 200 फेरे पूरे कर लिए हैं। इससे रेलवे को साढ़े छह करोड़ का राजस्व मिला है। बता दे कि पाली में गहराए जलसंकट के चलते जोधपुर से वाटर ट्रेन 17 अप्रैल को शुरु की थी। अब तक 200 फेरे पूरे हो चुके हैं। जब तक डिमांड है तब तक जोधपुर से पाली पानी भेजा जाएगा।

**■ जवाई बांध में जब तक पानी नहीं आ जाता जोधपुर से पाली पानी भेजा जाएगा**

यह वाटर ट्रेन उत्तर - पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के उपनगरीय भगत की कोठी रेलवे स्टेशन से भर कर भेजी जा रही है। पेयजल संकट से त्रस्त पाली मारवाड़ तक संचालित वाटर ट्रेन ने अपने दो सौ फेरे पूरे कर लिए हैं।

मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडेय ने बताया कि पेयजल संकट से त्रस्त पाली के लिए जोधपुर से राज्य सरकार की मांग पर इस वर्ष 17 अप्रैल से वाटर स्पेशल ट्रेन संचालित हो रही है। इसके दो सौ फेरे पूरे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि वाटर ट्रेन के दो सौ फेरों के माध्यम से 8 हजार वैगन के जरिए भगत की कोठी से पाली मारवाड़ तक अब तक 43 करोड़ 20 लाख लीटर पानी का रेलवे द्वारा लदान किया जा चुका है। जिससे वैगन किराया के बतौर रेलवे को साढ़े छह करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि रेलवे द्वारा पाली जिला प्रशासन की मांग पर पेयजल सप्लाई नियमित रूप से जारी रखी जाएगी। डीआरएम ने बताया कि 24 अप्रैल को जोधपुर मंडल को वाटर ट्रेन का एक और रैक उपलब्ध हुआ था, तब से दो ट्रेनों के माध्यम से दिन-रात पानी का लदान किया गया।

मानसून का आगमन हालांकि हो चुका है मगर अच्छी बरसात से पाली के सबसे बड़े जलस्त्रोत जंवाई बांध में जब तक पेयजल की आवक नही हो जाती तब तक पाली को जोधपुर से वाटर ट्रेन के जरिए मिलने वाले पानी पर निर्भर रहना पड़ सकता है।

# अलवर के सर्जन डॉ. विजयपाल लोगों को बांट रहे कपड़े के थैले



डॉ. विजय पाल ने सब्जी मंडी में कपड़े के थैले बांट लोगों को समझाया।

**अलवर, (निसं)।** अलवर के सर्जन डॉ. विजयपाल लोगों को थैले बांटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। रविवार को लोगों को कपड़े के थैले बांटते हुए डॉ. विजयपाल ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक प्रकृति को खत्म करती है इसके काफी दुष्परिणाम हैं। हर व्यक्ति को बाजार में जाते समय कपड़े का थैला रखने की आदत डालनी होगी तभी बदलाव हो सकेगा।

डॉ. विजयपाल ने बताया कि वे 1 जुलाई से ही थैले बांट रहे हैं। इसी दिन से सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन किया। 1 जुलाई को डॉ. विजयपाल ने सब्जीमंडी में कपड़े के 100 थैले आमजन को बांटे थे। पॉलीथिन में सामान न खरीदने की सलाह भी दी थी। डॉ विजयपाल ने कहा कि वे पौधारोपण कर पौधे के पेड़ बनने तक की जिम्मेदारी लेते हैं। डॉ. विजयपाल के बाद अब नेक कमाई समूह के जरिए मानस ग्रुप भी आगे आया है। उन्होंने भी रविवार को कंपनी बाग में आमजन को कपडे के थैले बंटवाए हैं।


# एसडीएम कोर्ट के फैसले को बदल एडीजे कोर्ट ने बेटे को पिता का सौंपा

**चिड़ावा/सूरजगढ़, (निसं)।** चिड़ावा में एसडीएम कोर्ट के फैसले ने बेटे के पिता से अलग कर दिया था बाद में पिता सदमें में बेहोश हो गया था। आज उस पिता की झुंझुनूं के एडीजे कोर्ट में जीत हुई। दरअसल, एक बेटे को उसकी इच्छा के विरुद्ध चिड़ावा एसडीएम कोर्ट के मां के साथ भेजने के फैसले के विरुद्ध दुखी पिता ने अपने बेटे को पाने के लिए एडीजे कोर्ट में अपील की थी।

सुनवाई के लिए पिता प्रीत अपने वकील के साथ पहुंचा। यहां पर एडीजे ने वकीलों और प्रीत की सुनी। प्रीत ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए पूरी आपबीती कोर्ट को बताई और सारी बात सुनने के बाद एडीजे ने मामले में प्रीत के पक्ष में फैसला सुनाते हुए एसडीएम कोर्ट और प्रीत की पत्नी सुमन को आदेश भेजकर प्रीत को उसके पुत्र जतिन को तुरंत प्रभाव से सौंपने और इसकी पालना रिपोर्ट कोर्ट में 4 जुलाई तक पेश करने के निर्देश दिए हैं।

**■ बेटे ने पिता तो चूमा और बोला 'आई लव यू पापा'**

फैसला आने के बाद पिता फिर भावुक नजर आया। इसके बाद सूरजगढ़ थाने में बेटे को लेकर मां थाने आई। यहां पर पिता को देखते ही बेटा जातिन भावुक हो उठा। पिता के पास जाकर बैठ गया। पिता ने बेटे को सांत्वना दी। फिर जैसे ही पिता ने गोद में लिया तो बेटे ने पिता को चूम लिया और कहा कि आई लव यू पापा, मैं आपके बगैर नहीं रह सकता। ये दृश्य देखकर हर किसी की आंख नम हो उठी। सभी बाप- बेटे के इस प्रेम को देख भाव विभोर हो उठे। इसके बाद प्रीत बच्चे को लेकर अपने गांव रवाना हो गया।



पापा के साथ खुश नजर आया बेटा।

# बीकानेर के पत्रकार योगेन्द्र पुरोहित के चित्र साऊथ कोरिया में कला प्रदर्शनी में प्रदर्शित होंगे

**बीकानेर, (कासं)।** जीओजे अंतराष्ट्रीय कला महोत्सव 2022 साउथ कोरिया, की वार्षिक कला प्रदर्शनी में चित्रकार योगेंद्र कुमार पुरोहित के चित्र भी प्रदर्शित होंगे ! रूस और यूक्रेन युद्ध की विभीषिका और तीसरे विश्व युद्ध की आशंकाओं की परिणीति को सांकेतिक रूप से चित्रकार योगेंद्र ने अपने चित्रों में प्रतीक रूप में चित्रित किया है जिसका शीर्षक दिया है युद्ध के परिणाम ( रिजल्ट ऑफ़ वॉर )! जीओजे अंतराष्ट्रीय कला महोत्सव साउथ कोरिया का आयोजन प्रतिवर्ष वहां के कला संग्रहालय हेजुंगांग थीम म्यूजियम द्वारा आयोजित किया जाता है ! जिसमे विश्व के सभी देशों के कलाकारों की कृतियों को आमंत्रित किया जाता है। जीओजे अंतर्राष्ट्रीय कला महोत्सव ऑनलाइन नहीं बल्कि ऑफलाइन आयोजित होता है ! आमंत्रित सभी कलाकारों की कृतियों को 12 सदस्यों की निर्णायक टीम द्वारा चयन प्रक्रिया से होते हुए चिन्हित किया जाता है ।

बीकानेर के चित्रकार योगेंद्र कुमार पुरोहित की कलाकृतियों को भी प्रदर्शन के लिए रखा जाएगा जो की कागज पर पेंसिल ड्राइंग स्वरुप में है। योगेंद्र ने इन ड्राइंगस में युद्ध के परिणामों को आत्महत्या करने जैसा कृत्य दर्शाया है । तो एक चित्र में युद्ध के बाद खाली हाथ दर्शाये है । तीसरे चित्र में विश्व युद्ध की आशंका की चिंता को उकेरा है इस चित्र में योगेंद्र ने एक बादल को तीसरे विश्व युद्ध का प्रतीक बनाया है और उसके ठीक निचे सफ़ेद झंडे पर रेस्ट इन पीस/ आर आई पी लिखा है। योगेंद्र कुमार पुरोहित के लिए बड़े उत्साह की बात है की जीओजे अंतराष्ट्रीय कला महोत्सव साउथ कोरिया,की निर्णायक टीम ने योगेंद्र के चित्रों को प्रदर्शन के लिए चुना है।

जीओजे अंतराष्ट्रीय कला महोत्सव साउथ कोरिया 2022 की निर्णायक टीम में भारत देश के भी तीन निर्णायक शामिल रहे। जिनमे कलाकार अर्चना रानी , कलाकार कौशल चौधरी और कलाकार स्वाति घोश है। भारत के अलावा कोलम्बिया ,नॉर्वे,स्पेन ,जर्मनी,ईरान ,इंडोनेशिया ,बोसनी एंड हर्ज़ेगोविना देश के कलाकर भी निर्णायक टीम में शामिल रहे। योगेंद्र ने उन सभी निर्णायकों को साधुवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि उन सब ने मुझ कलाकार के शांति सन्देश को कला के जरिये समझा और उसे सब तक पहुंचाने हेतु जीओजे अंतराष्ट्रीय कला महोत्सव साउथ कोरिया 2022 में प्रदर्शती करने का निर्णय लिया।

# डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर वृक्षकुंज मदार, अजमेर में 500 पेड़ लगाए

## विधायक भदेल के नेत्रत्व में लगाए पेड़ों पर पट्टिका लगा जिम्मेदारी दी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर दक्षिण विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता अनिता भदेल के नेतृत्व में रविवार को वन देवी वृक्षकुंज मदार, अजमेर में 500 पेडों का पौधारोपण किया गया।

विधायक भदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ.श्यामप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पखवाडा में सघन वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत् अजमेर दक्षिण विधानसभा में 2000 हजार पौधों का पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया, जिसके तहत वनदेवी वृक्षकुंज, मदार में 500 वृक्ष लगाये गये। वृक्षारोपण में नीम, पीपल, कुरंज, अर्जुन व करंज आदि के पेड़ लगाये गये हैं।

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के नाम से पांच पौधे लगाये गये। वृक्षारोपण के दौरान पेड़ लगाने वाले व्यक्ति के नाम की लौहे की नाम पट्टीका लगाई गई एवं इसके देखरेख की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति को सौपी गई। विधायक भदेल ने अरुण शर्मा व आदर्श मण्डल कोषाध्यक्ष दिलावर चौहान एवं मनीष भडाना द्वारा लौहे की तख्ती बनवाने में दिये गये सहयोग के लिए आभार ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला पदाधिकारी, आदर्श मण्डल अध्यक्ष अरुण शर्मा, झलकारी बाई मण्डल अध्यक्ष हेमन्त सांखला, आर्य मण्डल अध्यक्ष मोहन लालवानी, मण्डल महामंत्री रविन्द्र सिंह जादोन, सुरेन्द्र वर्णवाल, हितेश ढाबरिया, भवानी सिंह जेदिया, काजल जेठवानी, गोविन्दराज, संतोष मोर्य, सोनू माखीजानी, सुन्दर जी टांक, व भाजपा मण्डल कार्यकारणी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रभारी, पार्षद, जिला वन अधिकारी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



वन देवी वृक्षकुंज मदार, अजमेर में पहाड़ की तलहटी पर 500 पौधों का रोपण किया गया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### सोमवार 4 जुलाई, 2022

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, मघा नक्षत्र प्रातः 8:44 तक, सिद्धि योग दिन 12:21 तक, बव करण प्रातः 5:50 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–मेष, बुध–मिथुन, गुरू–मीन, शुक्र–वृष, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

कुमारयोग सूर्योदय से प्रातः 8:44 तक है। रवियोग प्रातः 8:44 से आरम्भ होगा। आज स्कन्ध पंचमी, द्वारकाधीश महोत्सव कांकरोली (राज) है और स्वामी विवेकानन्द पुण्य दिवस है। आज हेरा पंचमी और साई टेऊँराम जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:24 तक। शुभ 9:06 से 10:49 तक, चर 2:13 से 3:56 तक, लाभ–अमृत 3:56 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:21

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटका धन प्राप्त होगा।

**वृष**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यक्तिगत परेशानियों स्त्रे राहत मिलेगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में अतिथियों का आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**धनु**
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**मीन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। परिवार में चल रही स्वास्थ्य संबंधित परेशानी दूर होने लगेगी। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत की साख बढ़ी : डॉ. पूनिया

**हैदराबाद/ जयपुर।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक हैदराबाद में राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने भारत की विदेश नीति, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

■ **हैदराबाद में हुई भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने विचार रखे**

कार्यक्रम को लेकर विचार रखे।

डॉ. पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में मजबूत एवं दूरदर्शी विदेश नीति के कारण भारत की साख बढ़ी और भारतवंशियों में आत्मविश्वास बढ़ा है। मोदी सरकार के सुशासन में राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने वाले महान व्यक्तित्वों को पदम पुरस्कारों से सम्मानित कर पदम पुरस्कार जन पुरस्कार बने। मोदी ने मन की बात के जरिए भारत को भावनात्मक रूप से नवाचारों के साथ जोड़ा है, जो निरंतर अनूठे प्रयासों के साथ जारी है। राज्यों में विपक्ष की सरकारों ने केंद्र प्रवर्तित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति पूर्वाग्रह रखकर प्रदेशों की जनता को योजनाओं के लाभ से वंचित रखा है। आयुष्मान, पीएम आवास, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला, जनधन, जल जीवन मिशन इत्यादि जन कल्याणकारी योजनाओं से सीधा लाभ गांव गरीब तक पहुंच रहा है, जिससे गांव का व्यक्ति स्वाभिमान के साथ आत्मनिर्भर बन रहा है। मोदी सरकार के शासन में संविधान, तिरंगा और महापुरुषों का और अधिक सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के महान व्यक्तित्व को जन जन तक पहुँचाने के लिये पंचतीर्थ विकसित करने के साथ ही भीम ऐप के जरिए भारत के आमजन को डिजिटल क्रांति से जोड़ना यह दर्शाता है कि नरेंद्र मोदी देश के हर गांव और गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।



**हैदराबाद में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की आत्मीय मुलाकात हुई। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ भी भेंट हुई।**

## जयपुर में 5 दिन बाद खत्म हुई नेटबंदी

**जयपुर।** उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल साहू हत्याकांड के बाद राजस्थान में अब तक की सबसे बड़ी नेटबंदी जयपुर समेत अधिकांश जिलों में समाप्त हो गई है।

राजस्थान में यह पहली बार हुआ कि पूरे प्रदेश में 5 दिनों तक एक साथ इंटरनेट बंद रहा। इसके कारण पूरे प्रदेश में तमाम करोबार प्रभावित हुए और पर्यटन व ऑनलाइन बिजनेस सेक्टर को सबसे ज्यादा नुकसान झेलना पड़ा। टेलीकॉम कंपनियों से मिली जानकारी के मुताबिक नेटबंदी के कारण प्रदेश में मोबाइल वॉइसकॉल की अवधि 26 प्रतिशत और एसएमएस 5 गुना तक बढ़ गए। पहले हर दिन प्रदेश में 1640 करोड़ मिनट वॉइस कॉल होती थी, जो नेटबंदी में 2215 कोड़ मिनट हो गई है।

## आईआरएस प्रतीति गोयल सम्मानित



**जयपुर।** सीजीएसटी मुंबई पश्चिम की डिप्टी कमिश्नर प्रतीति गोयल को उत्कृष्ट कार्यों के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं केंद्रीय राजस्व सचिव तरुण बजाज ने विज्ञान भवन नई दिल्ली में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव पवन कुमार गोयल की पुत्री प्रतीति गोयल यह सम्मान प्राप्त करने वाली मुंबई सीजीएसटी की एकमात्र अधिकारी है।

## प्रधान मंत्री मोदी ने वसुन्धरा राजे से पूछा, ''अब कैसी है बहू निहारिका''

**हैदराबाद/जयपुर।** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे से उनकी पुत्रवधू निहारिका राजे के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने राजे से मिलते ही पूछा 'वसुन्धराजी अब कैसे है निहारिका? अब तो स्वस्थ है ना'।

उन्होंने राजे की पुत्रवधू के इलाज के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली और इलाज के प्रति पूरी सावधानी बरतने की सलाह दी। मोदी ने कहा कि मेरी शुभकामनाएँ उनके साथ है। आप चिंता न करें उन्हें ईश्वर दीर्घायु बनाए रखेगा। इस सम्बंध में मेरे सहयोग की जहाँ आवश्यकता हो ज़रूर बताएं।

राजे ने पीएम द्वारा उनकी पुत्रवधू को लेकर जताई गई चिंता के लिए उनका आभार व्यक्त किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि निहारिका राजे लम्बे समय से गम्भीर बीमारी से ग्रस्त थी, जो अब स्वस्थ हैं, लेकिन उनका अभी भी दिल्ली में उपचार चल रहा है। राजे की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी वार्ता हुई।

## राज्यपाल ने परशुराम मूर्ति स्थापना में दिया 1 लाख रुपये का योगदान

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने विप्र फाउन्डेशन की ओर से अरुणाचल प्रदेश में आदि तीर्थ परशुराम कुंड पर भगवान श्री परशुराम जी की 51 फिट की मूर्ति स्थापना में अपने स्वयं के खाते से एक लाख रुपए की राशि का अतुलनीय योगदान प्रदान किया हैं। साथ ही उन्होंने परशुराम तीर्थोन्नय महाभियान के ब्रोशर का भी विमोचन किया तथा परशुराम कुंड क्षेत्र के विकास की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन की ओर से मूर्ति स्थापना समिति के मुख्य संयोजक एवं मावली विधायक धर्मनारायण जोशी, राष्ट्रीय सचिव विनोद अमन, जोन-1 के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र हर्ष, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष पवन शर्मा ''नटराज'' विजय प्रकाश विप्लवी प्रमुख रूप से मौजूद थे।






# शिक्षा ही सही मायनों में आदमी को इंसान बनाती है : न्यायमूर्ति बनवारी लाल शर्मा

**जयपुर**, (का.सं.)। ''शिक्षा का दान सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इसकी उम्र दाता व पात्र दोनों से ज्यादा होती है। यह कभी खत्म नहीं होती और खर्च करने से बढ़ती है।'' ये विचार आज समर्पण संस्था द्वारा प्रताप नगर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में आयोजित शिक्षादान महोत्सव में अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति बनवारी लाल शर्मा ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि ''शिक्षा एक परिधान है जो प्रभाव और प्रतिष्ठा देता है। यह शून्य स्पर्श है जो ऊर्जा और आवेग देता है। यह एक संस्कार है जो आवर्त को अनावर्त करता है। परोक्ष को प्रत्यक्ष और कल्पना को हक़ीक़त में बदल देता है। शिक्षा ही सही मायनों में आदमी को इंसान बनाती है।

इससे पूर्व शिक्षा दान महोत्सव की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई तत्पश्चात् सभी ने समर्पण प्रार्थना का उच्चारण रामअवतार नागरवाल के साथ किया। महोत्सव में संस्था द्वारा चयनित कुल 125 जरूरतमंद निर्धन विद्यार्थियों को फ़ीस के चैक, किताबें, नोटबुक्स

■ **शिक्षा दान महोत्सव में 125 विद्यार्थियों को मदद की**

यूनिफॉर्म, स्टेशनरी आदि भेंट की गई। तथा सभी विद्यार्थियों को 'समर्पण आदर्श विद्यार्थी' का कार्ड दिया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करने वाले संस्था द्वारा नियुक्त कुल 75 शैक्षिक राजदूतों (एज्युकेशनल एम्बेसेडर) को भी सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संस्था की पंचम स्मारिका ''लोकोपकार'' का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। स्मारिका में संस्था गतिविधियों की विस्तृत जानकारी के साथ राजस्थान सरकार व भारत सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं को भी प्रकाशित किया गया है। मुख्य सलाहकार व पूर्व जिला न्यायाधीश उदय चन्द बारूपाल ने स्मारिका पर विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता बीरी सिंह सिनसिनवार व शिक्षाविद दीपक महान ने भी अपने विचार व्यक्त किये। महोत्सव में विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आईपीएस मदन गोपाल मेघवाल, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता बी.एल. भाटी, रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत तथा निदेशक नरेन्द्र सिंह रावत, संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, लेखक डॉ. तिलक तंवर, अन्तराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, आरजे आरती मल्होत्रा व डॉ. ललित मेहरा भी उपस्थित रहे।




# जालोर में तीन फर्जी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया

## पीटीईटी व प्री बीए/बीएड परीक्षा देते वक्त हुई गिरफ्तारी

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के आहोर पुलिस ने रविवार को पी.टी.ई.टी एवं प्री बी.ए.बी.एड परीक्षा में तीन फर्जी परीक्षार्थीयों को दूसरे की जगह परीक्षा देते हुए गिरफ्तार किया।

जालोर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल के निर्देशुनार जालोर एएसपी डॉ. अनुकृति उज्जैनिया व आहोर थानाधिकारी निरंजन प्रतापसिंह थानाधिकारी आहोर के नेतृत्व में थाना हाजा पर महेन्द्रसिंह केन्द्राधीक्षक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भैसवाडा की रिपोर्ट पर एवं प्री.बी.ए.बी.एड. /बी.एस.सी.बी.एड. परीक्षा 2022 परीक्षा केन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भैसवाड़ा में दो फर्जी परीक्षार्थी बाला पुत्री बाबूलाल विश्नोई निवासी सरनाऊ परीक्षार्थी सांवरी पुत्री रघुनाथाराम निवासी सरनाऊ के स्थान पर फर्जी तरीके से परीक्षा में सम्मिलित हुई तथा बाला पुत्री नरसीराम विश्नोई सरनाऊ अपनी रिश्तेदार रोशनी कुमारी पुत्री रुघनाथाराम निवासी सरनाऊ के स्थान पर परीक्षा में शामिल हुई। दोनों फर्जी परीक्षार्थी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर परीक्षा में फर्जी रुप से सम्मिलित हुई है।


जालोर जिले की आहोर पुलिस ने कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी रूप से परीक्षा देने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में श्यामसुन्दर केन्द्राधीक्षक संस्कार विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आहोर की रिपोर्ट पर संस्कार विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आहोर में एक परीक्षार्थी प्रहलादाराम पुत्र लाखाराम जाति चौधरी निवासी टीटोप की जगह फर्जी परीक्षार्थी पन्नाराम पुत्र केसाजी जाति चौधरी निवासी सुरवा ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर परीक्षा में बैठा जिसके खिलाफ कार्रवाई जारी है।

# सीएमएचओ और डिप्टी सीएमएचओ अयोग्य करार, छोड़नी पड़ सकती है कुर्सी

## सीएमएचओ बी.एल. मीणा के खिलाफ कोरोनाकाल में मास्क की खरीद मामले में जांच चल रही है

**बीकानेर,** (कासं)। हैल्थ डिपार्टमेंट की छंटनी में बीकानेर के सीएमएचओ का नाम आने के बाद एक बार फिर सीएमएचओ की कुर्सी को लेकर रस्साकसी शुरू हो गई है। विभाग ने डॉ. बीएल मीणा को इस पद के अयोग्य माना है। शनिवार को जारी विभाग के आदेश के बाद यहां कार्यरत अन्य डॉक्टरों ने लॉबिंग शुरू कर दी है। दरअसल हैल्थ डिपार्टमेंट ने पूर्व में जारी अधिकारियों की सूची को संशोधित कर नई सूची तैयार की है। इसमें विभाग ने छह अधिकारियों को अयोग्य तथा बारह अधिकारियों को योग्य माना है।

हैल्थ अधिकारियों को अयोग्य माने जाने के पीछे उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई का लंबित होना और ग्रेड पे की शर्तो को पूरा नहीं होना माना है। अयोग्य अधिकारियों की सूची में बीकानेर सीएमएचओ डॉ. बीएल मीणा, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. योगेंद्र तनेजा का भी नाम है। दोनों का ग्रेड पे 7600 नहीं है। इसके अलावा डॉ. मीणा के खिलाफ 16 सीसीए की चार्जशीट पेंडिंग है। कोरोनाकाल में मास्क की खरीद में अनियमितताओं को लेकर उनके खिलाफ जांच चल रही है।

अगस्त 2021 में डॉ. बीएल मीणा को पुनः सीएमएचओ लगाने के आदेश राज्य सरकार ने जारी किए। इसके बाद डॉ. कश्यप ने ट्रिब्यूनल में अपील दायर करते हुए कोर्ट से अपने स्थानांतरण को लेकर स्टे ले लिया। अप्रैल 2021 में राज्य सरकार से हुई सहमति के बाद डॉ. कश्यप ईएसआई हॉस्पिटल में संपर्क अधिकारी और डॉ. बीएल मीणा वर्तमान में सीएमएचओ के पद पर पदस्थापित है। सरकार के नए नियम लागू हुए तो उन्हें कुर्सी छोड़नी पड़ सकती है। बीकानेर सीएमएचओ डॉ. बीएल मीणा, बीकानेर के डिप्टी सीएमएचओ योगेंद्र तनेजा, हनुमानगढ़ के एसएमओ अनिल गोयल, सीकर के डिप्टी सीएमएचओ चंद्रपाल, करौली के सीएमएचओ दिनेश चंद और हनुमानगढ़ सीएमएचओ नवनीत शर्मा को अयोग्य माना है।

डॉ. बीएल मीणा, सीएमएचओ का कहना है कि राज्य सरकार के नियमों की पालना की जाएगी। वैसे ग्रेप पे सरकार लगाती है।

## उदयपुर में नेटबंदी सोमवार दोपहर 12 बजे तक रहेगी

**उदयपुर,** (कासं)। संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट ने एक आदेश जारी कर उदयपुर जिले में हुई अपराध की घटना के दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए संभाग के उदयपुर जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में नैट अवधि बढ़ा दी है। राजसमंद जिले के भीम-देवगढ़ कस्बे में नेटबंदी की अवधि रविवार से अलग-अलग अवधि के लिए बढ़ाई है।

इस आदेश के तहत संभागीय आयुक्त भट्ट ने रविवार को तत्काल प्रभाव से उदयपुर जिले में सोमवार को दोपहर 12 बजे तक तथा राजसमंद जिले के भीम-देवगढ़ क्षेत्र में आगामी 24 घंटे तक इंटरनेट सेवा लीज लाइन-ब्रॉडबैंड सेवाओं व लैंडलाइन फोन के साथ इंटरनेट सेवा को छोड़ने को निलंबित किया है।

## बीकानेर में मानसून मेहरबान

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में रविवार को मानसून ऐसा मेहरबान हुआ कि बारिश के बाद आस-पास के एरिया में बाढ़ जैसे हालात हो गए। पूरा शहर पानी से लबालब हो गया। सूरसागर की सीढ़ियों पर जहां झरने दिखाई दिए। वहीं पुरानी गिन्नाणी में बाढ़ जैसे हालात नजर आये। एक बार फिर ऐतिहासिक जूनागढ़ की दीवार को तोड़कर गढ़ की खाई में पानी पहुंच गया।

# रेला माइनिंग जोन में चट्टान दरकने से दो लोगों की दर्दनाक मौत


रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई।

**पाटन,** (निसं)। पाटन थाना अंतर्गत रेला माइनिंग जोन में शनिवार देर रात चट्टान दरक जाने से बड़ा हादसा घट गया जिसमें 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी सहित पुलिस मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी किया। रात को एक मजदूर का शव बाहर निकाल लिया गया जबकि एक का शव चट्टान के मलबे में दबा रहा जिसको रविवार को निकाला गया। दोनों शवों को राजकीय रैफरल चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया तथा परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

■ रेस्क्यू कर दो शवों को बाहर निकाला

मृतकों में एक की शिनाख्त सुभाष गुर्जर निवासी दलपतपुरा के रूप में हुई तथा दूसरा मृतक कामा भरतपुर का रहने वाला था जो खदान में ऑपरेटर का काम करता था। बताया जाता है कि सुभाष गुर्जर ने अपने संसाधन खदान में लगा रखे थे तथा उसके संसाधन खदान में ही खड़े हुए थे। वह कैंपर गाडी मैं सो रहा था तथा दूसरा व्यक्ति रवि मेघवाल कामा भरतपुर का रहने वाला था जो ऑपरेटर बताया जा रहा है वह भी पास ही में ही सो रहा था। अचानक पहाड की चट्टान दरक गई जिस कारण दोनों व्यक्ति पत्थर एवं मलबे में दब दब गए और मौत हो गई। सूचना मिलते ही रेला गांव एवं आस-पास के लोग खदान में एकत्रित हो गए तथा इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी। लोगों ने बताया कि शनिवार शाम को बारिश आ जाने से बारिश का पानी चट्टान में भर जाने से यह हादसा घटा है। मौके पर उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता, पाटन तहसीलदार मुनेश सर्वा, सहायक खनिज अभियंता अमीचंद दुलारिया, सहायक खनिज अभियंता विजिलेंस प्रमोद बलवदा, माइनिंग फोरमैन केतन मीणा, पाटन थाना अधिकारी बृजेश सिंह तंवर आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा ने की गहलोत की टिप्पणी की निंदा

**उदयपुर,** (कासं)। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दी गई टिप्पणी पर भाजपा उदयपुर शहर जिला के पदाधिकारियों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए आक्रोश जताया है।

भाजपा उदयपुर शहर जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली, जिला महामंत्री किरण जैन, गजपाल सिंह राठौड, मनोज मेघवाल, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर आदि ने मुख्यमंत्री गहलोत के बयान पर आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि उनका बयान उनके विगत तीन वर्षों के विफल कार्यकाल ,संगठन में स्वयं की ढीली होती पकड़, आपसी खींचतान से उपजी कुंठा का परिणाम है। आज राजस्थान पिछडेपन, बीमारू और अपराधों की श्रेणी में नंबर वन राज्य बन गया है तो इसमें मुख्यमंत्री का नाकारापन है।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी जोगी का नगला व बगड़ राजपूत क्षेत्र में हो रहा अवैध बजरी खनन

**अलवर,** (निसं)। अलवर थाना उद्योग नगर क्षेत्र के गांव केसरोली किला से 1 किलोमीटर दूरी पर जोगी का नगला व बगड राजपूत क्षेत्र में अवैध बजरी खनन जोरों पर है। अवैध बजरी खनन माफियाओं से परेशान किसानों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर शिकायत की फिर भी अवैध बजरी माफिया बेखौफ थाना एम आई ए औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस की नाक के नीचे अवैध बजरी परिवहन कर जमीन को खोखली कर रहे हैं।

अवैध बजरी खनन से परेशान किसानों ने पुलिस कंट्रोल रूम जयपुर व पुलिस कंट्रोल रूम अलवर को माफिया की शिकायत। किसानों ने बताया कि एम आई ए थाना उद्योग नगर क्षेत्र के गांव केसरोली किला से 1 किलोमीटर दूरी पर जोगी नगला के आस- पास व बगड राजपूत क्षेत्र में अवैध बजरी खनन जोरों पर है। किसानों ने बताया कि उपजाऊ जमीन के आस-पास लगभग 20- 30 फीट गहरे गड्ढे कर दिए हैं। माफिया ने विरोध कर रहे किसानों को धमकाया तुम चाहे कहीं भी शिकायत कर लो हमारा कोई कुछ नहीं बिगड सकता है क्योंकि हमारी हर महीना की पुलिस थानों में मंथली फिक्स है।


अलवर थाना उद्योग नगर क्षेत्र में अवैध बजरी खनन करते लोग।

# टायर फटने से ट्रोले में घुसा कंटेनर, तीन लोगों की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा थाना अन्तर्गत एनएच 48 पर शिशोद गांव के पास शनिवार रात एक ट्रॉले का टायर फटने से पीछे चल रहा कंटेनर ट्रोले में जा घुसा जिससे कंटेनर ड्राइवर समेत 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में से एक की पहचान हुई है। तीनों शव डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गये हैं।

■ तीनों शव डूंगरपुर सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गये

पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार रात एनएच- 48 पर एक ट्रोला उदयपुर की ओर से अहमदाबाद की तरफ जा रहा था। उसके पीछे एक कंटेनर चल रहा था। इस दौरान शिशोद गांव के पास अचानक आगे चल रहे ट्रॉले का टायर फट गया व पीछे से आ रहा कंटेनर ट्रॉले के पीछे जा घुसा। घटना के बाद मौके पर गाडियों की कतार लग गई वहीं, लोगों की भीड जमा हो गईं। लोगों की सूचना पर पहुंची बिछीवाडा थाना पुलिस ने लोगों की मदद से कंटेनर में फंसे घायल और मृतकों के शवों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने एक घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस से डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रवाना किया। अस्पताल ले जाते समय घायल व्यक्ति की भी मौत हो गई।

पुलिस ने तीनों मृतकों में से एक व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के हरदोई निवासी अजयपाल के रूप में हुई है। वहीं, दो की पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने अजयपाल के परिजनों को घटना की जानकारी दी है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू से तीन जासूस गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। सीआईडी इंटेलिजेंस ने श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ , हनुमानगढ़ के डबली राठान मौलवी और चूरू के रतनगढ़ से तीन जासूसों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों जासूस सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में आए और कई खुफिया जानकारियां उनसे सांझा करनी शुरू कर दीं। इनमें बॉर्डर एरिया के फोटोग्राफ, एक्टिविटीज सहित कई चीजें शामिल हैं। बॉर्डर इंटेलिजेंस ने पिछले दिनों चलाए ऑपरेशन सरहद में जब कुछ संदिग्ध लोगों को राडार पर लिया तो उनमें से 23 की एक्टिविटीज में कुछ संदेह नजर आया। कुछ और खंगाला तो कई नई जानकारियां मिलती चली गईं। इसी आधार पर बॉर्डर इंटेलिजेंस ने तीन युवकों को श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू से गिरफ्तार किया।

■ भारतीय बॉर्डर एरिया की एक्टिविटीज भेज रहे थे सरहद पार, इंटेलिजेंस के निशाने पर आए तो पकड़ा

पकड़े गए आरोपियों में से एक हनुमानगढ़ जिले के डबलीराठान मौलवी के वार्ड 19 का रहने वाला अब्दुल सत्तार पुत्र उम्मेद खान कई बार पाकिस्तान जा चुका है। वहां उसका ननिहाल है। वह पहली बार वर्ष 2010 में पाकिस्तान गया। वहां पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के संपर्क में आया और धीरे-धीरे उसने वहां जानकारियां भेजनी शुरू कर दीं। इसके बाद वह कई बार पाकिस्तान जा चुका है। उसने बॉर्डर एरिया के फोटो पाकिस्तान भेजने की बात स्वीकार की।

आरोपी सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारियां पाकिस्तानी हैंडलर्स को दे रहे थे। इनमें से दो ने पूछताछ में माना कि उन्होंने इसके बदले में रुपए भी लिए हैं। एक आरोपी का पाकिस्तान में ननिहाल है। वह कई बार वहां जा चुका है और इसी दौरान पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में आया। भारत आकर उसने बॉर्डर एरिया की जानकारियां जुटाई और पाकिस्तान भेज दी। एक अन्य आरोपी को हनीट्रैप में फंसाकर उससे से खुफिया जानकारियां ली गई। युवती ने उसे खुद को मिलिट्री इंटेलिजेंस सर्विसेज की कर्मचारी गुरुनूर बताया। पकड़ा गया दूसरा आरोपी नितिन यादव श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में वार्ड 38 में गणेश मंदिर ढ ाब के पास रहता है। वह सूरतगढ़ में छावनी इलाके में फल सब्जी की सप्लाई करता है। इसी दौरान पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से जुड़ी महिला एजेंट के संपर्क में आ गया। हनी ट्रैप में फंसकर उसने खुफिया जानकारियां पाकिस्तान की एजेंसियों से सांझा की और इसके बदले में रुपए भी लिए।

आरोपी नितिन यादव के पिता भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। नितिन एक ठेकेदार के पास काम करता है। ठेकेदार का छावनी में सब्जी व फल सप्लाई का काम है। पिछले दिनों नितिन ने छावनी में एक वरिष्ठ अधिकारों को बातों ही बातों में सेना से जुड़ी एक जानकारी बताई। अधिकारी को शक हुआ कि यह सूचना उस तक कैसे पहुंची। इसके बाद उसे राडार पर ले लिया गया। तीसरा आरोपी रामसिंह बाड़मेर के बिजराड़ पुलिस थाना के उम्मेदपुरा का रहने वाला है और अभी चूरू जिले के रतनगढ़ में विकास ट्रेडर्स पर काम करता है। उसने माना कि उसने पाकिस्तानी एजेंटों से भारतीय सीमा क्षेत्र की जानकारियां फोटोग्राफ आदि सांझा की है।

# सरकार ने कई अस्पतालों को दी सौगात फिर भी गोविंदगढ़ रहा खाली हाथ

**गोविंदगढ़ / अलवर,** (निसं)। गोविंदगढ़ कस्बे के आस-पास के सीएचसी आज बहुत आगे निकल चुके हैं जिनमें विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं इसी क्रम में लक्ष्मणगढ़, रामगढ, नगर , सीकरी स्वास्थ केंद्र में पूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं वहीं आज गुलपाड़ा के समीप गढ़ी मेवात में पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत कर ट्रोमा सेंटर खोल कर कांग्रेस सरकार ने एक सौगात दी है वहीं गोविंदगढ़ कस्बा आज भी केवल 50 बेड के हॉस्पिटल की मांग किए जाने को लेकर प्रयासरत नजर आ रहा है। अलवर जिले में जिन सीएचसी में सर्वाधिक प्रसव होते हैं उनमें गोविंदगढ़ सीएचसी का नाम शुमार है लेकिन सरकार यहां पर उच्च क्वालिटी के उपकरण एवं सुविधाएं देने में सक्षम नजर नहीं आ रही है। हैरत की बात तो यह है कि प्रसूता वार्ड का भवन जर्जर हालत में है लेकिन महिला होकर विधायक एवं नगर पालिका चेयरमैन सहित जिला पार्षद को यह नजर नहीं आ रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने से बेड़ो की संख्या नाकाफी साबित हो रही है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 बेड प्रसूता वार्ड में कार्य में लिए जा रहे हैं वहीं जनरल वार्ड में केवल 10 बेड ही उपलब्ध हैं । प्रतिदिन लगभग 150 से 200 मरीज पहुंच रहे हैं जिनका उपचार यहां पर किया जा रहा है । बेड उपलब्ध नहीं होने पर मरीज कर्मचारियों से लड़ने झगड़ने को उतारू तक हो जाते हैं। मजबूरी के हालातों में कर्मचारियों को एक बेड पर दो से तीन मरीजों को लिटा कर उपचार देना पड़ रहा है।

# सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में आवेदन के लिए पहले दिन ही कतारें लगी

## तीन स्कूलों में हिंदी-इंग्लिश दोनों में पढाई होगी वहीं चार स्कूलों में सिर्फ इंग्लिश में ही पढ़ाई होगी

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार की ओर से पिछले महीने हिंदी से इंग्लिश मीडियम में कन्वर्ट किए गए शहरी क्षेत्र के सात स्कूलों में शिक्षा सत्र 2022-23 के लिए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में आवेदन के लिए पहले दिन ही कतारें लग गई। प्रत्येक स्कूल में औसतन 100 से 150 अभिभावक आवेदन करने पहुंचे। उधर, कई अभिभावक बच्चों की आगे की पढ़ाई को लेकर चिंतित भी दिखे। दरअसल राज्य सरकार ने बीकानेर के एमएम, एलबीडी, सर्वोदय बस्ती, मुक्ता प्रसाद, पवनपुरी दक्षिण विस्तार, सुजानदेसर और भट्टड़ स्कूल को इंग्लिश मीडियम में कन्वर्ट किया है।

एमएम, एलबीडी और सर्वोदय बस्ती स्कूल में तो हिंदी-इंग्लिश दोनों विंग चलाने की स्वीकृति जारी की गई लेकिन मुक्ता प्रसाद, पवनपुरी दक्षिण विस्तार, सुजानदेसर और राजकीय भट्टड़ स्कूल के 1100 बच्चों के सामने आगे की पढ़ाई का संकट खड़ा हो गया है। क्योंकि सरकार ने इन स्कूलों को केवल इंग्लिश मीडियम में ही कन्वर्ट किया है और यदि इन स्कूलों में पहले से पढ़ रहे बच्चों को हिंदी मीडियम में पढ़ना है तो उन्हें दूसरे स्कूल जाना होगा।

इंग्लिश स्कूलों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2022-23 के तहत राज्य के शहरी क्षेत्र में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की संख्या में बढ़ोतरी के लिए शिक्षा निदेशालय ने जिलेवार टारगेट तय कर अप्रैल माह में जिला शिक्षा अधिकारियों से प्रस्ताव मांगे थे। बीकानेर जिले के शहरी क्षेत्र में 49 हिंदी मीडियम स्कूलों को महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में रूपांतरित करने का टारगेट निर्धारित किया गया है। लेकिन फिलहाल 7 स्कूलों को ही हिंदी से इंग्लिश में कन्वर्ट किया गया है। मुरलीधर और सूरसागर दो स्कूल पहले से चल रहे हैं। दरअसल, शिक्षा विभाग को चाहिए कि हिंदी से इंग्लिश मीडियम में स्कूलों का कन्वर्ट करने का निर्णय एक साथ करे ताकि अभिभावकों को स्थानीय क्षेत्र में विद्यालय उपलब्ध हो सके।

■ प्रत्येक स्कूल में औसतन 100 से 150 अभिभावक आवेदन करने पहुंचे

सीपी शर्मा, प्रिंसिपल, राजकीय भट्ठड़ उमावि इंग्लिश मीडियम स्कूल में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले दिन करीब 105 फार्म वितरित किए गए। आवेदन 6 जुलाई तक लिए जाएंगे।

रवि आचार्य, अतिरिक्त महामंत्री, शिक्षक संघ राष्ट्रीय का कहना है कि सरकार एक तरफ मातृ भाषा मे शिक्षा देने की बात कह रही है। दूसरी तरफ हिन्दी माध्यम स्कूलों को बन्द किया जा रहा है। जिस पर पुनर्विचार होना चाहिए।

## आज कर्फ्यू में 12 घंटे की छूट रहेगी

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर शहर में रविवार को शांति की स्थिति देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से रविवार को शहरवासियों को राहत प्रदान की गई है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) प्रभा गौतम ने एक आदेश जारी कर सोमवार को कर्फ्यू में 12 घंटे की छूट प्रदान की है। इस आदेश के तहत सोमवार सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक कर्फ्यू में छूट रहेगी। एडीएम गौतम ने बताया कि शहर के धानमंडी, घंटाघर, हाथीपोल, अंबामाता, सूरजपोल, सविना, भूपालपुरा, गोवर्धन विलास, हिरणमगरी, प्रतापनगर एवं सुखेर पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू किए गए कर्फ्यू में 12 घंटे की छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि के बाद इन थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू यथावत जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि उदयपुर शहर के धानमण्डी थाना क्षेत्र में घटित हत्याकांड की घटना के कारण साम्प्रदायिक सद्भाव व कानून व्यवस्था प्रभावित होने को दृष्टिगत रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट ताराचंद मीणा ने शहर के विभिन्न पुलिस थाना क्षेत्रों में 28 जून को रात्रि 8 बजे से आगामी आदेश तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया था।

# हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार




मुखबिर की सूचना पर जुरहरा थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**जुरहरा,** (निसं) । स्थानीय थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जुरहरा थाना अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुन्हाना बस स्टैंड पर कहीं जाने की फिराक में खड़े हत्या के मामले में वांछित आरोपी हाकम पुत्र कल्लू जाति मेव निवासी ग्राम नौगावां थाना जुरहरा व तारिफ पुत्र मुद्दीन जाति मेव निवासी ग्राम नौगावां थाना जुरहरा को गिरफ्तार किया गया है। थाना अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# कन्हैया की मौत से हिन्दू समाज में रोष, सड़कों पर किया शक्ति प्रदर्शन





उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल साहू की गला रेतकर हत्या के विरोध में जयपुर के स्टेच्यू सर्किल पर हिन्दू समाज का आक्रोश साफ नजर आया। शहर के अलग-अलग हिस्सों से दुपहिया-चौपहिया वाहनों का रैला हूजूम के साथ स्टेच्यू सर्किल पर पहुंचा। केसरिया झंड़ा लेकर और साफा बांधकर पहुंचे युवाओं ने लाठी चलाकर शक्ति-प्रदर्शन भी किया। उधर दूसरी तरफ डीसीपी मृदुल कच्छावा पुलिसकर्मियों को साथ लेकर सड़क पर निगरानी करते नजर आये। खुद पुलिस कमिश्नर ने भी मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

## बीमाकर्मियों ने किया 6 जुलाई को धरना-हड़ताल का ऐलान

**जयपुर**। सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों में 18 ट्रेड यूनियनों और संघों के संयुक्त मोर्चा के सभी घटकों ने राष्ट्रीय संयोजक गिरीश खुराना की अध्यक्षता में हुई बैठक में चारों बीमा कंपनियों द न्यू इंडिया इंश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस, ओरिएंटल इंश्योरेंस और नेशनल इंश्योरेंस के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशकों के समक्ष 6 जुलाई को आधे दिन के धरने व भोजनावकाश में प्रदर्शन के साथ-साथ 11 जुलाई को एक दिवसीय हड़ताल पर भी जाने का निर्णय लिया।

ज्वाइंट फोरम आफ ट्रेड यूनियंस, सार्वजनिक साधारण बीमा उद्योग राजस्थान के संयोजक संजय बग्गा ने बताया कि संयुक्त मोर्चा के घटक 11 जुलाई को फिर से परिस्थितियों की समीक्षा करने और आगे के संघर्ष कार्यक्रम कर अनिश्चित हड़ताल पर निर्णय करने के लिए बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांठोस (एआईटीयूसी), अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए), एलआईसी कर्मचारी संघ, ट्रेड यूनियनों के विश्व संघ और कई जन संगठन अगस्त 2017 से लंबित वेतन संशोधन व अन्य जायज माँगो के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के सामान्य बीमा कर्मचारियों का समर्थन करने के लिए आगे आए हैं और प्रेस विज्ञप्ति जारी कर साधारण बीमा कर्मचारियों और अधिकारियों के चल रहे आंदोलन के साथ एकजुटता व्यक्त की है।

उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के कर्मचारी एवं अधिकारी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 3 वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं, जिनमें वर्ष 2017 से लंबित वेतन संशोधन का तत्काल समाधान, एनपीएस कर्मचारियों के लिए पीएफ के लिए कंपनी के योगदान में 14 फीसदी की वृद्धि, बिना किसी सीमा के 30 फीसदी की दर से पारिवारिक पेंशन में सुधार, 1995 योजना के तहत सभी के लिए पेंशन और पेंशन का अद्यतनीकरण, निजीकरण का विरोध और 2018 में तत्कालीन वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली द्वारा किए गए बजट प्रस्तावों के अनुरूप 3 कंपनियों के विलय की मांग शामिल है।

## 650 कैडेट्स ने की 0.22 राइफल से फायरिंग

**जयपुर** (कासं)। वन राज आर्म्ड स्क्वाड्रन एनसीसी जयपुर का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जगतपुरा में आयोजित किया जा रहा है। कैम्प के सातवें दिन कैडेट्स के लिए फायरिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यूनिट के चार महाविद्यालयों और 12 विद्यालयों के 650 कैडेट्स ने भाग लिया। कैम्प कमांडेंट कर्नल आर.गुप्ता ने बताया कि कैडेट्स को 0.22 राइफल से फायरिंग करवाई गई। फायरिंग का उद्देश्य कैडेट्स के मन से डर को भगाना, उन्हें साहसी और निर्भीक बनाना है। फायरिंग विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाठाता और मिलकर काम करना सिखाती है। कैम्प अधिकारियों ने बताया एनसीसी का उद्देश्य कैडेट्स में एकता और अनुशासन का विकास करना है। एनसीसी का उद्देश्य युवा नागरिकों के बीच अनुशासन, चरित्र, भाईचारे, साहसिक कार्य की भावना और निस्वार्थ सेवा की संकल्पना विकसित करना है। इतना ही नहीं, इसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व के गुणों को जगाना भी है, जो भी करियर चुनते हैं, वे राष्ट्र की सेवा करेंगे।

## 'कन्हैया के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग उठाई'

- **क्षत्रियों को बिना लाइसेंस तलवार रखने का इजाजत मिले : महिपाल सिंह**

**जयपुर** (कासं)। उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की बर्बर हत्या की घटना के बाद रविवार को विभिन्न हिंदू संगठन जयपुर में सड़कों पर उतरे। स्टेच्यू सर्किल पर हुए विरोध प्रदर्शन में विप्र सेना के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने आरोपी गौस मोहम्मद और रियाज को जल्द फांसी की सजा देने की मांग की। राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवारी भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हिंदू समाज के बंद को समर्थन कर स्टेच्यू सर्किल पहुंचे।

तिवारी ने कहा कि ऐसे कृत्य करने वालों को तुरंत सजा दी जाए। इधर राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के नेतृत्व में राजपूत करणी सेना ने मंच से क्षत्रिय को बिना लाइसेंस तलवार रखने की मांग रखी। मकराना ने कहा कि जिहादी मानसिकता को राजस्थान में नहीं पनपने देंगे। आरोपियों को पकड़वाने में सहायता करने वाले शक्ति सिंह और प्रहलाद सिंह को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित करने की मांग रखी। बताया जा रहा है कि इस विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए सर्व हिन्दू समाज के लोगों ने इस हत्या की भर्त्सना की। हाथों में तिरंगा, भगवान और जय श्रीराम लिखे झंडे हाथ में लिए लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाथों में जिहादी मानसिकता का अंत हो, स्लीपर सेल गिरफ्तार हो, पत्थरबाज तालिबान, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान जैसे नारे लिखे हाथों में तख्तियां लिए लोगों के चेहरे पर कन्हैयालाल की हत्या का रोष साफ झलक रहा था। लोगों ने दोषियों को फांसी पर लटकाने और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार से कारगर कदम उठाने की मांग की। तय कार्यक्रमानुसार लोगों द्वारा पांच बत्ती तक मौन रैली निकाली जानी थी, लेकिन पुलिस प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने की वजह से रैली को ऐनवक्त पर स्थगित करना पड़ा।

## अश्लील वीडियो बनाकर युवक से ब्लैकमेलिंग

**जयपुर** (कासं)। साइबर ठग युवती द्वारा वॉट्सऐप कॉल कर अश्लील वीडियो बनाकर एक युवक से ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। वॉट्सऐप पर अश्लील वीडियो भेजकर रुपयों की डिमांड की गई। सोशल साइड पर डालकर बदनाम करने की धमकी दी गई। आमेर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि साईवाड आमेर निवासी 32 साल के युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 23 जून को उसके फेसबुक मैसेज पर सोनिया कुमारी नाम की लड़की का मैसेज आया। मैसेज के जरिए उससे बातचीत होने लगी। चेटिंग के दौरान मोबाइल नंबर ले लिया। वॉट्सऐप पर दोनों के बीच अश्लील वीडियो कॉलिंग हुई। अश्लील वीडियो को रिकॉर्ड कर आरोपी सोनिया कुमारी ने उसके वॉट्सऐप पर वीडियो भेजा। वीडियो भेजकर ब्लैकमेल कर रुपयों की डिमांड की। रुपए नहीं देने पर सोशल साइड पर डालकर बदनाम करने की धमकी दी। लगातार धमकी भरे कॉल आने पर पीड़ित ने नंबर स्विच ऑफ कर दिया। अब पुलिस जांच में जुटी है।

## गैस गोदाम के नजदीक कैमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगी, 15 दमकलों ने 6 घंटे में काबू किया

- **आमेर रोड पर गुर्जर घाटी की घटना, पुलिस ने गैस गोदाम में रखे सिलेंडरों को दूर भेजा**
- **आग से कैमिकल के ड्रम फटने के कारण तीन मकानों में दरारें आई, लोगों में दहशत फैली**

**जयपुर**। आमेर रोड पर गुर्जर घाट में बनी केमिकल फैक्ट्री में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। पास ही गैस सिलेंडर गोदाम होने से लोगों में दहशत के साथ हडकंप मच गया। आग की सूचना पर ब्रह्मपुरी थाना पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के साथ ही गोदाम से गैस सिलेंडरों को बाहर निकालकर दूर ले जाया गया। 15 से ज्यादा दमकलों ने 4-5 फेरे लगाकर करीब 6 घंटे में आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से तीन घरों की दीवारों में दरार आई है

एएफओ देवेन्द्र मीना ने बताया कि गुर्जर घाटी के वार्ड नंबर-11 में केमिकल फैक्ट्री है। फैक्ट्री में पेंट बनाने और स्टोरेज का काम होता है। सुबह करीब 5:15 बजे अचानक केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। केमिकल के ड्रमों में विस्फोट की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर आ गए। पेंट और केमिकल के आग पकड़ने से देखते ही देखते कुछ ही देर में आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग को लगे देखकर लोगों में हंगामा मच गया। फैक्ट्री से करीब 10 मीटर दूरी पर ही गैस सिलेंडर का गोदाम होने से हडकंप के साथ दहशत फैल गई। आग की सूचना पर ब्रह्मपुरी थाना पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। एसीपी आमेर चंद्र सिंह रावत ने बताया कि फायर बिग्रेड की 15 दमकलें मौके पर पहुंची। दमकलों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। पास ही गैस सिलेंडर गोदाम को खोला गया। गोदाम में रखे करीब 2500 गैस सिलेंडरों को बाहर निकाल कर दूर भिजवाया गया। 15 दमकलों ने कई फेरे लगाकर करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से फैक्ट्री के पास मौजूद तीन मकानों में दरारें आ गई। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, गैस सिलेंडर गोदाम पर आग पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस आग लगने के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## चोरी के लैपटॉप और घड़ी खरीदने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मालवीय नगर थाना पुलिस ने चोरी के दो लैपटॉप और एप्पल कंपनी की घड़ी छह हजार रूपए में खरीदने वाले आरोपित गौरव मीणा (22) निवासी मदर टेरेसा नगर, जवाहर सर्किल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूर्व में चोर सोहन गुर्जर को गिरफतार किया था, जिसने पूछताछ में गौरव को माल बेचना बताया था। इस पर आरोपित गौरव को गिरफ्तार कर दो लैपटॉप, एक एप्पल कंपनी की घडी बरामद की गई है।

## कर्जदारों से परेशान युवक ने जहर खाया

**जयपुर** (कासं)। भांकरोटा थाना इलाके में कर्जदारों से तंग आकर एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया निजी कंपनी में जॉब करने वाले शैलेन्द्र सिंह (49) ने 1 जून की रात इलाके स्थित होटल रॉयल सेलिब्रेशन में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।

उसके पास मिले सुसाइड नोट में दिलीप राने सहित अन्य पर आपसी लेन देन का आरोप है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नाटक में दिखा देशभक्ति का जज्बा



**जयपुर** (कासं)। नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज प्रोग्रोसिव फॉरम की ओर से प्रदेश के वरिष्ठ रंगकर्मी सरताज नारायण माथुर द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक जज़्बा का सफल मंचन।

नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि सरताज माथुर द्वारा निर्देशित इस नाटक के जरीये देश प्रेम को दर्शाया गया है। इसलिये युवा पीढ़ी को देश के प्रति अपने दायित्वों देश सुरक्षा के प्रति आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कहानी में देश की सुरक्षा में तैनात वीर सैनिकों के जज़्बे की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

नाटक में नौजवान सुमेर अपने बडे भाई की शहादत उपरान्त भी सेना में भर्ती होता है। सेना के ऑपरेशन के दौरान उसकी भी मृत्यृ हो जाती है। उसकी सूचना जब गांव में मिलती है। जहां उसकी पत्नि के गर्भ में सुमेर का अंश है तब वो अपना निर्णय सुनाती है कि वो अपने होने वाले बच्चे को बडा होने पर सेना में भेजेगी। इसबात का सुमेर की मां जबरदस्त विरोध करती है लेकिन सुमेर का भाई किशन आग्रह करता है की वह भी सेना में ही जायेगा। इस जद्दोजहद के बीच सुमेर की पिता निर्णय लेते हैं कि उनका बेटा किशन देश सेवा के लिये फौज में जायेगा कहते है कि यदि हमारे युवा फौज में नही गये तो हमारा देश सुरक्षित कैसे रहेगा। जॉय शर्मा, शिखा सक्सैना, अनमोल त्यागी, कृति चतुर्वेदी, फैजान खान, नंन्दिनी सिंह, पुलकित जांगिड, कुमार साहिल टिंडवाणी, वीरसिंह दीपक सैनी, समीर आर्य, हर्षित डोई, विशाल गौतम, प्रदीप ख़त्री और शरीफ ने अपने सशक्त अभिनय से देश प्रेम का जज़्बा दर्शकों तक पहुंचा कर युवा पीढी को प्रेरित करता है।

## सार-समाचार

### शिविर में 150 यूनिट से अधिक रक्तदान



**जयपुर**। वैशाली नगर स्थित श्री स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर, जयपुर में प्रमुखस्वामी महाराज शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की सहायता से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर की शुरुआत मंदिर के स्थानीय संतों ने दीप प्रज्वलित करके की। इस रक्तदान शिविर में मंदिर के संतों, भक्तों एवं स्वयंसेवकों के अलावा अन्य जागरूक नागरिकों ने बढ-चढकर भाग लिया। इस शिविर में 150 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित हुआ। साथ ही इस शिविर में रक्तदान के विषय में फैली भ्रांतियों को दूर कर नियमित रूप से रक्तदान करने का आव्हान किया गया।

### सेवा-समर्पण से समाज को नई दिशा दें

**जयपुर**। तेरापंथ युवक परिषद् जयपुर की सत्र 2022-23 के लिए नवगठित टीम का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को अणुविभा केंद्र में शासन साध्वी धनश्रीजी और साध्वी मधुरेखा श्रीजी के सान्निध्य में हुआ। संस्कारक राजेन्द्र सेठिया ने मंत्रोच्चार का संगान करते हुए जैन संस्कार विधि से शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न करवाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेन्द्र नाहटा को निवर्तमान अध्यक्ष राजेश छाजेड़ ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नाहटा ने टीम में उपाध्यक्ष प्रथम विनय भंसाली, उपाध्यक्ष द्वितीय ललित बैंगानी, मंत्री अविनाश छाजेड़, सहमंत्री प्रथम प्रवीण जैन, सहमंत्री द्वितीय राजकुमार गोलछा, कोषाध्यक्ष रवि छाजेड़, संगठन मंत्री मोहित गधैया को मनोनीत करते हुये कार्यकारिणी एवं क्षेत्रीय सदस्यों को पद-गोपनीयता की शपथ दिलाई। साध्वी ने कहा कि युवक अपनी समझ, सेवा और समर्पण के द्वारा समाज के विकास में अपनी शक्ति का उपयोग कर स्वयं के साथ समाज एवम् राष्ट्र के विकास में सहायक बनने का प्रयास करें।

### 'ज्योतिषीय ज्ञान आमजन तक पहुंचाएंगे'

**जयपुर**। यज्ञ फाउंडेशन की ओर से रविवार को गोपालपुरा स्थित एक होटल में एस्ट्रोओम राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन से हुई। उन्होंने ज्योतिषीय ज्ञान को आमजन तक पहुंचाने का आव्हान किया। प्रबंधक निदेशक प्रणव पारीक ने बताया कि इस मौके पर एप की शुरुआत हुई। कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त सचिव पंकज ओझा,अतिरिक्त निदेशक जनसंपर्क गोविंद पारीक, पं. पुरुषोत्तम गौड़ एवं पं. प्रेम शंकर शर्मा ने विचार रखे। सम्मेलन में तीन तकनीकी सत्रों में देश के विख्यात 150 ज्योतिष- आचार्यों ने ज्योतिष के जरिए शोध पत्र प्रस्तुत किए। न्यूयॉर्क से आए केपी सिंह ने भी अपने विचार रखे। सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूरण कुमार शर्मा ने ज्योतिषियों को सम्मान पत्र एवं प्रमाण प्रशंसा पत्र दिए।

### गाड़ी भिड़ने पर बदमाशों ने किया हमला

**जयपुर**। जवाहर नगर इलाके में गाड़ी भिड़ने पर एक परिवार के लोगों पर हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार आनंद विहार, रामनगरिया निवासी मुदित शर्मा (36) 1 जुलाई को कार से दिल्ली से परिवार सहित जयपुर आया था। इलाके स्थित टीला नंबर 7 के पास अचानक पीछे से एक कार ने टक्कर मार दी। आरोप है वह अपने पिता के साथ कार देखने गया तो पीछे कार सवार 4-5 लड़के बाहर निकले और हॉकी से पिता के सिर पर वार कर दिया, जिससे खून बह निकला। इसके बाद पत्नी और मां बचाव के लिए आई तो लड़कों ने उनसे भी मारपीट की और मोबाइल छीनने का प्रयास किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### युवक से कॉल गर्ल के नाम पर रु.हड़पे

**जयपुर**। मानसरोवर इलाके में एक युवक से कॉल गर्ल के नाम पर रूपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया गांव सिरियासर खुर्द जिला झुंझुनू निवासी कृपाल सिंह 200 रोड फ़ीट के पास किराए से कमरा लेकर रहता है। उसने गूगल पर कॉल गर्ल उपलब्ध करवाने वाली वेबसाइट से नंबर लेकर दलाल से संपर्क किया। दलाल ने उसे तेजा फाऊंडेशन के सामने बुलाया, जहां वह एक कार में दो लड़किया और कुछ लड़कों के साथ आया। आरोप है लड़की दिखाने के नाम पर पीड़ित से 2500 रूपए लेकर कार में बिठा लिया और बाद में धमकाकर 4500 रूपए और पेटीएम करवा लिए। इसके बाद उसे कार से बाहर पटक कर चले गए। पुलिस जांच में जुटी है।

### हिस्ट्रीशीटर समेत दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। खोह-नागोरियान थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि आरोपित राजपाल उर्फ़ रामकेश उर्फ़ राजीव (32) निवासी गांव किशनपुरा, तुंगा और हेमराज सेन (23) निवासी कचराला, आमेर को गिरफ्तार किया है। आरोपित राजपाल तुंगा थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ दो दर्जन से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज है और कई बार जेल जा चुका है। मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को गोनेर रोड से गिरफ्तार कर चोरी की 4 बाइक जब्त की है।

### हवलदार शीशराम लाम्बा का स्वागत

**जयपुर** (कासं)। झुंझुनूं के नारौल तहसील के छोटे से गांव चिरालिया के शीशराम लाम्बा ने इंडियन आर्मी में लेह लद्दाक में हवलदार के पद पर 20 साल सेवाएं देने के बाद अपने गांव लौटे, इस दौरान उनका जयपुर के राजावास में हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। यहां पर उमड़े लोगों ने शीशराम को कर्तव्यनिष्ठा से देश सेवा करने के लिए बधाई दी और तारीफ भी की।

## पॉलिसी पर 15 लाख रुपये का लोन दिलवाने का झांसा देकर ठगने वाला बदमाश गिरफ्तार

### जयपुर पुलिस ने शातिर आरोपी को उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद से दबोचा

- **आरोपी के बैंक खाते में लाखों रुपये के फर्जी लेनदेन की जानकारी मिली**



**जयपुर** (कासं)। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पॉलिसी पर लोन दिलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले शातिर ठग को गाजियाबाद (उ.प्र.) से दबोचा है। आरोपी ने भोलेभाले लोगों से रकम अपने बैंक खातों में डलवाकर एटीएम विड्रॉल करके ठगी की थी।

एडिशनल कमिश्नर अजयपाल लांबा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अर्जुन त्यागी (42) पुत्र महेन्द्र त्यागी मोहिम्मदपुर बिजनौर नन्दग्राम गाजियाबाद उ.प्र का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में 31 जनवरी 2020 को एक व्यक्ति ने बजाज फाइनेंस कंपनी का अधिकारी बनकर मोबाइल से पीड़िता से सम्पर्क किया। बजाज फाइनेंस कंपनी द्वारा पॉलिसी पर 15 लाख रुपए का लोन बिना किसी ब्याज पर दिलवाने के नाम पर प्रोसेसिंग फीस, सिक्युरिटी राशि और अन्य विभिन्न टैक्स के नाम पर तीन लाख सैतीस हजार पांच सौ रुपए की ठगी कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख, थानाधिकारी सतीशचंद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने मुखबिर से जानकारी जुटाकर कांस्टेबल बहादुर सिंह से तकनीकी सहायता से आरोपी अर्जुन त्यागी को चिन्हित कर उसे गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से पुलिस रिमांड पर लिया हैं। आरोपी अर्जुन ने बजाज फाइनेंस कंपनी की पॉलिसी पर बिना ब्याज के लोन दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी की। ठगी के बाद ऑनलाईन एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश और अन्य बैंकों में रुपयों को ट्रांसफर कर एटीएम से विभिन्न स्थानों से कैश विड्रोल किए हैं। पुलिस ने जब बैंक खातों को चैक किया तो उसमें लाखों रुपयों के फर्जी लेन-देन की बात सामने आई हैं।

## भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर को 2 दिन के लिए जेल भेजा

- **चंद्रशेखर जयपुर में धरना दे रहे कोविड हेल्थ वर्कर्स के समर्थन में सभा करने आए थे**

**जयपुर** (कासं)। भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर को जयपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चंद्रशेखर जयपुर के शहीद स्मारक पर पिछले 3 महीने से धरना दे रहे कोविड हेल्थ वर्कर्स के समर्थन में सभा करने आए थे, लेकिन प्रदेश में लागू धारा-144 की वजह से उन्हें प्रदर्शन नहीं करने दिया। वहीं शांति भंग के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर 2 दिन के लिए जेल भेज दिया है।

भीम आर्मी के विजय रतन ने बताया कि पिछले 3 महीने से जयपुर में हजारों युवा सरकार के खिलाफ धरना दे रहे थे, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। वहीं जब चंद्रशेखर उनके समर्थन में यहां पहुंचे। तो पुलिस ने उन्हें बेवजह धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। ऐसे में अगर चंद्रशेखर को जल्द से जल्द नहीं छोड़ा गया तो भीम आर्मी के नेतृत्व में पूरे राजस्थान में प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होने चेतावनी दी कि अगर तब भी सरकार नहीं मानी तो राजस्थान बंद का आव्हान भी किया जाएगा। दरअसल, संविदा कैडर में भर्ती की मांग को लेकर पिछले तीन महीने से हेल्थ वर्कर्स जयपुर में धरना दे रहे थे।

इसी बीच गुरुवार रात शहीद स्मारक पर पहुंची पुलिस की टीम ने 3 महीने से धरने पर बैठे हेल्थ कर्मियों को खदेड़ दिया। इस दौरान जब प्रदर्शनकारियों ने इसका विरोध किया तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर जयपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में छोड़ दिया। इसके बाद जब प्रदर्शनकारियों ने फिर से धरना स्थल पर इकट्ठा होने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें एक बार फिर खदेड़ दिया और शदीद स्मारक को छावनी में तब्दील कर दिया।



## World Watercolour Month


Art has been an expression of the human soul, and a salve for the same since time out of mind. One of the most ancient art forms is watercolour painting, and World Watercolour Month celebrates it and encourages everyone to give it a try which has a pre-history with the earliest examples gracing the cave walls where ancient man used to live. Since that time art has played an important role in our society bringing us together, inspiring us and lifting our hearts during our darkest days.



#RESEARCH

# Reversing Pancreatic Cancer

Scientists have shown it is possible to reverse a key process that allows pancreatic cancer cells to grow and spread around the body.



Mechanism controlling spread of pancreatic cancer.

- Key protein identified that helps turn pancreatic cancer cells into more aggressive form
- Pattern of cells in pancreatic tumours follows mathematical law first proposed by Alan Turing
- Fundamental discovery could pave way for new pancreatic cancer treatments

Scientists have shown it is possible to reverse a key process that allows pancreatic cancer cells to grow and spread around the body.

These findings show that a protein called GREM1 is key to regulating the type of cells found in pancreatic cancer - and manipulating its levels can both fuel and reverse the ability of these cells to change into a more aggressive subtype.

The researchers believe this fundamental discovery could ultimately pave the way for new pancreatic cancer treatments.

Researchers from The Institute of Cancer Research, London, studied pancreatic cancer with the gene that makes the GREM1 protein switched off in mice and in pancreatic 'mini-tumours', which are also known as organoids.

Switching off GREM1 caused the tumour cells to rapidly change shape and develop new properties that help them invade new tissues and migrate around the body. Within just 10 days, all the tumour cells changed their identity into a dangerous, invasive cell type.

Switching off the gene also made tumours in mice more likely to spread. The researchers studied a mouse model of pancreatic ductal adenocarcinoma (PDAC) - the most common and aggressive form of the disease. Around 90 per cent of mice without functioning GREM1 developed tumours which had spread to their liver, compared to 15 per cent of mice where GREM1 was working normally.

Crucially, the scientists, who were largely funded by The Institute of Cancer Research (ICR), which as well as being a research institute is also a charity, then showed that boosting GREM1 levels could reverse this process and cause invasive cell types to revert into a less dangerous form. Researchers hope in the future to use this knowledge to find ways to reverse more advanced pancreatic cancer into a less aggressive form which is easier to treat.

The researchers who work in the Breast Cancer Now Toby Robins Research Centre at the ICR, stress that the science is early stage and significant amounts of research would be required to discover and develop treatments that change PDAC cell fates and make the tumour respond better to therapies. However, fundamental discoveries such as this are crucial in directing efforts to find new cancer drugs and treatments.

The researchers also discovered that another protein, called BMP2 is involved in regulating GREM1, and that these two proteins regulate the form PDAC cells ultimately take according to a mathematical model first proposed by Alan Turing in 1952. These 'Turing patterns' are found in nature - from the patterns on the skin of the giant puffer fish to seashells - and strikingly the same sort of patterns are seen in the different types of cells found in pancreatic cancer. Further studies are needed to determine whether this model is also applicable in other forms of cancer.

Professor Axel Behrens, Leader of the Cancer Stem Cell Team at The Institute of Cancer Research, London, and senior author of the study, said:


"This is an important and fundamental discovery that opens up a new avenue for uncovering treatments for pancreatic cancer. We have shown that it is possible to reverse cell fate in pancreatic cancer in the lab - turning back the clock on aggressive tumours and switching them to a state that makes them easier to treat."

"By better understanding what drives the aggressive spread of pancreatic cancer, we hope to now exploit this knowledge and identify ways to make pancreatic cancer less aggressive, and more treatable."

Professor Kristian Helin, Chief Executive of The Institute of Cancer Research, London, said:

"Pancreatic cancer is one of the most devastating of all cancers – the most common form of the disease spreads aggressively, making it hard-to-treat and a terrifying diagnosis for patients and their loved ones."

"This new finding has broadened our understanding of the molecular basis of how pancreatic cancer gains the ability to grow and spread around the body. Although more work is required, this type of fundamental research is essential for developing concepts for new and more effective treatments for cancer."



Not only do we find mentions of the use of this commodity, we also find detailed accounts and recipes of various wines that were brewed and consumed in Ancient India. Chief among these strong drinks is Soma, the origins of which are said to be mythical and yet there are accounts of it being produced in copious quantities. Other various kinds of wines were drunk viz., Madhvi, Maireya, Sura, Asava, which were mixed with various kinds of salts, fruits, vegetables and condiments have been detailed in the books of Ayurveda. (Book I. IV. 37-39)




# Liquor Pur!!

## Jaipur embraces its drinks!!



Shubham Agarwal
*BhukkadBaniya, Food Blogger and Freelance writer*

#MY CITY

**One can find their heritage liqueurs that carry the flavours of mythical Soma, floral notes of rose in Shahi Gulab and even refreshing aroma of Mint flavoured liqueurs.**



In the past few months, Jaipurites have noticed a sharp rise in the number of liquor stores opening. While this opening statement might sound a bit foreboding to the majority of our city's population which is said to refrains from alcohol consumption, this article aims at mitigating the stigma surrounding the stores and what they offer.

Liquor, as a consumer commodity has ever been shrouded in social stigma and this stigma boils down to the availability of it. Or rather the circumstances of its availability which for the better part of the last two decades have remained the same.

A small barricaded store with no entrance and more often than not, a sour person to attend to you with little-to-no knowledge of what he is selling.

The fact that these shops have usually been tucked into shady little corners was an added bane.

In stark contrast were the bars, clubs and discos, which, while providing a more pleasant purchasing experience were riddled with the same problem, lack of knowledge and carried an added cost.

All these factors combined to create a bottleneck for those who wanted to begin their liquor journey and those who had already started it but needed a better, more nuanced exposure to it, whatever their choice of drink may be. This bottleneck, having the sanctity of age old taboos, is something that has been in place for some time.

Although India, as a country, since ancient times, had always celebrated liquor in all its forms, from wine to beer and other stronger spirits.

### Liquor in Ancient India

Wines have not only been celebrated in India since ancient times, they were revered as elixirs. In Rig Veda we find mention of wine and grog shops which sold them. Wine or beer was stored up in leather vats for the public use and special sacrifices were made around brewing and drinking wines such as Sautramoni-Yajna. Yjurveda, the glossary of all Hindu religious activities, clearly specifies where the offerings of Somras for the deities may be placed for the yagya preprations, and when this should be consumed by the yagyakarta Brahmins for the beneficiary needs of the success of the ritual.

Not only the Vedas, the ever popular epics of Ramayana and Mahabharata carry multiple mentions of wine being offered to Gods and deities during worship, and its consumption as a way of merriment and indulgence.

We see the great sages and hermits like Vasistha and Vishvamitra, honouring guests with many kinds of foods and wines. (Balya Kanda. 53)

Similarly, when Bharata was a guest of Varadwaj, another sage, he too was treated with enough wine. (Ayodhya Kanda. 91)

In Mahabharata, almost all chief characters were frequent indulgers of strong drinks.

Ladies of high families used wines as we find the Queen of Birat, sending her maid to fetch wine. (Birat 16)

The great King Yudhisthira celebrated his horse sacrifice in great pomp and exaggeration and there were seas of wine, lakes of butter, mountains of rice etc. (Aswamedha 89)

Not only do we find mentions of the use of this commodity, we also find detailed accounts and recipes of various wines that were brewed and consumed in Ancient India.

Chief among these strong drinks is Soma, the origins of which are said to be mythical and yet there are accounts of it being produced in copious quantities.

Other various kinds of wines were drunk viz., Madhvi, Maireya, Sura, Asava, which were mixed with various kinds of salts, fruits, vegetables and condiments and have been detailed in the books of Ayurveda. (Book I. IV. 37-39)

In Ayurveda, like all other current and some modern medical books, we usually find much praise of wine with an occasional warning for the abuse or misuse.

Charaka, who is widely regarded as one of the principals of science of Ayur-Veda, says of wine as 'invigorator of mind and body, antidote to sleeplessness, sorrow and fatigue, producer of hunger, happiness and digestion.'

"If taken as medicine, not for intoxication, it acts as Amrita (ambrosia), when taken properly."

Often, wines and other strong drinks were not a social stigma and were enjoyed and revered.

### Liquor in Current Times

From its decades of marination in dubiosity which originated from lack of knowledge, limited options and limited availability, liquor is again being embraced by our populace in a much more refined manner.




The approach to it, as facilitated by the Excise Department of Rajasthan, is much more coherent and delicate.

The Department, reformed the rulings which not only allowed home breweries to set up in Jaipur but also created a green corridor for many international brands which were not previously available due to restrictions in our city.

This move has sparked a creativity which Jaipurites were not aware of, as various bars and wine houses have started offering home brewed beers which not only broadens the palette of an average consumer but also paves the way for healthier drinking habits when compared to mass produced stuff.

Moreover, various businesses have made full use of the lifted restrictions and opened up liquor stores which are built and operated in fashion similar to regular supermarkets.

The Liquor Mart, Liquor World and similar multi-store chains not only allow customers to enter the store, as opposed to barricaded shops but also employ staff that helps you in selecting which bottle you should take home.

This friendly and open atmosphere is accentuated by the availability of speciality liquors and international brands such as Japanese Roku Gin and Isle Scotches, to name some.

These speciality liquors, not fairly common, were unreachable to a normal consumer in Jaipur but now are well within their reach.

Moreover, such an exposure has enabled the youth of the city to create and share this merry gift.

Varang Bombaywala, 24, is a spearhead of this indulgence as a self taught home brewer who loves sharing his passion via his YouTube channel.

In the same fashion, Ratika and Richa of Cauldron Sisters have created a host of fruit wines from Mangoes to Lychees.

In such wake, even the heritage houses of Rajasthan are endeavoring to revive their royal recipes of heritage liquors.

Maharani Mahansar, founded in 1768 by Thakurs of Shekhawat, were creators of prized liquors which were spiced and flavoured by spices native to Rajasthan.

Lost to the time, this brand has been once more revived with new vigour and old traditions.

One can find their heritage liqueurs that carry the flavours of mythical Soma, floral notes of rose in Shahi Gulab and even refreshing aroma of Mint flavoured liqueurs.

Moreover, international hospitality brands are now coming out with self crafted liquors which mainly include various locally brewed gins.

Such a rise in this culture towards more refined drinking will not only eliminate the hazardous consumption as the market is flooded with better made liquor but also enable our city to gather newer insights in the field as tradition embraces modernity and strives towards achieving the pinnacle.

writetoarbit@rashtradoot.com



#CLIMATE-CHANGE

# A Bite Out Of Tomatoes



By 2050, the global supply of processing tomatoes is expected to decrease by 6% compared to the study's baseline of 1990-2009, with Italy's crop being among the hardest hit.

"The processing tomatoes are grown in the open fields, which means that we cannot control the environment in which they grow," says lead author Davide Cammarano, a professor at Aarhus University. "This makes the production vulnerable to climate change."

While the climate's impact on the food supply is widely researched, most of the focus has been on staples such as wheat and rice. The current study in Nature Food is among the first to take a global look at climate change's impact on tomatoes, says coauthor Dev Niyogi, a professor at the University of Texas at Austin Jackson School of Geosciences and Cockrell School of Engineering.

The researchers used five different climate models to inform three different scenarios projecting how rising temperatures will influence tomato yield, focusing in the world's top three tomato-growing countries: the United States (California in particular), Italy and China. Together these countries produce about 65% of the world's processing tomatoes.

Although the outcomes varied in degree, the projected scenarios all pointed to a future where tomato production will dramatically change within the coming decades.



Most scenarios show the three countries experiencing steady yield declines over the next 30-40 years. In the paper, the researchers detail different factors that might worsen or mitigate the situation depending on the country. For example, both southern California and Italy face water access issues in addition to rising temperatures, with Italy projected to only become drier over time. This combination of warmer temperatures and lack of water doesn't bode well for the Italian tomato industry as a whole, states Cammarano.

"A significant number of the processing tomato industries currently are placed in Italy, and they need to prepare for a future with a limited supply of tomatoes from local regions," he says.

However, for California and China, there might be a silver lining when it comes to northernmost areas which are cooler. Temperature increases in these areas may lead to an increase in yields with the study projecting steadily increasing tomato yields for the northern Chinese province of Gansu and the neighbouring country of Mongolia.

The climate projections provided in the study raise important questions for the future of tomato production worldwide that could help the agricultural and production industries prepare for the impacts of climate change, Niyogi says.

#J'ADORE

# Head Scarf Styles

## For Bad Hair Days & Beyond

The headscarf is hardly a new trend, but it is a fun way to shake up your use of the rainy-weather accessory.

Some days your hair feels gorgeous, clean and beautiful enough to star in a hair-care campaign. Other days, not so much. It's dirty, frizzy or simply seems to have developed a new cowlick that you just can't be bothered to deal with. Whether you're trying to hide a bad hair day hoping to protect your strands from wind or rain or you're just bored and looking to try a new 'do', a headscarf can help.


The headscarf is hardly a new trend, but it is a fun way to shake up your use of the rainy-weather accessory. The benefit of this particular hair accessory is how versatile it can be. There are tons of different looks you can achieve with just one scarf, ranging from super-simple to intricately detailed. Whatever look you're going for we've gathered together the best tips and tricks for achieving the headscarf style you want.

### The Twisted Headband

If you're using a square scarf, start by folding it in half diagonally, then begin to roll or fold the scarf starting at the widest side and working your way toward the pointed corners. If you're using a rectangular scarf, just start folding along the long side. Tie the loose ends under your hair at the nape of your neck and voilà! You can also knot the scarf at the middle after rolling it up to help it stay folded and add a bit more volume up top.



### The Pony Tie



One of the absolute easiest ways to incorporate a scarf into your look is by simply tying it around a ponytail. This works with pretty much any size or shape, so long as you can secure it in a knot. If you're really worried about the silk fabric slipping down your pony, loop your scarf through a hair elastic before tying it to give some extra staying power.


### The Bandanna Cap




Very similar to the above, but rather than give off an early 2000s or summer camp vibe, the bandanna cap feels much more '70s and really only requires one small tweak in execution. Instead of knotting your scarf below your hair, tie it on top of your strands and over the loose corner as well. Then tuck the excess fabric under the knot to neaten things up.

### The Scarf Braid

There are multiple ways to incorporate a scarf into a braid and the easiest is simply to pull your hair back into a ponytail, tie one end to the elastic and then use it as one third of your braid, tying the other end off with a second elastic or by wrapping and knotting the scarf itself. But you can also weave your accessory through a more complicated 'do, like a French or fishtail braid.



### The Low Bun




Both a square or long scarf will work here, but a long scarf will give you more fabric to wrap around your bun, so if you have a lot of hair or want a voluminous bun, we suggest using a rectangular style. Start by folding the top quarter of the scarf down before placing it on top of your head. Make sure the two ends are equal in length, then secure them in a knot at the base of your neck, just like you would for a bandanna look. Cross each loose end up and around the bun and tie once more underneath the bun. Tuck in any loose ends or extra hanging fabric and there you have it.



### The Bandanna


If you're really not feeling your hair or just want to cover up a third-day blowout that probably should've retired after being a two-day blowout, this is your easiest option. Simply fold a square scarf in half diagonally, then tie the two opposite ends under your hair and leave the third corner loose.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बीदासर में बारिश के बाद स्वास्थ्य केन्द्र सहित अनेक स्थानों पर पानी भरा

**बीदासर**, (निसं)। कस्बे में रविवार की सुबह 11 बजे बाद लगभग एक घण्टे तक जमकर बरसात हुई जिससे चारों ओर पानी ही पानी हो गया तथा कस्बे के मुख्य मार्गों पर बरसाती पानी ने दरिया का रूप ले लिया। कस्बे के मुख्य मार्ग पानी से लबालब हो गये।

इससे पूर्व रविवार की सुबह करीब 6:00 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान बादलों से अट गया तथा रिमझिम बरसात का दौर शुरू हो गया। जिसके बाद लगभग साढ़े बजे आधे घण्टे तक अच्छी बरसात हुई। वहीं सुबह 11 बजे से पुनः झमाझम बरसात का दौर शुरु हो गया। बरसात के चलते कस्बे की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई जो 1 बजे के बाद बहाल हुई। बरसात के चलते कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर, मण्डी बाजार, गणगौरी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा रोड, वाल्मिकी बस्ती, शिव कॉलोनी, नगर पालिका मार्ग पर स्थित दुकानों व घरों में पानी भर गया। जिससे लोगो को बरसाती पानी निकालने के लिये काफी मसक्कत करनी पड़ी। वहीं कस्बे के वार्ड नं. 1, 2, 3, 4, 6, 9, 34, 35 सहित अनेक वार्डो में बरसाती पानी निकलने में दो से तीन घण्टे का समय लगा तथा बरसाती पानी से मार्ग अवरूद्ध होने से आमजन को भयंकर परेशानियों का सामना करना पड़ा।

समाचार लिखे जाने तक आसमान में गहरे बादल छाये रहे तथा बीच-बीच मे रूक रूक कर हल्की बूंदाबांदी का दौर भी जारी रहा। बीदासर स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में जलभराव के कारण मरिजों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में बरसाती पानी बरसात के बाद कई-कई दिनों तक ज्यौं का त्यौं भरा रहता है। पिछले कई वर्षों से जारी इस समस्या से अनेकों बार उच्चाधिकारियों और प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन आज तक इसका कोई समाधान नहीं हुआ है। जल भराव के कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों को बीच पानी होकर गुजरना पड़ता है साथ ही गंदगी और कीचड़ के कारण अस्पताल का वातावरण भी दूषित होता है।



बीदासर कस्बे में रविवार की सुबह 11 बजे बाद लगभग एक घण्टे तक जमकर बरसात हुई जिससे चारों ओर पानी ही पानी हो गया।


- गत् कई वर्षों से बनी है स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में जलभराव की समस्या
- समस्या से प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी हल नहीं

# अजमेर में पहली बार निकाली गई भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

**अजमेर**, (कासं)। भव्य रथ में भगवान जगन्नाथ के साथ सुभद्रा कुमारी और बलराम विराजित है। रथ को कृष्ण भक्त कुरुक्षेत्र से वृंदावन के भाव में रस्सियों से खींच रहे हैं।

रथ की सजावट और भगवान का श्रृंगार बंगाल व अन्य राज्यों से मंगाए गए विशेष फूलों द्वारा किया गया है। इस नयनाभिराम श्रृंगार और भगवान के दर्शनों के लिए मानो पूरा शहर ही उमड़ पड़ा। यह मनोरम नजारा है इस्कॉन द्वारा अजमेर में पहली बार निकाली जा रही भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का। रविवार दोपहर 3:30 बजे नगर निगम प्रांगण से नगर निगम सांसद भागीरथ चौधरी, महापौर बृजलता हाड़ा, उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी, उपमहापौर नीरज जैन सहित नगर निगम के पार्षदगण, अजमेर व्यापार संघ के पदाधिकारी व हजारों की संख्या में शहरवासियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रथ यात्रा को आरंभ किया गया। रथयात्रा के आगे आगे सभी गणमान्य अतिथि सोने की झाड़ू से मार्ग साफ करते हुए चल रहे थे। रथ यात्रा पर पुष्पों ओर इत्र की वर्षा हो रही थी, जगह-जगह प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। हरे रामा हरे कृष्णा के संकीर्तन के साथ भगवान जगन्नाथ के जयकारों से पूरा रथ यात्रा का मार्ग गुंजायमान होता रहा। इस्कॉन अजमेर के प्रमुख संचालक चैतन्य चरणदास प्रभु ने बताया कि अजमेर में पहली बार इस्कॉन द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जा रही है।

- हरे रामा हरे कृष्णा के संकीर्तनों के साथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकली



श्री श्री राधा माधव मंदिर के भक्तों द्वारा रथ यात्रा की सजावट व तैयारियां की गई।

# जनता की सूझबूझ से शहर में शांति हुई : दिनेश एम एन

**उदयपुर**, (निसं)। शहर में विभत्स हत्याकांड होने के बाद जनता की सुझबुझ से शांति कायम हो पाई है। शहर में शांति बनी हुई है जिसका श्रेय यहां की जनता को जाता है जिसने धैर्य बनाए रखा। यह बात एडीजी दिनेश एमएन ने कन्हैयालाल की हत्या के बाद शहर में शांति व्यवस्था होने के बाद जयपुर वापस लौटने के दौरान हुई बातचीत में कही।

उन्होंने कहा कि 28 जून को कन्हैयालाल की विभत्स हत्या होने के बाद से आज दिन शहर में विरोध प्रदर्शन, जुलूस निकाला तथा भगवान जगन्नापथ की यात्रा भी शांतिपूर्ण ढंग से निकली तथा इस दौरान किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई जिसका श्रेय शहर की जनता का दिया है। उन्होंने कहा कि शहर टयूरिस्ट स्थान है अशांति रखने से पर्यटक नहीं आएगा इसलिए शांति रहेगी तो पर्यटक आएगा व्यवसाय प्रभावित नहीं होगा। रविवार को कर्फ्यू में आठ घंटा ढील दी है, सोमवार को दिन भर छूट देकर रात में पांच घंटे पाबंदी लगाई जाएगी तथा दोपहर तक नेट भी शुरू करने पर विचार किया जारहा है।

दिनेश एमएन ने कहा कि सरकार चाहती है शहर ट्यूरिस्ट सिटी है तथा यहां शांति जरूरी है। सरकार की मंशा है कि यहां जल्द से जल्द शांति हो इसके लिए जगन्नाथ यात्रा निकाल कर शहर वासियों सुरक्षा का आभास इसके लिए दोनों पक्षों से बातचीत करने पर उन्होंने भी सहमति दी। मुस्लिम समाज ने भी घटना को निंदा की है तथा आरोपियों को सख्त सजा मिलने की बात कही है। जगन्नाथ यात्रा को लेकर कहा कि भगवान शहर में घूमता है तो शांति होगी। हिन्दु समुदाय प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन की शर्तो का अक्षरशः पालन किया। जिसके चलते शहर में शांति होकर जनता की जीत हो पाई है। इसके लिए सरकार ने शहर में काम कर चुके पुलिस एवं प्रशासन के अनुभवी अधिकारियों को बुला कर तैनात किया। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की मेहनत के फल से एवं जनता के सहयोग से शांति हुई है। उन्होंने कहा कि शहर के अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चल रहा है। जिन्हें पकड़ कर पाबंद कराया जा रहा है।

- शहर में शांति व्यवस्था होने के बाद एडीजी दिनेश एमएन जयपुर लौटे
- रविवार को कर्फ्यू में आठ घंटा ढील दी है, सोमवार को दिन भर छूट देकर रात में पांच घंटे पाबंदी लगाई जाएगी तथा नेट पर भी चर्चा शुरू

## दिनभर की उमस के बाद जमकर बरसे बादल

**डूंगरपुर**, (निसं)। शनिवार को भौर में हुई वर्षा के बाद रविवार को दिन भर धूप छांव की स्थिति के बीच उमस का तेज प्रभाव दिनभर देखनें को मिला। जिसके चलते आमजन पसीनें से तरबतर रहा। देर शाम को अचानक छः बजे तेज वर्षा का दौर शुरू हुआ। जिसके चलते कुछ देर के लिए तो वातावरण खुशनुमा हो गया। वर्षा का यह दौर लगभग 20 मिनिट तक चला और उसके साथ ही भीतरी शहर में बिजली गुल होने का सिलसिला प्रारम्भ हो गया। जो कि रात 8 :30 बजे तक बहाल नहीं हो पाया था। देर शाम को हुई बारिश के चलते मुख्य सडको पर पानी निकासी के अभाव में जगह- जगह तरणताल बन गये। इस दौरान सर्किट हाऊस, कले ट्रेट तथा गेपसागर की पाल पर भारी पानी एकत्रित हो गया, जिसमें से वाहन गुजरते थे तो राहगिरो को पानी के छींटों का कोपभाजक बनना पड रहा था वहीं, बिजली गुल के कारण उमस व मच्छरों से आम आदमी खासा परेशान नजर आया।

# वृद्धा से लूट करने के मामले में बाल अपचारी निरुद्ध

**राजसमंद**, (निसं)। जिले के चारभुजा थाना क्षेत्र के साथिया गांव में अकेली रहने वाली एक वृद्ध विधवा महिला के मुंह में कपड़ा ठूंस कर सोने की चैन की लुट करने का मामला सामने आया है। चारभुजा थाना पुलिस ने मामले पर त्वरित कार्रवाई कर दो बाल अपचारियों को डिटेन किया गया है।

चारभुजा थानाधिकारी भवानी शंकर ने बताया कि मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो बाल अपचारियों को डिटेन किया गया है। उन्होंने बताया कि एक जुलाई को मोबाइल के माध्यम से साथिया गांव में एक अकेली रहने वाली वृद्धा के घर में घुस कर अज्ञात बदमाशों ने वृद्धा के मुंह में कपड़ा ठूंस कर सोने की की लूट कर ली।

इस पर थानाधिकारी मय जाप्ते हैड कांस्टेबल हरिसिंह, कॉस्टेबल अशोक कुमार, भगवानराम व हैड कांस्टेबल फतेह सिंह, कांस्टेबल महेंद्र सिंह, रामकरण मय एसबीसी जाप्ता सूरजमल मौके पर पहुंचे। तो विधवा बुजुर्ग महिला के घर पर काफी लोगों की भीड़ लगी हुई थी। सुन्दर बाई (85) पत्नी स्व. भंवर लाल सिंघवी निवासी साथिया ने अपने मकान में अकेली रहती है। सुन्दर बाई के कोई औलाद नहीं है। इसी का फायदा उठाते हुए अज्ञात बदमाशों ने मौका पाकर सुन्दर बाई के घर में घुस कर लूट को अंजाम दिया गया।

मामले को लेकर पीड़ित सुन्दर बाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि एक जुलाई की रात करीब 9 बजे अपने घर में अकेली सो रही थी। तभी मेरे मकान के ऊपर वाले हिस्से में स्थित कमरे का दरवाजा खुलने की आवाज आई तो वृद्ध महिला की नींद खुल गई। इतने में मुंह पर कपड़ा बांध कर दो युवक आए और वृद्धा के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया ताकि शोरगुल ना हो सके। उसके बाद बदमाशों ने वृद्धा के गले में पहन रखी करीब 1 तोला वजनी सोने की चैन को लूट कर फरार हो गए।

पुलिस ने चोरी, लूट व नकबजनी का मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर टीम का गठन किया। टीम ने साथिया, लोर, सरस का गुडा, उमरवास, सेवंत्री, डूंगर जी का गुड़ा, धनायका, कसार, बोरी, बांसा, कितेला सहित सुनसान रास्ते, सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों आदि जगहों पर तलाश किया। इसी बीच आरोपियों कि तलाश के लिए मुखबिर, संदिग्धों से पूछताछ करते हुए आखिरकार भरसक प्रयास कर लूट के मात्र 24 घंटे में ही खुलासा करते हुए बाल अपचारियों को डिटेन कर पूछताछ की गई तो लूट की वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने बाल अपचारियों की निशानदेही पर देवमनिया मंदिर में छुपा रखी चोरी की चैन को बरामद किया। मामले को लेकर पुलिस द्वारा छानबीन जारी है।

- वृद्धा के मुंह में कपड़ा ठूंस लूटी 1 तोले सोने की चेन

## युवक ने की आत्महत्या

**उदयपुर**, (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में युवक ने अपने सर्विस सेंटर में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसका पता चलने पर साथि कर्मचारियों ने करने की आशंका व्यक्त की।

इस पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखेर थानाक्षैत्र बेदला गांव निवासी रविन्द्र उर्पु रवी (38) पुत्र लक्ष्मणसिंह ने पेसिफिक मेडिकल कॉलेज रोड़ के समीप स्थित सर्विस सेंटर पर फांसी लगा ली। इसकी सूचना मिलने पर सुखेर थानाधिकारी दलपतसिंह राठौड़ ने मौके पर पहुंच कर मृतक को निचे उतार पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

रविन्द्र सर्विस सेंटर चलाता था एवं उसे लोगों ने शनिवार सांय देखा था। उसके कुछ घंटों बाद फांसी लगाने की सूचना मिली। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कर्मचारियों एवं परिजनों ने मृत्यु पर शंका व्यक्त करते हुए हत्या की आशंका व्यक्त की। तलाशी करने पर मृतक के पास कोई सुसाईड नोट नहीं मिला।

# बिजली ठेकाकर्मी की करंट लगने से मौत, ग्रामीणों ने किया रोड जाम

**झुंझुनूं**,(निसं)। अजमेर डिस्कॉम की लापरवाही से रविवार को एक और ठेका कर्मी की जान चली गई। दरअसल कोलिंडा का रहने वाला अनिल एफआरटी टीम में कार्यरत था। रविवार सुबह वह शहर के किसान द्वार के पास बिजली लाइन का फॉल्ट ठीक करने के लिए पहुंचा था। वह पोल पर चढा। लेकिन ज्यों ही काम करना शुरू किया। उसे करंट लगा और वह नीचे आ गिरा। जिससे उसके साथ आए कर्मचारी भी सुन्न हो गए।

घटना की सूचना डिस्कॉम के अधिकारियों को दी गई। लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। इसके बाद पास पडौस के लोगों ने ऑटो कर घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि अनिल चालू लाइन में फॉल्ट निकाल रहा था। या फिर शट डाउन करने के बाद पोल पर चढा था। लेकिन कारण कोई भी हो। निगम की लापरवाही कहीं ना कहीं दिखाई दे रही है।

मामले में ग्रामीणों का आक्रोश भी देखने को मिला। घटना की सूचना मिलने पर कोलिंडा गांव के सरपंच प्रतिनिधि, एसएफआई कार्यकर्ता और परिजन बीडीके अस्पताल पहुंचे। जहां पर उन्हें ना तो बिजली निगम का कोई अधिकारी मिला और ना ही ठेकेदार व उसका कोई प्रतिनिधि मिला। जिससे ठाामीणों में गुस्सा बढ़ गया। कोलिंडा सरपंच प्रतिनिधि एमडी मुंसफ ने बताया कि मृतक अनिल के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। घर उसकी कमाई से ही चल रहा था। लेकिन अनिल की मौत के बाद पूरा परिवार टूट गया है। इस मामले में निगम अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही थी। जिससे अनिल की मौत हुई है। इसलिए जब तक अनिल के भाई को सरकारी नौकरी देने तथा कर्मचारी के परिवार के 50 लाख रूपए की सहायता नहीं दी जाती। तब तक वे शव नहीं लेंगे। इसके बाद ग्रामीणों ने बीडीके अस्पताल के सामने रोड नंबर एक पर जाम भी लगा दिया और विरोध दर्ज कराया।

# व्यापारी से चाकू की नोंक पर नकदी लूटी

**उदयपुर**, (कासं)। बाइक सवार बदमाश सब्जी बेच कर रूपये लेकर लौट रहे व्यापारी को चाकू दिखा नकदी लूट ले गए। भागते समय हुए हादसे में दोनों घायल हो गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हिम्मतनगर प्रान्तीरज पटेलवाडा हिम्मतनगर साबरकांठा गुजरात निवासी मन्सूरी हारून भाई पुत्र युसुफ भाई 2 जुलाई तड़क सवीना सब्जी मण्डी में गोबी की फसल बेच कर रूपये लेकर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते एकलिंगपुरा रोड़ पर बीच रास्ते बाइक खड़ी कर दो बदमाशों ने वाहन को रोक मंसूरी को चाकू दिखा धमकाया तथा उसके कब्जे से 43 हजार 500 रूपये नकदी लूट ली। इस दौरान भागते समय बाइक डिवाईडर से टकराने से हादसा हो गया जिससे दोनों बदमाश घायल हो गए। इसको देख दोनों को लोगों ने उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इधर पुलिस ने मुसरी की रिपोर्ट पर लूट के आरोपी बाइक सवार खाजीपीर निवासी बाजीद पत्रु अमजद खां तथा किशनपोल निवासी शाबाज पुत्र अजीज खां के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया हैं। जिसकी जांच एएसआई शिवदत्त कर रहे है।

- भागते समय बाइक डिवाईडर से टकराने से दोनों बदमाश घायल हो गए

## आकाशीय बिजली गिरने से दस वर्षीय बालक की मौत

**छबड़ा**, (निसं)। क्षेत्र के बालापुरा गांव मे रविवार दोपहर को आकाशीय बिजली गिरने से दस वर्षीय बालक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार कांसल निवासी राजेंद्र बैरवा बालापुरा मैन रोड पर मकान बनाकर परिवार सहित रह रहा था। रविवार को दोपहर साढ़े तीन-चार बजे उसका पुत्र राकेश घर के बाहर खेल रहा था कि अचानक बिजली गिरने से राकेश मौके पर ही बेहोश हो गया। परिजन उपचार के लिए चिकित्सालय में लेकर आए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# भीलवाड़ा में कोरोना के 9 नए संक्रमित मिले

**भीलवाड़ा**, (निसं)। जिले में बदलते मौसम के मिजाज के साथ ही कोरोना संक्रमण की रफ्तार भी बढ़ने लगी है। रविवार को जिले में कोरोना के 9 नए संक्रमित मरीजों मिले है।

पिछले 15 दिनों की बात करें तो जिले में संक्रमित मरीज लगातार सामने आ रहे हैं। मरीजों की बढ़ रही संख्या के पीछे डॉक्टर आमजन की लापरवाही को जिम्मेदार मान रहे है। डॉक्टरों का कहना है कि आमजन ने त्यौहारी व शादियों के सीजन में कोरोना को पूरी तरह से भुला दिया। जिसके कारण ना तो मास्क का उपयोग किया जा रहा है ना ही सोशल डिस्टेंसिंग पर ध्यान दिया जा रहा है। इस कारण संक्रमण फिर से फैलना शुरू हो गया। डीप्टी सीएमएचओ डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि रविवार को जिले में आई आरटीपीसीआर रिपोर्ट में 9 मरीजों की पहचान हुई है। इनमें पुर, सुभाष नगर, हुरडा, सांगानेर व कोटडी के मरीज शामिल हैं। इन मरीजों को सर्दी जुकाम की शिकायत थी। जिसके चलते शनिवार को इनके सैंपल लिए गए थे। इन सभी मरीजों के सम्पर्क में आए लोगों की सूची तैयार की जा रही है और इनके भी सैंपल लिए जाएंगे। वहीं जिले में संक्रमित मरीजों की बढ ती संख्या के चलते प्रशासन की ओर से सैंपल लेने पर विशेष जोर भी दिया जा रहा है। साथ ही लोगों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सावधान करने की अपील की जा रही है।

# धौलपुर बंद रहा सफल, चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर

**धौलपुर** (निस)। गत दिनों उदयपुर में हुई टेलर कन्हैया लाल की जघन्य हत्या के मामले को लेकर आज रविवार को धौलपुर बंद पूरी तरह सफल रहा । इसे लेकर शनिवार को सामाजिक संगठनों एवं व्यापारिक संघटनों की ओर से बंद का आव्हान किया गया था और स्वैच्छिक रूप से बाजार बंद करने की मांग की गई थी। इसे लेकर धौलपुर शहर में हिंदू मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल देखी गई। जिसके चलते सुबह से ही धौलपुर शहर में हिंदू और मुस्लिम दोनों ही समुदाय के लोगों ने स्वैच्छिक रूप से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर घटना पर विरोध जताया और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

रविवार सुबह से ही बाजार पूरी तरह से बंद रहे। इस दौरान इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर सभी दुकानें बंद रही। जिला मुख्यालय पर पुराना शहर, जिला अस्पताल के आसपास, जगन चौराहा , पुराना डाकखाना, लाल बाजार, संतर रोड आदि बाजार पूरी तरह से बंद रहे। इसके साथ ही पेट्रोल पंप एसोसिएशन के आव्हान पर जिले भर में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक पेट्रोल पंप भी पूरी तरह से बंद रहे। व्यापारी और सामाजिक संगठनों द्वारा बंद के बाद पूरे शहर भर में चप्पे - चप्पे पर पुलिस बंदोबस्त किए गए। धौलपुर शहर के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। जिसके चलते धौलपुर जिले में बंद पूरी तरह से शांतिपूर्ण और सफल रहा।

- सामाजिक संगठनों एवं व्यापारिक संघटनों की ओर से बंद का आव्हान किया गया था
- इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर सभी दुकानें बंद रही



गत दिनों उदयपुर में हुई टेलर कन्हैया लाल की जघन्य हत्या के मामले को लेकर आज रविवार को धौलपुर बंद पूरी तरह सफल रहा।

# कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह का सरपंच संघ ने किया अभिनन्दन

**बयाना।** (निस)। गांव शेरगढ़ में रविवार को राजस्थान के केबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह का सरपंच संघ की ओर से चांदी का मुकुट व 51 किलो की फूल माला पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया ।

यह आयोजन संघ के अध्यक्ष दीवान शेरगढ़ व अन्य सरपंचों की ओर से किया गया । अभिनंदन समारोह में गांवों से आए लोगों व पंचायती राज जनप्रतिनिधियों की काफी भीड़ रही।

कैबिनेट मंत्री इस समारोह में निर्धारित समय से पहले ही आ गए थे और कुछ समय रुक कर समारोह को संबोधित करते हुए अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने चले गए ।

समारोह को संबोधित करते हुए विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारे जननायक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसानों के हितों को ध्यान में रखकर अलग से कृषि बजट व योजनाएं बनाई हैं और आमजन को महंगे इलाज से छुटकारा दिलाने के लिए सरकारी अस्पतालों में सभी प्रकार की उपचार जांच आपरेशन व दवाएं भी फ्री कर दी गई हैं और निजी अस्पतालों में इलाज कराने को गरीबों व आमजन के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना का लाभ दिलाया गया है।

उन्होंने सभी सरपंचों से भी जनप्रतिनिधी होने के नाते राजनीती और पार्टीबाजी से हटकर सरकार की योजनाओं का जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने में सहयोग करने का भी आव्हान किया। इस मौके पर गांव शेरगढ़ के राजेश पायलट उच्च माध्यमिक विद्यालय के करीब 3 दर्जन मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ती पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- दर्जन मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ती पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया



गांव शेरगढ़ में केबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह का स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त

### कपड़ा शॉर्ट फिल्म की हुई शूटिंग

**जयपुर।** श्री राधा गोविंद फिल्म की ओर से महिलाओं का जागरूक करने के उद्देश्य से बनाई जा रही शॉर्ट फिल्म कपड़ा की शूटिंग बुधवार को आगरा रोड के बगराना में की गई। फिल्म शूटिग का उद्घाटन समाजसेवी लक्ष्मण शर्मा व धर्मेन्द्र शर्मा बैनाडा द्वारा फीता काटकर किया गया। फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक धर्मेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि फिल्म ग्रामीण परिवेश की महिलाओ की आज की वर्तमान समस्या पर आधारित हैं। फिल्म का उद्देश्य समाज मे महिलाओं को जागरूक करना हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान कलाकार करिश्मा टांक, रेणु सनाढ्य,दिव्या मिश्रा, ईरम कुरैशी,कैमरामैन तेजस माथुर, मेकअप आर्टिस्ट सिद्धि शर्मा मौजूद रहे। फिल्म की शूटिंग दो दिन तक बगराना की अलग-अलग लोकेशन पर की गई।

### जीएसएस कार्य का शुभारंभ

**बौंली, (निसं)।** संस्कृत महाविद्यालय रोड स्थित गौशाला के पास बौंली नगर पालिका मुख्यालय पर राजस्थान विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से 132केवी जीएसएस स्ट्रक्चर कार्य का रविवार को विधिवत पूजा अर्चना के बाद शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पंडित हेमराज दीक्षित ने वैदिक मंत्रों के साथ विधिवत पूजन कराया। प्रोजेक्ट पूजन के समय अधीक्षण अभियंता हंसराज मीणा, सहायक पदमचंद, सहायक अभियंता सुगनारम जांगिड़, एवं अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड नासिक बीपी प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट इंजीनियर गौरव कुमार गुप्ता ने 132 केवी जीएसएस को खड़ा करने का कार्य का शुभारंभ किया।

### खैरथल बंद कल

**खैरथल, (निसं)।** उदयपुर में एक दुकानदार कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के विरोध में खैरथल में मंगलवार को बंद का आव्हान किया गया है। संयुक्त व्यापार महासंघ कार्यकारिणी की रविवार को अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस तरह की घटनाएं होने की तीव्र निन्दा करते हुए विरोध में मंगलवार को खैरथल बंद का आव्हान करने का निर्णय लिया गया। बन्द में आवश्यक सेवाओं को मुक्त रखा गया है।

### लॉयन्स क्लब की मासिक बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** स्थानीय लॉयन्स क्लब की मासिक बैठक कमल किशोर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें आगामी 17 जुलाई को शपथ ग्रहण, सम्मान समारोह व 4 अगस्त को गायक किशोर कुमार के जन्मदिवस पर किशोर नाइट कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। किशोर नाइट में किशोर कुमार के गानो पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। बैठक में डॉ. सुगन चन्द, घनश्याम अथोनिया, ज्योति मोदी, डॉ. अरविंद मित्तल, अशोक गोयल, विकास अग्रवाल, मनोज गर्ग, दीपक अग्रवाल, सुनील शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### राज्यसभा सदस्य तिवाड़ी से की शिष्टाचार भेंट

**कोटपूतली।** क्षेत्र से एक प्रतिनिधि मण्डल ने रविवार को राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी के निवास स्थान पर पहुँच कर उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्हें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत करवाया गया। इस मौके पर समाजसेवी रतन लाल शर्मा, दीपक शर्मा बनेठी, महेश सिंह, पंकज भारद्वाज, दीवान चंद शर्मा, रामजीवन शर्मा, रामकिशन सरपंच, गोपी सरपंच, नीरज सरपंच, विक्रम पुरुषार्थी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# उदयपुर हत्याकांड के विरोध में संत समाज में आक्रोश

**कोटपूतली, (निसं)।** सत्ताईसा मंडल संत समाज की ओर से मक्खनदास महाराज, स्वामी गणेशानंद महाराज, रामरतनदास महाराज, मंगलदास महाराज व गुरुदास महाराज के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी संतों ने रविवार को परशुराम मंदिर में सभा आयोजित कर उदयपुर में हुई कन्हैया लाल टेलर हत्याकांड के दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की।

सभा में संतों ने एक स्वर में कहा कि भारतीय संस्कृति सद्भाव और

■ **रैली निकाल कर दोषियों को एक माह में फांसी की सजा दिलाने की मांग**



**कोटपूतली में संत-महात्माओं ने पैदल मार्च करते हुए तहसील परिसर पहुंच कर एडीएम जगदीश आर्य को विभिन्न मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम सौंपा।**

वसुधैव कुटुंबकम का अद्भुत संगम है। यहां भारत देश में हिंदू समाज के बड़े वर्ग के बीच कोई भी अन्य संप्रदाय का व्यक्ति रहता है तो भी उसकी सांस्कृतिक सुरक्षा और सम्मान का भाव हमारा संस्कार है, किन्तु कुछ समय से देश में जेहादी शिक्षा और तालिबानी तालीम के कारण एक संप्रदाय विशेष के लोगों द्वारा लक्ष्य बनाकर हिंदू समाज को विभिन्न माध्यमों से बलात हत्या, लव जिहाद, धर्म परिवर्तन, लैंड जिहाद आदि माध्यमों से हमारी हिंदू संस्कृति को कमजोर करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

हिन्दू समाज के धैर्य की सीमाएं टूटने को है और यह हमारी अंतिम चेतावनी है की राज्य की सरकारें और जिम्मेदार इस विषय में कठोरतम प्रसंज्ञान लें अन्यथा हिंदू समाज अपनी सुरक्षा स्वयं करना जानता है। वहीं मंदिर परिसर में संत महात्माओं द्वारा हनुमान चालीसा पाठ कर रैली के रूप में पैदल मार्च करते हुए मुख्य चौराहे से नगरपरिषद् तिराहे से होते हुए उपखण्ड कार्यालय पहुंचा। पैदल मार्च के दौरान संत समाज के लोग अपने हाथों में नारों व संदेश लिखी पटिकाएं लेकर चल रहे थे।

संतों ने तहसील परिसर पहुंच कर एडीएम जगदीश आर्य को विभिन्न मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम सौंपा है। जहां इस दौरान एएसपी विद्याप्रकाश, डीएसपी संध्या यादव, थाना प्रभारी सवाई सिंह, तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। वहीं रेवाला धाम के संत स्वामी गणेशानन्द महाराज ने चेतावनी देते हुए कहा की यदि एक माह में हत्यारों को फांसी व सहयोग करने वालों एवं दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो संत समाज आंदोलन की राह पर उतरेगा। वहीं उन्होनें मांग की है की पिडित परिवार को कम से कम 51 लाख रूपये व सरकारी नौकरी दि जावें। वहीं जालौर में हुए एक संत के अपहरण के मामले में बोलते हुए कहा की पुलिस प्रशासन शीघ्र ही संत का पता लगाकर आरोपीयों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इस दौरान विहिप प्रांत उपाध्यक्ष पूरणमल भरगड़, आशिष भारतीय, राजेन्द्र हिन्दू, बजरंग लाल शर्मा एडवोकेट, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डीएपी खाद लेने उमड़े किसान

**निवाई, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के गांव रजवास में ग्राम सेवा सहकारी समिति के गोदाम पर डीएपी खाद की गाड़ी को पहुंचते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। डीएपी खाद लेने के लिए रजवास, गिरधारीपुरा, गुढा आनन्दपुरा, चक विजयपुरा व विजयपुरा सहित अनेक गांवों के किसान ट्रैक्टर-ट्राली, मोटरसाईकिलों व जुगाड लेकर पहुंच गए। किसानों ने बताया कि पिछले साल भी डीएपी खाद की कमी होने के कारण घंटों तक लम्बी लाईनों में खड़ा होकर 2-2 कट्टे खाद के लेकर वापस लौटना पडा। डीएपी खाद की कमी को देखते हुए किसानों ने अभी से खाद ले लिया जिससे समय पर फसल की बुवाई कर सके। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समिति पर डीएपी खाद के 520 कट्टे आए हैं जो 24 घंटे में ही विक्रेय हो गए।

## गुमशुदा युवक का नहीं लगा सुराग

**कोटपूतली।** निकटवर्ती पनियाला थाना क्षेत्र के ग्राम धंवाली निवासी गुमशुदा युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना प्रभारी हितेश शर्मा ने बताया कि सुदेश कुमार शर्मा ने दर्ज करवाया था कि 1 जून को उसका पुत्र निखिल कुमार उसकी बाईक लेकर गांव से कक्षा 12 वीं का परिणाम देखने गया था जो वापस नहीं आया जिसकी काफी तलाश की गई लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। इस सम्बंध में किसी को कोई सूचना या जानकारी मिलने पर पुलिस व मोबाईल नम्बर 9462120300 पर सूचित करें।

## श्री भक्तमाल कथा का समापन आज, रथयात्रा कल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के मंदिर श्री गोपीनाथ जी का में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के तहत 27 जून सोमवार से कार्यक्रम प्रारंभ किए गए थे।

मंदिर महंत मनोहर शरण दास के अनुसार कार्यक्रम के प्रथम दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा महारानी का पंचामृत व पुष्प अभिषेक किया गया, 28 जून से प्रतिदिन बाल भोग, नवीन पोषाक, माखन मिश्री भोग, फूल इत्र सिंगार, छप्पन भोग, उत्थानपन फल सेवा, दुग्ध भोग, ठंडाई भोग का कार्यक्रम 5 जुलाई तक चलेगा व इसी दिन से प्रतिदिन दोपहर 2 से सायकाल 5 बजे तक श्रीधाम वृंदावन निवासी कथा व्यास श्रीरामदास जी महाराज द्वारा श्री भक्तमाल कथा सुनाई जा रही है, जिसका समापन आज सोमवार को किया जाएगा । इसी क्रम में 1 जुलाई को रथ पूजन, भगवान जगन्नाथ प्रभु को रथ में विराजमान किया जाकर मंदिर परिक्रमा करवाई गई। सभी कार्यक्रम में धर्म प्रेमियों की भीड़ उमड़ रही है । यदि सब कुछ ठीक रहा तो निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 5 जुलाई मंगलवार को आयोजित किया जाएगा । प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दिन दोपहर 2 बजे से श्री जगन्नाथ कथा के बाद रथ यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। रथयात्रा मंदिर श्री गोपीनाथ जी का से प्रारंभ होकर रींगस बाजार, चौपड़ बाजार , नवोडी, गौशाला बाजार, खंडेला बाजार, सुरानी बाजार ,पंजाबी मोहल्ला, खटोडा बाजार, राजपथ रोड से होते हुए सभी भक्तों को दर्शन प्रदान करते हुए मंदिर श्री गोपीनाथजी का पहुंचेगी । रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा जी विशाल 21 फीट ऊंचे रथ में विराजमान रहेंगे। यात्रा में देश-विदेश, वृंदावन, दिल्ली, जयपुर, चौमू, गोविंदगढ़ ,सीकर, नीमकाथाना, सरदार शहर, ब्यावर, उदयपुर व स्थानीय भक्तों की मंडली नृत्य मय संकीर्तन करते हुए व शाही लवाजमे के साथ चलेगी। मंदिर में सायकाल समापन के बाद सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद का कार्यक्रम होगा।

## बुजुर्ग से 10 हजार की ठगी की

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह कस्बे में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग को युवक ने रात्री विश्राम की शरण लेने की आड़ में 10 हजार रुपये की ठगी का शिकार बना लेने का मामला सामने आया। मिली जानकारी के अनुसार लाम्बाहरिसिंह निवासी रतना पुत्र रामसुखा जाट कस्बे के हरिसागर कुण्ड पर अन्य लोगों के साथ बारह खम्भा छत्री पर विश्राम कर रहा था इसी दौरान एक युवक वहां पहुंच गया तथा स्वयं को पचेवर निवासी श्योराज गुर्जर बता गांव में नया होने की बात कहकर खाने के स्थान की जानकारी चाही व काफी देर तक वहीं पर बैठा रहा। शाम को जब बुजुर्ग रतना घर के लिए रवाना हुआ तो युवक ने उसे अपनी बाईक से घर छोड़ने की बात कहते हुए रतना को बाईक से घर ले गया। देर शाम हो जाने के चलते बुजुर्ग रतना ने मानवता दिखाते हुए युवक को गांव में अनभिज्ञ होने के चलते रात घर पर ही गुजारना का मानवीय धर्म निभाया लेकिन शातिर युवक ने मानवता को शर्मसार करते हुए मध्य रात्री बाद बुजुर्ग के जेब में रखे 10 हजार रूपये चुरा भाग छुटा।

## फिरौती व फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम भैंसलाना में विगत 23 जून की रात्रि को शराब ठेके पर फिरौती वसूली की मांग को लेकर की गई फायरिंग के मामले में सरूण्ड थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

गौरतलब है कि मुख्य आरोपी वारदात के बाद से ही फरार चल रहा था। सरूण्ड थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह ने बताया कि विगत 23 जून की रात्रि को ग्राम भैंसलाना में अंग्रेजी व देशी शराब के ठेके से प्रति माह 10 प्रतिशत कमीशन की फिरौती मांगने एवं ठेकेदार द्वारा मना करने पर सैल्समैन पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का मामला सामने आया था।

मामले की गंभीता को देखते हुए जयपुर ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल ने एएसपी विधा प्रकाश व डीएसपी डॉ. संध्या यादव को शीघ्र ही कड़ी कार्यवाही का निर्देश देते हुए उक्त अधिकारियों के निर्देशन व सुपरविजन में एसएचओ

■ **आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में कुल 27 मामले दर्ज हैं**

इन्द्राज सिंह के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया था। घटनाक्रम में सरूण्ड थाने पर आईपीसी की धारा 307, 384, आर्म्स एक्ट व एससी एसटी एक्ट में गंभीर प्रकरण दर्ज करवाया गया था। इस पर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अलग अलग टीमों का गठन कर तकनीकी साधनों की सहायता व मुखबीर की सूचना पर वारदात के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर अजय सिंह पुत्र गिरवर सिंह राजपूत निवासी ग्राम भैंसलाना को गिरफ्तार कर लिया। उक्त मुल्जिम को पुछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में कुल 27 मामले दर्ज है।

## शहीद की पुण्यतिथि पर रक्तदान किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** उपखंड के त्रिलोकपुरा निवासी शहीद हवलदार पप्पू राम सामोता की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को रक्तदान शिविर व निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शहीद पप्पूराम सामोता मैमोरियल वैलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में शहीद स्मारक स्थल गांव त्रिलोकपुरा में आयोजित शिविर के दौरान 121 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान एमजी पीजी कॉलेज की एनसीसी यूनिट ने भी रक्तदान किया। वही चिकित्सा शिविर के दौरान फिजिशियन डॉ. मंगल यादव व उनकी टीम के हृदय रोग, स्त्रीरोग, हड्डी रोग, दंत रोग, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 350 मरीजों की निशुल्क जांच कर परामर्श दिया। इस दौरान निशुल्क दवा वितरण के अलावा ईसीजी, ब्लड शुगर आदि की जांच भी फ्री की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी व कांग्रेस नेता सुभाष मील, विशिष्ट अतिथि जाट महासभा के देवीलाल कटारिया, राजेश निठारवाल खंडेला, सरपंच सुंदरलाल भावरिया, महेश फौजी कल्याणपुरा, राजेन्द्र पारीक कल्याणपुरा, पं.स. सदस्य प्रेम चौधरी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## एसजीएन हॉस्पिटल को मिली मान्यता

**पावटा, (निसं)।** एसजीएन हॉस्पिटल को नेशनल एक्रीडिएशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल एंड हेल्थ केयर प्रोवाइडर की केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से मान्यता मिल गई है। इससे हॉस्पिटल में स्वास्थ्य बीमा पालिसी धारकों को बेहतर इलाज के लिए कैशलेस समेत उच्च श्रेणी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। एसजीएन हॉस्पिटल के संचालक डॉ. जय राम यादव ने बताया केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नेशनल एक्रीडिएशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल एंड हेल्थ केयर प्रोवाइडर (एनएबीएच) की मान्यता दे दी है। इससे एसजीएन पावटा क्षेत्र का एकमात्र (एनएबीएच) अधिकृत हॉस्पिटल की श्रेणी प्राप्त करने में सफल हो गया। बताया कि अब जन सामान्य के साथ-साथ एसजीएन हॉस्पिटल में स्वास्थ्य बीमा पालिसी धारकों को बेहतर इलाज कराने की कैशलेस समेत उच्च श्रेणी की स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिल सकेंगी। इससे मरीजों को बाहर इलाज कराने से छुटकारा मिल जाएगा। मान्यता प्राप्त होने पर अस्पताल निदेशक डॉ.जयराम यादव एवं उनकी पूरी टीम को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने शुभकामनाएं व बधाई दी ।

## मोबाइल पर गेम खेलने का प्रलोभन देकर नाबालिक से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** भिवाड़ी जिला पुलिस क्षेत्र के मांढण थाना अधिकारी मुकेश कुमार तथा उसकी टीम के द्वारा मोबाइल फोन पर गेम खेलने का प्रलोभन देकर बलात्कार करने वाले मनोज कुमार पुत्र मुंशीराम जाति कुमार को गिरफ्तार किया।

1 जुलाई को परिवादी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी नाबालिग लड़की काफी दिन से गुमसुम रहती थी जिससे काफी पूछने के बाद उसने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले मनोज पुत्र मुंशीराम ने उसको यह कहकर अपने घर बुलाकर ले गया कि तेरी ताई बुला रही है तो मनोज के साथ घर गई तो मनोज के घर से आ रही थी तभी रास्ते में मनोज नाबालिक को पास के धर्मशाला में ले गया उसके साथ बलात्कार किया और धमकी दी कि अगर इस बारे में किसी को बताएगी तो तुझे और तेरे परिवार को जहर देकर मार दूंगा।

## महाविद्यालय को मिली यूजी से पीजी की स्वीकृति

**मालपुरा, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोद द्वारा वर्ष 2022-23 में की गई बजट घोषणा की अनुपालना में बीते दिन जारी आदेशों में प्रदेश के 25 राजकीय महाविद्यालयों को यूजी से पीजी स्तर में कमोन्नत किये जाने की सूची में मालपुरा महाविद्यालय को पीजी की सौगात मिली। विद्यार्थी परिषद पदाधिकारी व महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ महासचिव घनश्याम शर्मा ने बताया कि वर्ष 1996 में शुरू हुए मालपुरा महाविद्यालय में स्नातक स्तर की अध्ययन व्यवस्था होने के चलते स्नातकोतर स्तर की शिक्षा के लिए ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शहरों में शिक्षा के लिए जाना पड़ रहा था। विधार्थी परिषद सहित छात्र संगठनों द्वारा मालपुरा महाविद्यालय को स्नातकोतर में क्रमोन्नत किये जाने की लम्बे समय से की जा रही मांग पर बीते दिनों मुख्यमंत्री द्वारा की गई बजट घोषणा की क्रियान्वित में सफलता मिली।

# बहड के आम रास्ते में भरे कीचड़ से ग्रामीण त्रस्त

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत बहड में आम रास्ते पर भरे कीचड़ से आमजन को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पंचायत प्रशासन को लिखित में देने के बाद भी गांव में बनी नालियां व सडक पर कीचड भरा हुआ है। जिससे गांव में आने जाने वाले राहगिरों सहित आमजन को परेशानी हो रही है लेकिन सचिव हनुमान सिंह की हटधर्मिता से कोई कार्य नहीं किया गया हैं। उन्होंने बताया कि सचिव को बार बार कहने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। आज 2 महीने हो गए सूचना देने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं जिससे लोगों को कीचड में से होकर गुजरना पडता है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त हैं।



**ग्राम पंचायत बहड के आम रास्ते पर भरे कीचड़ से आमजन को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

## श्याम पदयात्रियों का स्वागत किया

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय श्याम मंदिर में इंदौर से आए श्याम पदयात्रियों का श्याम मंदिर कमेटी द्वारा रविवार को स्वागत किया गया। श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया कि इंदौर से चौहान परिवार द्वारा बाबा श्याम मंदिर निवाई पहुंचकर श्याम निशान की पूजा अर्चना की। इसके बाद पदयात्रियों का मंदिर कमेटी की ओर से पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी द्वारा भव्य स्वागत किया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु सचिन चौहान अपनी पत्नी माया चौहान, पडोसी ध्रूव कौशल एवं कमलेश पाल के साथ 16 जून को इंदौर से रवाना होकर रविवार को निवाई श्याम मंदिर पहुंच कर बाबा श्याम के दर्शन किए। श्रद्धालु माया चौहान अब तक 21 ध्वज उठाकर बाबा के दर्शन कर चुकी है। रविवार की शाम चार बजे पदयात्रियों को खाटूश्यामजी के लिए रवाना किया।

## सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

**कोटपूतली।** सैनी सभा संस्था द्वारा संचालित सामूहिक विवाह समिति के तत्वाधान में कस्बे में सैनी समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सोमवार को डाबला रोड़ स्थित नारायणा मैरीज गार्डन में आयोजित होगा। प्रात: 10.15 बजे सैनी सभा भवन नं. 01 से बारात रवाना होकर डाबला रोड़ स्थित श्री नारायणा मैरीज गार्डन में पहुँचेगी। जहाँ तोरण के बाद पाणिग्रहण संस्कार समेत अन्य वैवाहिक रस्मों का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर अवध बिहारी मन्दिर के महन्त महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 डॉ. बालेश्वर दास महाराज, भोमियां मन्दिर के महन्त श्री श्री 1008 जानकी दास महाराज, नागाजी मंदिर के महन्त श्री श्री 1008 महंत मक्खन दास महाराज के द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर नव वैवाहित वर-वधुओं को आर्शीवाद दिया जायेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अतिथिगण शिरकत करेगें। वहीं दूसरी ओर सामूहिक विवाह कार्यकारिणी के सदस्यों ने विवाह आयोजन को लेकर समाज के प्रबुद्ध लोगों से सम्पर्क कर उन्हें आयोजन के लिए आमंत्रित किया। साथ ही विभिन्न गाँव व ढ्राणी में प्रचार-प्रसार भी किया गया। इस दौरान समिति संरक्षक बिड़दी चंद, श्रीराम टमाटर वाले, रमेश भगतजी, अमरसिंह, रामकुंवार, एड. पवन कुमार, महेश कुमार, ख्यालीराम, प्रहलाद चंद, चतरू राम, मुकेश, विजय मुनीम, ओमप्रकाश, संस्था अध्यक्ष राकेश सैनी, एड. योगेश सैनी, महावीर सांखला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सार-समाचार

### पाठ्य सामग्री वितरित की



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित सरकारी बालिका विद्यालय के छात्र-छात्राओं को समाजसेवी प्रदीप सैनी की पुत्रवधु एवं नगर पालिका फुलेरा की वार्ड पार्षद पूजा भाटी के द्वारा पाठ्य सामग्री वितरण की गई। जिसके अंतर्गत बैग, पेंसिल, रबड़ आदि वितरण किए गए। इसी क्रम में कार्यक्रम में पधारे नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने भामाशाह के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि हमें सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। वहीं आगे बताया कि हमें बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। इसी को लेकर पार्षद पूजा भाटी ने कहा कि हमने सभी सरकारी विद्यालयों में पाठ्य सामग्री वितरण करने का निर्णय लिया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दक्षा शर्मा ने भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया गया। वहीं समाजसेवी एवं भामाशाह प्रदीप सैनी ने उपस्थित सभी लोगों से भी सरकारी विद्यालयों में आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया। इस अवसर पर शिक्षाविद् शक्ति सिंह, समाज सेवी निर्मल शर्मा, पार्षद यतेंद्र जाखड़ा विद्यासागर शर्मा, पूर्व पार्षद विजय पापटवान, अभिषेक वर्मा, दौलत चौधरी, प्रेम आहूजा, सत्यनारायण सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 51 पौधे लगाकर प्रकृति का संदेश दिया



**श्रीमाधोपुर।** प्लास्टिक प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया। पर्यावरण मित्र हिमांशु जोशी ने प्लास्टिक को प्राकृतिक पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बताते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध का पालन करने की शपथ लेते हुए ग्रीन पथ वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, भोजराज सैनी, नरेश राणा, हरदेव शेषमा व हिमांशु जोशी की टीम ने नायनका जोशी श्मशान भूमि में शीशम व नीम के 51 पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। गौरतलब है कि नायनका जोशी शमशान भूमि विकास समिति ने गत वर्ष से श्मशान भूमि में पौधारोपण शुरू किया था।

### बच्चों ने लोगों को जागरूक किया



**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा स्थित में छोटे छोटे स्कूली बच्चों द्वारा जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत जल संचयन एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर आमजन को जल के महत्व को समझाया। जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत आस-पास वृक्षारोपण कर नदी, नालो, तालाबों का सौन्दर्यीकरण बढाने के साथ ही लाखों की संया में सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। शिशु प्ले पर्ल हाउस एकेडमी के बच्चों द्वारा स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों एवं उनके अभिभावकों को जल संरक्षण, वृक्षारोपण सहित अन्य जीवन से जुडी मूलभूत सुविधाओं के संरक्षण एवं सदुपयोग का संदेश दिया गया।

### टीकाराम जूली का सम्मान किया



**अलवर, (निसं)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) जिला शाखा अलवर द्वारा सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री, राज. सरकार टीकाराम जूली का मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया । महासंघ के जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में सभी विभागों के सैकडों कर्मचारी जूली के कार्यालय पर पहुंचे और कर्मचारियों की समय-समय पर प्राप्त होने वाली समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु मंत्री जूली का आभार व्यक्त किया गया। संघ जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा ने बताया कि मंत्री जूली को कर्मचारी महासंघ द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं से समय-समय पर अवगत कराया जाता है जिसका निराकरण मंत्री महोदय की ओर से यथाशीघ्र कर दिया जाता है इसलिए जिले भर के कर्मचारियों ने मंत्री श्री जूली का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कर्मचारी नेता खेमचंद सोमवंशी, श्रीराम मीणा , संजीव सक्सेना, कैलाश शर्मा, संजय सिंह चौहान, कृष्ण कांत शर्मा, महेश यादव, संजय शुक्ला, सतेंद्र टोंगडा, शिवलाल सैनी, पवन यादव सहित सैकडों कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डॉ. सीताराम वर्मा को विदाई दी



**बहरोड़/ अलवर, (निसं)।** पशु चिकित्सक संघ राजस्थान, अलवर द्वारा अलवर के एक निजी रिसोर्ट में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी एवं मालाखेड़ा तहसील प्रभारी डॉ. सीताराम वर्मा का सेवानिवृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के अधिकांश पशु चिकित्सा अधिकारीयों ने भाग लिया, विभाग में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ. वर्मा का अभिनंदन एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया कार्यक्रम के दौरान वाइल्ड लाइफ रिसर्च एंड रेस्क्यू सेंटर अलवर द्वारा उनके मिशन "सांस " के अंतर्गत इक्यावन इंडोर प्लांट्स का सभी अधिकारियों एवं आगंतुकों को वितरण किया गया। वाइल्ड लाइफ रिसर्च एंड रेस्क्यू सेंटर की तरफ से पौधों का वितरण अध्यक्ष विवेक जसाईवाल, एवं सदस्यों डॉ शुभराम जाट, डॉ विजय मंडोवरा एवं अनुपमा शर्मा द्वारा किया गया। अध्यक्ष विवेक ने बताया कि संस्था ने अलवर में एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह पौधे लगाने का मिशन गत माह से शुरू किया है। कार्यक्रम के दौरान ही इनरव्हील क्लब बहरोड़ द्वारा उनकी थीम"डोंट यूज प्लास्टिक, सेव अर्थ"के तहत कपड़े से बने दो सो कैरी बैग्स का वितरण उपस्थित सभी सदस्यों को अध्यक्ष डॉ अर्चना श्रृंगी एवं चार्टर प्रेसिडेंट अनुपमा शर्मा द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त

### अंजली अध्यक्ष व चन्द्रकला महामंत्री

**टोंक,** (निसं)। वैश्य महासम्मेलन जिला टोंक की महिला मंडल की ब्लॉक की बैठक का आयोजन विजयवर्गीय भवन टोंक में किया गया, जिसमें टोंक ब्लॉक की महिला इकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष रामजीलाल विजयवर्गीय एवं जिला महामंत्री महेंद्र दुसाद खंडेलवाल के निर्देशानुसार महिला जिलाध्यक्ष रेखा जाजू की सहमति से टोंक ब्लॉक अध्यक्ष अंजली शेखावाटिया ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की है। संरक्षक पद पर गीता विजयवर्गीय, संतोष गुप्ता, सीता विजयवर्गीय, मंजू विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष हेमलता खंडेलवाल, श्वेता खंडेलवाल, सुनीता जैन, महामंत्री चन्द्रकला भगत, कोषाध्यक्ष मोनिका सेठी, सारिका सोनी, मंत्री अनिता चौधरी एवं मधु लुहाडिया को मनोनीत किया है। अंजली शेखावाटिया ने सभी नव-नियुक्त महिला पदाधिकारियों का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कन्हैया के हत्यारों को फांसी की मांग

**पावटा,** (निसं)। उदयपुर जिले में हुई घटना को लेकर निकटवर्ती ग्राम लुहाकना भोमिया बाबा मंदिर प्रांगण में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन शर्मा जवानपुरा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर हत्यारों को फांसी की मांग की गई। इस दौरान वरिष्ठ किसान नेता व जीएसएस पूर्व अध्यक्ष अर्जुनलाल मीणा ने कहा कि हम सबको पुरजोर तरीके से कन्हैया हत्याकांड के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और सरकार से मांग करनी चाहिए कि अपराधियों को तुरंत फांसी दी जाए। सय समाज में ऐसी घटनाओं का कोई स्थान नहीं है। इस मौके पर पूर्व सरपंच कैलाश गुर्जर, सूरजमल गुर्जर, छोटेलाल शास्त्री, सुगाराम गुर्जर, दीनाराम ठेकेदार, मालीराम बुनकर, चंदा राम गुर्जर, हंसराज भक्त, महेंद्र बुनकर, दीपचंद बुनकर, मालीराम बिछवाल, धूणीलाल धानका, उमराव, संतराम, सतीश, ओमप्रकाश, मनोहर लाल, मुरारी, दौलत राम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### स्कूल से पानी की मोटर चोरी

**सांभरझील।** यहां कटला बाजार स्थित शांति निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल से टंकियों में पानी चढ़ाने के काम में आने वाली मोटर चोरी हो गयी, जियका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। स्कूल की हैड साक्षी गांधी की ओर से इस आशय की रिपोर्ट पुलिस में भी दी गयी है।

### कार्यकारिणी का गठन

**टोंक,** (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, मंत्री अशोक गांधी, जिलाध्यक्ष रामजीलाल विजयवर्गीय, महामंत्री महेन्द्र दुसाद के निर्देशानुसार युवा वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष राजेश मंगल द्वारा जिले में टोंक जिला वैश्य युवा कार्यकारिणी का गठन किया गया है।

### कृषि ऋण पर ब्याज लगने का डर

**टोंक,** (निसं)। कठमाणा ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष शिवजी राम यादव ने मुख्यमंत्री को नेटबंदी के कारण अंतिम तारीख 30 जून तक फसली ऋण जमा नहीं कराने वाले किसानों को 10 जुलाई तक ऋण जमा करवाने की अवधी बढ़ाने के लिए एवं ऋण को अवधी पार नहीं करने के लिए पत्र लिखा है।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जे.एल.एन.मार्ग जवाहर सर्किल के पास, जयपुर 0141-4901853

**आम जाहिर सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 4/337 मालवीय नगर जयपुर क्षेत्रफल 90.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री हेमन दास पुत्र श्री खेम चन्द को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3238दिनांक 01.10.1984 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 21.01.1994 को करवाया गया। श्री हेमन दास की मृत्यु दिनांक 15.03.1994 को हो जाने के पश्चात श्री नरेश कुमार सुखनानी पुत्र स्व.श्री मोहन दास सुखनानी एवं श्रीमती अनुराधा सुखनानी पत्नी स्व.श्री अशोक कुमार सुखनानी के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री नरेश कुमा सुखनानी पुत्र स्व.श्री मोहन दास सुखनानी एवं श्रीमती अनुराधा सुखनानी पत्नी स्व.श्री अशोक कुमार सुखनानी पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

# बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक को जान से मारने की धमकी

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे में रविवार को निजी क्लीनिक पर बैठकर मरीज देख रहे एक सरकारी चिकित्सक पर एक निजी लैब के मालिक के द्वारा गाली गलौज हाथापाई करने के आरोप सहित जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

मामले को लेकर चाकसू हॉस्पिटल के सामने और पुलिस थाने के सामने अच्छा खासा हंगामा हो गया और चिकित्सकों एवं आम लोगों की भारी भीड जमा हो गई जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का माहौल गर्म हो गया।

■ हॉस्पिटल और पुलिस थाने के सामने अच्छा खासा हंगामा रहा



मारपीट को लेकर चिकित्सकों एवं लोगों की भीड़ पुलिस थाने के सामने जमा हो गई।

चाकसू थाना अधिकारी यशवंत सिंह यादव ने बताया कि उपजिला चिकित्सालय के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ शंकर लाल प्रजापत ने एक प्राइवेट लैब के मालिक पर जान से मारने की धमकी देने एवं क्लिनिक पर पहुंच कर गाली गलौच करने एवं हाथापाई करने का आरोप लगाते हुए चाकसू थाने में मामला दर्ज करवाया है। डॉ शंकर लाल प्रजापति ने रिपोर्ट में बताया है कि हंसराज गुप्ता जो कि खण्डेलवाल डाइग्नोस्टिक लैब का मालिक है जो मेरे निजी क्लीनिक पर आता है और गाली गलौज करके तलवार से काटने एवं जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने पर उतारू हो जाता है। मैं वहां से बड़ी मुश्किल से बाहर निकल कर थाने में पहुंचा हूं इस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर के जांच में जुट गई है मामले में अभी तक आरोपी फरार है।

### मीणा समाज की कार्यकारिणी गठित

**नारायणपुर,** (निसं)। आदिवासी मीना सेवा समिति वाल क्षेत्र की बैठक रविवार को मातादीन मीणा की अध्यक्षता में तलुंडी मोहल्ले में स्थित दादा जी का चबूतरा पर आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नारायणपुर ईकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। नारायणपुर ईकाई का अध्यक्ष कैलाश वैद्य को नियुक्त किया गया, उपाध्यक्ष पद पर प्रेमसिंह, सचिव पद पर घनश्याम, सह सचिव पद पर मुरारी लाल और कोषाध्यक्ष पद पर रामजीलाल को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों का समाज के लोगों द्वारा माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया और वालक्षेत्र अध्यक्ष मातादीन मीणा द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर बुधाराम, छाजूराम, रत्तीराम, सीताराम, जलेसिंह, रामस्वरूप, श्रवण, सुभाष, सरदारा राम, कालू पंच, रामसिंह, महेश सहित समाज के सैकडो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हजारों अभ्यर्थियों ने दी पीटीईटी की परीक्षा

**टोंक,** (निसं)। जिला मुख्यालय सहित निवाई में दो वर्षीय बीएड कोर्स तथा 4 वर्षीय इन्टीग्रेटेड बीए बीएड एवं बीएससी बीएड कोर्स में एडमिशन के लिए पीटीईटी परीक्षा 2022 रविवार को शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई, जिसमें हजारों अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी।

जिला मुख्यालय सहित जिले के निवाई में पीटीईटी के लिय टोंक व निवाई में कुल 47 परीक्षा केन्द्र बनाये गये। जिला मुख्यालय पर सवेरे से ही पीटीईटी परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थियों का आना शुरु हो गया और सुबह ही सडकों पर परीक्षार्थियों की भीड भाड नजर आई। जहा सवेरे 11.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे बीएड कोर्स में प्रवेश पाने के लिय परीक्षार्थियों ने पात्रता परीक्षा दी। परीक्षा शुरु होने के साथ ही प्रशासनिक, पुलिस एवं उडनदस्ते में


जिला मुख्यालय सहित निवाई में पीटीईटी परीक्षा के कुल 47 केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ रही।

तैनात अधिकारी टोंक शहर में परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण का निरीक्षण करते हुए नजर आए। बाजार में परीक्षा सम्पन्न होते ही परीक्षार्थियों की भीड भाड शुरु हुई तो यातायात पुलिस कर्मियों ने यातायात व्यवस्था को बहाल किया। इस परीक्षा) के जरिए पात्र अभ्यार्थियो को बीएड कॉलेजों में सत्र 2022-23 के लिए दो वर्षीय बीएड कोर्स तथा 4 वर्षीय इन्टीग्रेटेड बीए बीएड एवं बीएससी बीएड कोर्स करने के लिय प्रवेश मिलेगा।

# पीड़ित दलित परिवार से ली तथ्यात्मक जानकारी

**अलवर।** दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएस एमएम) प्रतिनिधिमंडल ने मंच के प्रदेश सह संयोजक डॉ.रमेश बैरवा के नेतृत्व में अलवर की मुंडावर तहसील के गांव सुखमनहेडी पहुंच कर दलित उत्पीडन की घटना की जानकारी ली।

प्रतिनिधिमंडल में मंच जिला संयोजक मंडल के सदस्य जीतसिंह, उमेश कुमार बिसराल, एडवोकेट पंकज सांवरिया, महेश जाजोरिया एवं पत्रकार डॉ.महेश वर्मा शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने पीडित दलित हरचंद, श्रीचंद एवं फूलचंद सहित उनके परिवार जन से मुलाकात कर तथ्यात्मक जानकारी। पीडितों ने बताया कि उनका परिवार करीब 45 वर्षों से अपने खेत पर मकान बनाकर अपनी 14-15 बीघा जमीन पर खेती करता रहा है। इनके मकान और खेत पर पहुंचने के लिए सड़क से कानूनन 12 फीट का सरकारी रास्ता है। लेकिन इस पर जाट जाति के दबंगों ने अवैध कब्जा करके जबरन फसल बोदी है। सारे रास्ते को जोत दिया है, पगडंडी भी नहीं छोडी है। इस दलित परिवार के लिए अपने घर एवं खेतों पर पहुंचना असंभव हो गया है। यदि वे इस सरकारी रास्ते से जैसे-तैसे अपने घर और खेत पर जाने का साहस करते हैं तो जाति विशेष के गुंडे किस्म के अतिक्रमणकारी दलित परिवार को मार पीट की धमकी देते हैं। बदसलूकी करते हैं। गाली गलौज करते हैं। डीएसएमएम टीम ने इस प्रकरण से एक बार फिर पाया है कि गांवों में जाति विशेष के दबंगों द्वारा दलितों को परेशान और प्रताड़ित किए जाने के पीछे असल मकसद, असल नीयत दलितों की जमीनों को हथियाना है। डीएसएमएम जिला संयोजक मंडल ने तय किया है कि 4 जुलाई को दोपहर बाद 3 बजे पीडितों को साथ लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन के साथ दलित उत्पीडन की घटना की विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट देकर पीडितों की समस्या के जल्द समाधान की पुरजोर मांग की जाएगी। पुलिस अधीक्षक को भी इस समस्या से अवगत कराया जाएगा। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी ज्ञापन भेजे जाएंगे।

## विकास अधिकारी की सरपंच ने प्रधान से की शिकायत

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खोहर ग्राम पंचायत के सरपंच ने प्रधान को विकास अधिकारी द्वारा 10 पर्सेंट कमीशन मांगे जाने की शिकायत देते हुए उच्च स्तरीय कार्यवाही की मांग की।

शिकायत में बताया गया है कि पंचायत समिति के विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह चौहान द्वारा ग्राम पंचायत खोहर की सरपंच से विकास कार्यों की एवज में 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की है। सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत खोहर के ग्राम शिवदानसिंहपुरा में शिशुपालसिंह पंच वार्ड नंबर 1 ने दिनांक 2 जून 2022 को स्वयं तथा मोहल्ले वासियों द्वारा लिखित में सरपंच ग्राम पंचायत से आवेदन किया कि मोहल्ले में पेयजल टंकी व पाइप लाइन का काम किया जाए। जिस पर सरपंच ने ग्राम पंचायत के प्रस्ताव संख्या तीन के तहत इस कार्य हेतु आबादी भूमि में जगह चिन्हित करने के लिए 3 पंचों की मौका कमेटी गठित की। जिस पर तीनों पंचों ने सर्वसम्मति से जगह चिन्हित की तथा आबादी भूमि के पट्टा धारी व्यक्ति से टंकी बनाने हेतु जमीन का दान पत्र लिखवा लिया। जिसके बाद पंचायत समिति बहरोड़ के विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह चौहान ने रुपए ऐंठने की नियत से एक झूठी शिकायत अपने चहेतों से मंगवाई जिस पर कार्य नहीं करने का दबाव बनवाया। इसके बाद विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह चौहान से वार्ड पंच मिले तो विकास अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि ग्राम पंचायत की सरपंच विधायक के फेवर की नहीं है। इसलिए कोई काम नहीं करने दिया जाएगा तथा अगर कोई कार्य किया जाएगा तो 10 प्रतिशत कमीशन के रूप में राशि देनी होगी।

# उदयपुर घटना को लेकर क्षेत्र में पुलिस अब भी चाक-चौबन्द

**सांभरझील,** (निसं)। उदयपुर में कन्हैयालाल की निर्मम तरीके से की गयी हत्या के बाद संवेदनशील बने प्रदेश की कानून व्यवस्था के मद्देनजर फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में पुलिस पूरी तरह से चाक चौबन्द बनी हुयी है।

पुलिस के आला अधिकारियों की ओर से खास निर्देश के बाद दूदू एडिशनल एसपी दिनेश शर्मा, सांभर एसडीएम जयन्त चौधरी व सांभर डिप्टी लक्ष्मी सुथार ने पुलिस फोर्स के साथ अनेक थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों में सुरक्षा का माहौल बनाये रखने के लिये पुलिस का फ्लैग मार्च भी निकाला गया। लिखने योग्य है कि सांभर समूचे प्रदेश में सौम्प्रदायिक सौहार्द की खास मिसाल आज भी कायम हुये है, लेकिन एहतियात के तौर पर नगर के मौजिज लोगों व सीएलजी सदस्यों की बैठक आहूत कर एडिशनल एसपी दिनेश शर्मा व एसडीएम जयन्त चौधरी ने सभी को भाईचारे के साथ रहने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने व ऐसे मैसेज को सोशल मीडिया पर आगे फारवर्ड नहीं करने के लिये अपील की जिससे माहौल खराब होता हो। डिप्टी लक्ष्मी सुथार से बात करने पर उन्होंने बताया कि आज तीन दिन बाद इंण्टरनेट सेवा बहाल की गयी है, पुलिस ने इसके लिये आमजन, मीडिया बंधुओं से सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म पर संयम बरतने की अपील की है। गलती


सांभर की पुरानी धानमण्डी में एडिशनल एसपी ने सीएलजी सदस्यों व गणमान्य लोगों के साथ बैठक ली।

या हंसी मजाक में धार्मिक भावनायें आहत करने वाला कुछ नहीं रखे, न ही स्टेटस पर लगायें, मोबाइल व सोशल मीडिया प्लेटफार्म से बच्चों को दूर रखें। सीएलजी की बैठक में तहसीलदार हरिसंह राव, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेन्द्र नारनोली, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल, दरगाह खादिम सैय्यद अलताफ अहमद, अंजुमन कमेटी के सलाम शेख, शमीम अजमेरी उर्फ भोलू खां, वक्फ कमेटी के सदर एडवोकेट जाकिर हुसैन, पूर्व पार्षद विनोद गट्टानी, कमला खारड़िया, पूर्व पार्षद हनीफ खां, हिन्दू संगठन से जुड़े देवेन्द्र कुमार भार्गव, सहित अनेक लोग भी मौजूद रहे।

### थानाधिकारी की आमजन से अपील

**फुलेरा,** (निसं)। राजस्थान में 5 दिन बाद इंटरनेट सुविधा सूचारू होने पर क्षेत्र के युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। गौरतलब है कि 29 जून से 3 जुलाई सायं 5 बजे तक इन्टरनेट सुविधा बन्द होने के कारण इन्टरनेट से जुडी आवश्यक कार्य प्रणाली अवरुद्ध हो गयी थी।

हालांकि ई-मित्र, बैंक, रेलवे स्टेशन आदि पर ब्राडबैंड(वाई-फाई) की सहायता से कार्य चल रहा था। इसी क्रम में फुलेरा थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ ने समस्त आमजन से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म पर संयम बरतें। क्योंकि आपकी एक गलत टिप्पणी, गलत फोटो, गलत संदेश, गलत लाइक अथवा गलत स्टेटस फॉरवर्ड करने से माहौल खराब हो सकता है। अतः आप सभी बेहद सावधानी एवं संयम बरतें। साथ ही किसी प्रकार की कोई धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कोई मेसेज नहीं रखें ना ही किसी को फारवर्ड करें और ना स्टैटस पर लगाएं। वहीं बच्चों को मोबाइल व सोशल मीडिया प्लेटफार्म से दूर रखें। जिले एवं राज्य में सौहार्दपूर्ण सद्भाव बनाये रखने हेतु सभी लोग सहयोग करे। इसी क्रम में आगे बताया कि सोशल मीडिया पर पुलिस साईबर सैल एवं अन्य संस्थाओं द्वारा पैनी नजर रखी हुई है। किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार का भ्रामक पोस्ट की जाती है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आमजन जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस का सहयोग करे।

■ इंटरनेट सेवा बहाल होने पर पुलिस की खास अपील

### सड़क निर्माण व कैनाल की सफाई का अनुरोध

**सांभरझील,** (निसं)। अम्बेडकर भवन के सामने से तेजाजी चौक जाने वाले रास्ते पर सड़क निर्माण करवाये जाने एवं देवयानी सरोवर से सिवानिया तक बारिश के पानी के लिये बनायी गयी कच्ची कैनाल में जगह जगह व्याप्त अवरोधक हटाये जाने के लिये पब्लिक राईटस एसोसिएशन के पदाधिकारी गोपाल लाल नोगिया व रब्बानी खान ने तहसीलदार हरिसिंह राव को इस आशय के अलग अलग दो पत्र सौंपे।

गोपाल नोगिया ने बताया कि बारिश के कारण यह रास्ता तालाब का रूप ले लेता है, रास्ते में आधा से एक फुट तक गड्ढे हो गये है, ऐसे में लोगों की आवाजाही और मुश्किल हो जाती है। यदि रोड का काम शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो उन्हें धरने पर बैठने के लिये मजबूर होना पडेगा। इसी प्रकार रब्बानी खान ने विगत दिनों प्रकाशित खबर के आधार पर देवयानी सरोवर से सिवानिया तक बारिश के पानी को सरोवर में पहुंचाने के लिये बनायी कच्ची कैनाल की विगत एक साल में कोई साफ सफाई नहीं होने से नाराजगी जाहिर की है। इन पदाधिकारियों ने तहसीलदार से मुलाकात कर जनहित में इन मुद्दों को हल करवाने का अनुरोध किया है।

### पावटा-प्रागपुरा बंद का आव्हान

**पावटा,** (निसं)। उदयपुर जिले में टेलर कन्हैयालाल की हत्या के मामले में संपूर्ण हिंदू समाज, सामाजिक संगठन व व्यापारिक संगठन एवं राजनीतिक क्षेत्र में काम करने वाले सभी कार्यकर्ता विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दुर्गा वाहिनी, मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पावटा वस्त्र व्यापार मंडल, पावटा किराना व्यापार मंडल,पावटा मनिहारी व्यापार मंडल, पावटा सब्जी मंडी सहित संपूर्ण सामाजिक संगठन व सर्व समाज के प्रमुख लोगों द्वारा ग्रीन पार्क होटल पावटा में एक बैठक का आयोजन कर सर्व समति से निर्णय लेते हुए 4 जुलाई को इमरजेंसी सेवाओं को छोडकर संपूर्ण नगरपालिका क्षेत्र में बाजार बंद का आव्हान व मौन जुलूस निकाल कर उपखंड कार्यालय पावटा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौप हिंदू धर्म के लिए बलिदान होने वाले कन्हैयालाल को 2 मिनिट का मौन रख श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# भंवर जितेंद्र सिंह व मंत्री जूली का स्वागत किया

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली का अलवर से दिल्ली जाते वक्त रविवार को किशनगढ़ बास में विधायक कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया।

इस दौरान विधायक दीपचंद खैरिया जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा प्रधान बद्री प्रसाद सुमन सहित कांग्रेस के जिला वे ब्लॉक संगठन के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि रविवार को अलवर से दिल्ली जा रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह व केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा का किशनगढ़ बास में विधायक कार्यालय पहुंचने पर विधायक दीपचन्द खैरिया के नेतृत्व में प्रधान पार्षद सरपंच सहित कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर नगरपालिका प्रतिपक्ष नेता उमेश यादव, गिरीश डाटा, धीरुभाई, रामचन्द्र कामरेड, मनोज बुराड़िया, पवन वासु, राजेन्द्र सिंघल, सरपंच अब्बास खान, सरपंच जेकम खान, सरपंच अशोक कुमार, पार्षद नितिन यादव, सुनील सांवरिया, जतिन लालवानी, त्रिभुवन शर्मा, भागेन्द्र खैरिया, अर्जुन ठाकुर सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अतिक्रमणों पर चला पंचायत का पीला पंजा

**मालपुरा,** (निसं)। रिण्डलिया ग्राम पंचायत के कल्याणपुरा गांव में सिवायचक भूमि पर वर्षों से काबिज अतिक्रमियों पर ग्राम पंचायत ने कार्यवाही करते हुए पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में जेसीबी की सहायता से कच्चे-पक्के अतिक्रमण ध्वस्त किये। पंचायत सरपंच रूचिता सैनी ने बताया कि गांव की तकरीबन 3 बीघा सरकारी भूमि पर कई सालों से अतिक्रमण कर कच्चे-पक्के निर्माण करने वाले अतिक्रमियों को कई बार पंचायत की ओर से नोटिस जारी किये गये। जिला कलेक्टर व संभागीय आयुक्त की जनसुनवाई में भी मामला रखा गया। पूर्व में भी पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाये गये। लेकिन अतिक्रमियों द्वारा दोबारा अतिक्रमण कर लेने के चलते एसडीएम आरके वर्मा के निर्देशों पर तहसीलदार जीआर बैरवा व राजस्व विभाग सहित थानाधिकारी कैलाश विश्नोई की निगरानी में भारी पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमणों को हटा सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त की कार्यवाही की गई।

### अवैध बजरी सहित ट्रेलर जब्त

**डिग्गी,** (निसं)। डिग्गी थाना पुलिस ने बजरी परिवहन पर कार्यवाही की। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि अल सवेरे दौराने गश्त के जयसिंहपुरा मोड से एक ट्रेलर आरजे 26 जी ऐ 4815 को अवैध बजरी परिवहन करते हुए जप्त किया गया है। चालक सत्यनारायण पुत्र नन्दलाल जाति गौस्वामी निवासी बनेडिया थाना टोडारायसिंह जिला टोंक को गिरप्तार किया गया गया है। प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

**खोया पाया**

थार डवलपमेंट सोसायटी रजि.नं. 111/जयपुर/1993-94 के मूल दस्तावेज जिसमें सर्टिफिकेट, बॉयलॉज व एक्जीक्यूटिव कमेटी लिस्ट इत्यादि कहीं गुम हो गये मिलने पर सूचित करें- पुरूषोतम भारद्वाज 9829069580

**लुनियावास गृह निर्माण सहकारी समिति लि.जयपुर**

क्रमांक-एसपी.01 दिनांक-02/07/2022

**आम सभा की सूचना**

समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाक 18.7.2022 को प्रातः 11.00 बजे समिति कार्यालय-अशोका होटल, ई.पी.आई.पी.गेट के सामने, सांगानेर जयपुर पर आयोजित की जायेगी, जिसका एजेण्डा निम्नानुसार है-
1. गत आमसभा की पुष्टि।
2. समिति की गत वर्षों की ऑडिट का अनुमोदन एवं ऑडिट अनुपालना पर विचार।
3. विभाग द्वारा जारी संशोधित उपनियमों को अंगीकार करने पर विचार।
4. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

अतः समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त समय पर आम सभा में उपस्थित होंवे।
मंत्री, लुनियावास गृह निर्माण सहकारी समिति लि.जयपुर

**बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि.जयपुर**

क्रमांक-एसपी.01 दिनांक-01/07/2022

**आम सभा की सूचना**

समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाक 15.7.2022 को प्रातः 11.00 बजे समिति कार्यालय-बी-3, पिंकटावर, टोंक पुलिया से पहले, टोंक रोड, जयपुर पर आयोजित की जायेगी, जिसका एजेण्डा निम्नानुसार है-
1. गत आमसभा की पुष्टि।
2. समिति की गत वर्षों की ऑडिट का अनुमोदन एवं ऑडिट अनुपालना पर विचार।
3. विभाग द्वारा जारी संशोधित उपनियमों को अंगीकार करने पर विचार।
4. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

अतः समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त समय पर आम सभा में उपस्थित होंवे।
मंत्री, बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

**राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर**

दि.2.7.2022 आम सूचना रजि.नं. 2877/एल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की आवासीय योजना श्री कृष्णा विहार स्थित ग्राम कपूरावाला तह.सांगानेर जयपुर जो कि ओम खरवास निवासी मांग्यावास तह.सांगानेर के द्वारा विकसित की गई जिसके पट्टे ओम खरबास समिति कार्यालय में से ले जाकर आवंटियों को दिये हैं जिसमें ओम खरबास ने सोसायटी के पूर्व पदाधिकारियों को धोखा देकर 9 भूखण्ड क्रमशः 95, 95-A लगायत 102 बिना अधिकारिता के पट्टे ले गया उक्त नो भूखण्डों पर समिति के रिकार्ड में ओम खरबास के हस्ताक्षर हैं जिसके लिये ओम खरबास स्वयं जिम्मेदार है तथा ओम खरबास के विरुद्ध समिति के वर्तमान पदाधिकारियों द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा रही है। मंत्री,
राम नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

**सख्यांक 6**

**अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना**

**(आदेश 41 का नियम 14)**

न्यायलय अपील किराया प्राधिकरण स्थान उदयपुर (राज.) श्री एफ.यू.खान आदी विरूद्ध श्रीमती नीलु माथुर आदी
- अपीलान्टस् - रेस्पोन्डेन्ट्स
मु.न. 11/2021 अ.दी. (किराया)
- अपीलार्थी - प्रत्यर्थी

न्यायालय किराया अधिकरण, उदयपुर के न्यायालय की तामील 2-8-2021 प्रकरण संख्या 26/2010 रेन्ट कंट्रोल को अपील प्रेषिति संख्या 1. श्रीमती नीलु माथुर पत्नी स्व. श्री विजय कुमार माथुर निवासी नाग कॉटेज, सहेली मार्ग, उदयपुर हाल जयपुर (राज.) प्रेषिति संख्या 2. श्री हर्ष माथुर पिता स्व. श्री विजय कुमार माथुर निवासी नाग कॉटेज सहेली मार्ग, उदयपुर (राज.) हाल जयपुर (राज.)

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में उपरोक्त की डिक्री की अपील द्वारा उपस्थपित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा तारीख 27.07.2022 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके कार्य करने के लिये विधिना अधिकृत कोई व्यक्ति उप संजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जाएगी। यह आज तारीख 2.7.2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

(मुहर) आज्ञा से,
न्यायलय वरिष्ठ मुन्सरीम
जिला एवं सेशन न्यायालय
उदयपुर (राज.)

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT KISHANPURA, P.S. PALSANA (SIKAR)**

No. : Proc./2022-23/58 Date : 30.06.2022

**E-Tender Notice No. 01/2022-23**

Bids for open tender of Procurement of Construction Material for Works in MGNREGA and Other Scheme in Gram Panchayat Kishanpura Panchayat Samiti Palsana(Sikar) are invited from Firms/Suppliers Registered under the GST act 2017, upto 06:00 PM of 09.07.2022 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in of state.

NIB No.:- PSP2223 A0038 UBN No.:- PSP2223 GLRC00034

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER, GRAM PANCHAYAT KISHANPURA, PNCHAYAT SAMITI PALSANA
SARPANCH, GRAM PANCHAYAT KISHANPURA, PNCHAYAT SAMITI PALSANA

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 39285952 | गृह ऋण | 1. मुकेश कुमार वर्मा 2. भगवती देवी | 29.06.2022 | 3,90,268.01/- | पट्टा नं.82, ग्राम रंजीतपुरा, ग्राम पंचायत नांगल गोविन्द पंचायत समिति गोविन्दगढ, तहसील-चौमूं, जयपुर, राजस्थान-303602 क्षेत्रफल 150 वर्गगज अर्थात 125.43 वर्गमीटर, का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-17'0" चौडा आम रास्ता, पश्चिम- 17'9" चौडा आम रास्ता, उत्तर-प्लाट नं.03, दक्षिण-प्लाट नं.05 |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है। ह./-

दिनांक- 04.07.2022
स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)



कोहली की स्लेजिंग से पहले जॉनी बेयरस्टो का स्ट्राइक रेट 21 का था और बाद में यह 150 का हो गया। वह पुजारा की तरह खेल रहे थे, मगर कोहली ने बेवजाह स्लेज करके पंत बनवा दिया।
- वीरेन्द्र सहवाग

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, विराट कोहली द्वारा जॉनी बेयरस्टो को उकसाने पर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## रोहित शर्मा



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा कोविड-19 जांच में नेगेटिव आने के बाद क्वारंटाइन से बाहर निकल गये हैं। रोहित सात जुलाई से शुरु होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए उपलब्ध रहेंगे। लीसेस्टरशर के खिलाफ अभ्यास मैच के दूसरे दिन कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि होने के बाद 35 साल के रोहित इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल की सीरीज के बचे हुए पांचवें टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं है।बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हां, रोहित के जांच की रिपोर्ट निगेटिव है। चिकित्सा प्रोटोकॉल के अनुसार अब वह क्वारंटाइन से बाहर है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।



# भारत ने इंग्लैंड को 284 पर समेटा

बर्मिंघम, 3 जुलाई। मोहम्मद सिराज (चार विकेट) और मोहम्मद शमी (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट की पहली पारी में रविवार को 284 रन पर समेट दिया। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 3 विकेट खोकर 125 रन बना लिये और उसकी कुल बढ़त 257 रन हो गई है। चेतेश्वर पुजारा (50) और ऋषभ पंत (30) रन बनाकर क्रीज पर है।

इंग्लैंड की ओर से शानदार फॉर्म में चल रहे जॉनी बेयरस्टो ने सर्वाधिक 106 रन बनाये। बेयरस्टो ने अपनी पारी में 140 गेंदें खेलकर 14 चौके और दो छक्के लगाये। बेयरस्टो के अलावा इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज 50 रन भी नहीं बना सका। विकेटकीपर सैम बिलिंग्स ने 36(57), कप्तान बेन स्टोक्स ने 25(36) और जो रूट ने 31(67) रन बनाये। मैच के तीसरे दिन 84/5 से शुरू करते हुए इंग्लैंड ने थोड़ा समय लिया, लेकिन बॉल जैसे-जैसे पुरानी होती गयी, बेयरस्टो और स्टोक्स अपने हाथ खोलते रहे।

स्टोक्स पारी को रफ्तार देने के प्रयास में शार्दुल ग्रकुर की गेंद पर बुमराह के शानदार कैच की भेंट चढ़ गये, मगर बेयरस्टो इससे बिलकुल प्रभावित नहीं हुए और बिना समय गंवाए पारी का गियर बदला। दिन की शुरुआत में 47 रन पर 11 रन बनाकर खेल रहे बेयरस्टो ने 81 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। बेयरस्टो को बिलिंग्स का साथ मिला और दोनों के बीच 92 रन की अहम साझेदारी हुई। अंततः मोहम्मद शामी ने बेयरस्टो को 106 रन पर आउट कर इस साझेदारी को समाप्त किया।

इंग्लैंड ने अपने अंतिम तीन विकेट के लिये 43 रन जोड़े, मगर भारत के पहली पारी के विशाल स्कोर के आगे वह काम न आया और भारत ने 132 रन की बढ़त हासिल की। भारत की ओर से सिराज ने चार, बुमराह ने तीन, शामी ने दो विकेट लिये जबकि ग्रकुर को एक विकेट हासिल हुआ।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एलेक्स लीज़ बो बुमराह | 6 | 9 | 1 | 0 |
| ज़ैक क्रॉली का गिल बो बुमराह | 9 | 17 | 1 | 0 |
| ऑली पोप का श्रेयस बो बुमराह | 10 | 18 | 2 | 0 |
| जो रूट का पंत बो सिराज | 31 | 67 | 4 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो का कोहली बो शमी | 106 | 140 | 14 | 2 |
| जैक लीच का पंत बो शमी | 0 | 5 | 0 | 0 |
| बेन स्टोक्स का बुमराह बो ठाकुर | 25 | 36 | 3 | 0 |
| सैम बिलिंग्स बो सिराज | 36 | 57 | 4 | 0 |
| स्टुअर्ट ब्रॉड का पंत बो सिराज | 1 | 5 | 0 | 0 |
| मैटी पॉट्स का अय्यर बो सिराज | 19 | 18 | 3 | 1 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 6 | 10 | 1 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 35 | | | |

**कुल :** 61.3 ओवर में 284/10

**विकेट पतन :** 1-16, 2-27, 3-44, 4-78, 5-83, 6-149, 7-241, 8-248, 9-267, 10-284

**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 19-3-68-3, मोहम्मद शमी 22-4-78-2, मोहम्मद सिराज 11.3-2-66-4, शार्दुल ठाकुर 7-0-48-1, रविंद्र जडेजा 2-0-3-0

# महिला हॉकी विश्व कप : भारत ने इंग्लैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका

एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), 3 जुलाई। भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच विश्व कप के पूल बी के अपने पहले मैच में कड़े मुकाबले में इंग्लैंड से 1-1 से ड्रॉ खेला। इंग्लैंड को नौवें मिनट में इसाबेला पेटर ने बढ़त दिलाई लेकिन वंदना कटारिया ने 28वें मिनट में भारत को बराबरी दिला दी।

पहले दो क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। भारत को पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में गोल करने का पहला मौका मिला लेकिन टीम ने इसे गंवा दिया। कुछ ही मिनटों बाद कप्तान और गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव करते हुए इंग्लैंड को बढ़त बनाने से रोका।

इसाबेला ने इसके बाद गेंद को डिफलेक्ट करके गोल में पहुंचाया और इंग्लैंड को बढ़त दिलाई। भारत ने पलटवार करते हुए लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन पहले प्रयास में गुरजीत कौर का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया जबकि उनके दूसरे प्रयास को इंग्लैंड की गोलकीपर हिंच ने नाकाम किया।

भारत को 17वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस बार भी गुरजीत गोल करने में विफल रहीं। तीन मिनट बाद सविता ने एक बार फिर इंग्लैंड को बढ़त दोगुनी करने से रोका और भारत को मुकाबले में बनाए रखा।

भारत को 28वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार वंदना ने रिबाउंड पर गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। भारत को मध्यांतर से ठीक पहले एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हिंच ने एक बार फिर भारत को गोल करने से रोक दिया। तीसरे क्वार्टर में इंग्लैंड ने तेज शुरुआत की लेकिन गोल करने का मौका भारत को मिला। नेहा गोयल के शॉट को हालांकि हिंच ने रोक दिया।

इंग्लैंड ने इसके बाद तीसरे क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा लेकिन टीम गोल करने में नाकाम रही। चौथे और अंतिम क्वार्टर में भी दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारत को 56वें मिनट में बढ़त बनाने का मौका मिला लेकिन शर्मिला देवी काफी करीब से गोल करने में नाकाम रहीं और गेंद उनके पैर से टकरा गई।

भारत को दो मिनट बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम ने एक बार फिर गोल करने का मौका गंवा दिया और टीम को अंक बांटने को मजबूर होना पड़ा। भारत पूल बी के अपने अगले मैच में मंगलवार को चीन से भिड़ेगा।

## बारिश ने बांग्लादेश को बचाया

डोमिनिका, 3 जुलाई। बांग्लादेश और वेस्ट इंडीज के बीच शनिवार को खेला गया पहला टी20 बारिश के कारण रद्द हो गया। वेस्ट इंडीज ने विंडसर पार्क में हुए मैच में टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया। बांग्लादेश की ओर से शाकिब अल हसन ने सर्वाधिक 29 रन बनाये। 15 गेंदों की अपनी पारी में शाकिब ने दो चौके और दो छक्के लगाये। इसके अलावा विकेटकीपर नूरुल हसन ने 16 गेंदों पर एक चौके और दो छक्कों की मदद से 25 रन बनाये। वेस्ट इंडीज ने अपनी धारदार गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश के किसी बल्लेबाज को क्रीज पर टिकने नहीं दिया। कैरिबियाई टीम की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने तीन ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि हेडेन वॉल्श ने तीन ओवर में 24 रन देकर दो विकेट झटके। ओडियन स्मिथ, अकील हुसैन और ओबेड मकॉय ने भी एक-एक विकेट लिया। बांग्लादेश 13 ओवर में 105 रन पर आठ विकेट गंवा चुकी थी, जब बारिश के कारण मैच को रोकना पड़ा। काफी देर तक बारिश होने के कारण पहले टी20 मैच को रद्द कर दिया गया। सीरीज का दूसरा टी20 मैच रविवार को खेला जाएगा।

## आयरलैंड दौरे से पहले कोरोना संक्रमित हुए सैंटनर

ऑकलैंड, 3 जुलाई। न्यूजीलैंड के ऑल-राउंडर मिचेल सैंटनर आयरलैंड दौरे से पहले कोरोना संक्रमित हो गये हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने रविवार को इसकी जानकारी दी। एनजेडसी ने यहां जारी एक बयान में कहा, ''मिचेल सैंटनर शुक्रवार को कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद रविवार को आयरलैंड के लिये रवाना हो रही टीम का हिस्सा नहीं बन पाएंगे।'' कीवी टीम रविवार को आयरलैंड के साथ तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैच खेलने के लिये रवाना होगी, जहां सैंटनर टी20 श्रंखला में टीम की कप्तानी करेंगे। बयान में कहा गया, ''सैंटनर कोरोना से उबर कर इस हफ्ते के अंत तक (आयरलैंड के लिये) रवाना होंगे।'' आयरलैंड दौरे पर न्यूजीलैंड के कोच शेन जोर्गेनसन ने बताया कि सैंटनर में कोरोना के लक्षण देखे गये थे, और उनकी उपलब्धता पर तब विचार किया जाएगा जब वह डबलिन पहुंच जाएंगे।

## सानिया-पाविच की जोड़ी मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में पहुंची

विम्बलडन, 3 जुलाई। सानिया मिर्जा और मैट पाविच की भारत और क्रोएशिया के खिलाड़ियों की जोड़ी रविवार को विंबलडन के मिश्रित युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। सानिया और पाविच की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को दूसरे दौर के मैच मेंइवान डोडिग और लतीशा चान की जोड़ी से वॉकओवर मिला। सानिया और पाविच ने शुरुआती दौर में स्पेन के डेविड वेगा हर्नांडेज और जॉर्जिया की नतेला जालामिइजे की जोड़ी को 6-4, 3-6, 7-6 से हराया था। क्वार्टर फाइनल में इस जोड़ी के सामने ब्रूनो सोरेस और बीट्रिज हद्दाद मैया की ब्राजीलियाई जोड़ी या जॉन पीयर और गैब्रिएला डाब्रोवस्की की ऑस्ट्रेलियाई-कनाडाई जोड़ी होगी। सानिया पहले ही घोषणा कर चुकी है कि यह उनके करियर का आखिरी सत्र है। महिला युगल में वह चेक गणराज्य की जोड़ीदार लूसी हरडेका के साथ शुरुआती दौर में हार गई थीं।

## भारत ने शतरंज ओलंपियाड में उतारी तीसरी टीम

नयी दिल्ली, 3 जुलाई। भारत ने महाबलीपुरम में होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड में अपनी सर्वोच्च भागीदारी दर्ज करते हुए प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में तीसरी टीम उतारी है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने रविवार को यह जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक देश पांच खिलाड़ियों की केवल एक टीम (हर राउंड में खेलने वाले चार) को मैदान में उतार सकता है, लेकिन मेजबान के रूप में भारत प्रत्येक श्रेणी में न्यूनतम दो टीमें भेज सकता है। यदि कुल भाग लेने वाले देशों की संख्या विषम हो तो भारत अधिकतम तीन टीमों को मैदान में उतारने का हकदार है।

भारत में प्रदर्शन के लिए 187 टीमों ने पंजीकरण कराया है जो ओलंपियाड के इतिहास का सर्वाधिक पंजीकरण है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने मानक के अनुसार प्रविष्टियों की संख्या को बराबर करने के लिए मेजबान देश से तीसरी टीम को मंजूरी दी।

महिला वर्ग में अब तक सर्वाधिक 162 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। भारत पहली बार इस वर्ग में दो टीमों को भेजेगा। भारत की तीसरी टीम में ठौंडमास्टर सूर्य शेखर गांगुली, कार्तिकेयन मुरली, एसपी सेथुरमन, अभिजीत गुप्ता और अभिमन्यु पुराणिक शामिल हैं दो गुजरात के पहले ठौंड मास्टर तेजस बाकरे की कप्तानी में ओलंपियाड में उतरेंगे।

## भारत की वापसी ने हमें भरोसा दिया कि हम भी ऐसा ही कर सकते है : एंडरसन

बर्मिंघम, 3 जुलाई। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के अनुसार यहां चल रहे पांचवें टेस्ट में भारत की मजबूत वापसी से उनकी टीम को भी इसी तरह वापसी का भरोसा मिलेगा।

एंडरसन ने साथ ही जोर दिया कि मेहमान टीम आक्रामक खेलना जारी रखेगी। दूसरे दिन के खत्म होने तक इंग्लैंड की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी और उसका स्कोर पांच विकेट पर 84 रन था। इससे वह भारतीय टीम से अब भी 332 रन से पिछड़ रही है।

भारतीय टीम भी शुरूआती दिन कुछ इसी तरह की स्थिति में थी और उसका स्कोर पांच विकेट पर 98 रन था। एंडरसन ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा, "हम भी उनकी तरह की स्थिति में हैं जिससे हमें भरोसा है कि हम भी ऐसा ही कुछ कर सकते हैं। " भारत के लिये ऋषभ पंत (146) और रविंद्र जडेजा (104) ने शतक जड़कर और छठें विकेट के लिये 222रन की साझेदारी निभाकर पहली पारी में 416 रन बनाने में मदद की। एंडरसन ने कहा, "हमें निचले क्रम में अपना काम करना है, हमें कुछ बड़ी भागीदारियां करनी होंगी और भारत पर दबाव बनाना होगा। "

उन्होंने कहा, "और हमारा सबसे बेहतर 'डिफेंस' आक्रमण करना होगा। " पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कप्तान बेन स्टोक्स और जॉनी बेयरस्टो ने इंग्लैंड को इस तरह की मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला था।

एंडरसन ने कहा, "पिछले कुछ हफ्तों में हम इसी तरह की मुश्किल परिस्थिति में थे और हमने जिस तरह से तब प्रतिद्वंद्वी टीम को दबाव में लाने की कोशिश की थी, उसी तरह यहां भी करेंगे। हम स्कोर बनाना चाहते हैं और मैच को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हम यही करने की कोशिश करेंगे। एंडरसन ने 60 रन देकर पांच विकेट झटके थे। लेकिन उन्होंने माना कि पंत की शानदार पारी ने लय भारत के पक्ष में कर दी। उन्होंने कहा, "मुझे वास्तव में लगा कि हमने कल सुबह और दोपहर में काफी अच्छी गेंदबाजी की थी।

## तीसरे दौर में बाहर हुए सितसिपास, किर्गियोस को कहा गुंडा

लंदन, 3 जुलाई। विश्व के नंबर चार खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस के हाथों हारकर विम्बलडन के तीसरे दौर में बाहर हो गये। किर्गियोस ने शनिवार को कोर्ट-1 में हुए मुकाबले में ठीस के सितसिपास को 6-7(2), 6-4, 6-3, 7-6(7) से मात देकर 2016 के बाद पहली बार चौथे दौर में जगह बनायी।

सितसिपास ने पहले सेट को मजबूती के साथ 7(2)-6 से जीता, लेकिन मैच के दौरान किर्गियोस और सितसिपास के बीच कई बार बहस हुई जिसका असर ठीक खिलाड़ी के खेल पर भी नज़र आया। सितसिपास की एकाठाता भंग होने से किर्गियोस ने मैच पर पकड़ मजबूत की, और लगातार तीन सेट 6-4, 6-3, 7-6(7) से जीत लिये।

किर्गियोस-सितसिपास के बीच की गहमागहमी कोर्ट के बाहर तक गयी और सितसिपास ने मीडिया इंटरव्यू रूम में किर्गियोस को गुण्डा कहा। सितसिपास ने कहा, ''वह दादागिरी करते हैं। अपने प्रतिद्वंदियों के साथ गुण्डागर्दी करते हैं। वह शायद स्कूल में भी गुण्डे रहे होंगे। मुझे गुण्डे नहीं पसंद।'' उन्होंने कहा, ''मुझे ऐसे लोग नहीं पसंद जो दूसरों को नीचा दिखाते हैं। उनके किरदार में कुछ अच्छी बातें भी हैं, लेकिन उनके अंदर कुछ बुराई भी है, जो अगर बाहर आ जाए तो उनके आसपास के लोगों को नुकसान पहुंचा सकती है।''

किर्गियोस पर पहले मैच में एक दर्शक की ओर रुख करके थूकने के लिये 10,000 डॉलर का जुर्माना लग चुका है। दूसरी ओर, किर्गियोस ने सितसिपास की बात पर हंसते हुए जवाब दिया, ''मुझे नहीं पता कि मैंने उनके साथ कैसे दादागिरी की। वह मेरे ऊपर गेंद से हमला कर रहे थे, एक दर्शक की ओर भी गेंद उन्होंने ही मारी।''

उल्लेखनीय है कि सितसिपास ने मैच के दौरान कई शॉट किर्गियोस की ओर मारे थे। उन्होंने एक गेंद दर्शक दीर्घा की ओर भी पहुंचाई थी जिसके लिये उन्हें चेतावनी दी गयी, हालांकि उन्होंने इसके लिये माफी मांग ली थी। किर्गियोस का सामना शीर्ष-16 में अमेरिका के ब्रेंडन नाकाशीमा से होगा।

## भारत की निगाहें दूसरे वनडे में जीत में श्रृंखला अपने नाम करने पर

पालेकल, 3 जुलाई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को होने वाले दूसरे मैच में जीत से तीन मैचों की वनडे श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी और साथ ही अपने शीर्ष क्रम विशेषकर सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद लगायेगी। इससे पहले हुई टी20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम करने के बाद भारत ने कम स्कोर वाले पहले मैच में 72 गेंद रहते चार विकेट से जीत दर्ज कर वनडे श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली थी। इस आसान जीत के बावजूद भारतीय 'थिंक टैंक' को उप कप्तान स्मृति मंधाना और युवा शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी को लेकर कुछ चिंता बनी होगी।

और ऐसा इसलिये है क्योंकि ये दोनों बल्लेबाज दौरे पर अभी तक कोई मजबूत साझेदारी नहीं बना सकी हैं जिससे टीम को तेज शुरूआत नहीं मिली है। मंधाना और वर्मा अब बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगी क्योंकि दौरे पर बस दो ही मैच बचे हैं।

वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर अपनी भूमिका का लुत्फ उठा रही हैं, वह रन जुटाने के अलावा अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन से विकेट भी चटका रही हैं। भारतीय गेंदबाज विशेषकर स्पिनर श्रीलंका की धीमी पिचों का अच्छा इस्तेमाल कर रही हैं और उन्होंने दौरे पर टीम की जीत में अहम भूमिका अदा की हैं। दायें हाथ की मध्यम गति की गेंदबाज रेणुका सिंह ने 29 रन देकर तीन विकेट झटके। हालांकि दीप्ति शर्मा (25 रन देकर तीन विकेट) की ऑफ ब्रेक ने श्रीलंका की रीढ़ तोड़ दी जिससे मेहमान टीम पहले वनडे में महज 171 रन पर सिमट गयी।

भारतीय गेंदबाजों ने जहां दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया तो वहीं बल्लेबाजों को अनिरंतरता का सामना करना पड़ रहा है। वर्मा एक बार फिर अच्छी शुरूआत दिलाने में नाकाम रही और पहले वनडे में कम स्कोर का पीछा करते हुए शीर्ष क्रम चरमरा गया।

हरमनप्रीत, हरलीन देओल, दीप्ति, पूजा वस्त्राकर वाले मध्यक्रम ने शुरूआती मुकाबले में भारत को जीत तक पहुंचाया। श्रीलंकाई टीम उम्मीद करेगी कि कप्तान चामरी अटापट्टू अपने बल्ले से बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित करें।

सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा और निलाक्षी डि सिल्वा ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उन्हें भागीदारियां निभाने की जरूरत है। गेंदबाजी में बायें हाथ की स्पिनर इनोका रणवीरा ने चमकदार प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें अपनी साथियों से मदद की दरकार होगी। श्रीलंकाई टीम पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला हार गयी थी और वह इस प्रारूप में लगातार दूसरी श्रृंखला हारने से बचना चाहेगी।

## पारुल चौधरी ने तोड़ा 3000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

लॉस एंजिलस, 3 जुलाई। भारतीय महिला ट्रैक एथलीट पारुल चौधरी ने रविवार को यूए सनसेट टूर की 3000 मीटर प्रतियोगिता में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। चौधरी ने महिलाओं की 3000 मीटर प्रतिस्पर्धा में 8:57.19 के समय के साथ सुरिया लोगनाथन का छह साल पुराना 9:04.5 का रिकॉर्ड तोड़ा। वह दौड़ के शुरुआती हिस्से में पांचवें स्थान पर थीं लेकिन अंतिम दो लैप में उन्होंने रफ्तार बढ़ाते हुए पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल किया।

## आरसीए की एजीएम आज

जयपुर, 3 जुलाई। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष साधारण सभा की बैठक 4 जुलाई को सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित आरसीए ऑफिस, आरसीए अकादमी पर सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी।

## कॉर्नेट ने स्वियाटेक का विजय रथ रोका

लंदन, 3 जुलाई। फ्रांस की एलीज़े कॉर्नेट ने लगातार 37 मैच जीत चुकी इगा स्वियाटेक को हराकर विम्बलडन 2022 के चौथे दौर में प्रवेश किया। कॉर्नेट ने विश्व की नंबर एक स्वियाटेक को शनिवार को हुए मुकाबले में 6-4, 6-2 से हराकर पोलैंड की खिलाड़ी के विजय-रथ पर लगाम लगायी। इससे पहले स्वियाटेक 135 दिनों में 37 मुकाबले जीतकर 1997 में मार्टिन हिंगिस के 37 मैच जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर चुकी थीं। कॉर्नेट ने जीत के बाद कहा, ''इगा के खिलाफ यह मैच जीतना मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस साल जो किया है वह इस दुनिया से बाहर का प्रदर्शन है। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मैंने उनके इस सिलसिले को तोड़ा है। यह आश्चर्यजनक है। मैं दूसरे सप्ताह में फिर से प्रवेश करके बहुत खुश हूं।'' कॉर्नेट ने स्वियाटेक के पावर गेम का सामना करने के लिये साफ, अनुभवी प्रदर्शन दिखाया। दो शुरुआती ब्रेक की बदौलत कॉर्नेट ने 3-0 की बढ़त बना ली।

## आयु धोखाधड़ी के दोषियों पर सख्त कार्यवाही होगी : बीएआई

नयी दिल्ली, 3 जुलाई। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के सचिव संजय मिश्रा ने खिलाड़ियों और अभिभावकों को आश्वासन देते हुए कहा है कि संघ उम्र में किसी भी तरह की हेराफेरी बर्दाश्त नहीं करेगा और मोहाली में हुई बैठक में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि मोहाली में आयोजित ऑल इंडिया सब-जूनियर (अंडर-13) रैंकिंग टूर्नामेंट में शुक्रवार को आयु सीमा से ज्यादा उम्र के खिलाड़ियों के भाग लेने से अभिभावक नाखुश थे। अभिभावकों ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया जिसके बाद कई मुकाबले निलंबित कर दिये गये जबकि कई स्थगित कर दिये गये। मिश्रा ने इस घटना के बाद शनिवार को स्वंय मोहाली जाकर अभिभावकों से एक घंटे तक बातचीत की। श्री मिश्रा ने बैठक के बाद अभिभावकों को आश्वासन दिया कि बीएआई के पास उन दोनों खिलाड़ियों के पहचान पत्र हैं जिन्होंने पंजीकरण के समय संदिग्ध दस्तावेज जमा कराये थे। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों का पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा और अन्य आरोपी खिलाड़ियों के खिलाफ विस्तृत जांच की जाएगी। मिश्रा ने यहां जारी एक विज्ञिप्त में कहा, ''आयु-धोखाधड़ी समिति की बैठक के बाद दोषी पाए जाने वालों पर उचित कार्यवाही की जाएगी।'' योनेक्स सनराइज़ ऑल इंडिया रैंकिंग अंडर-13 स्पर्धाओं के पहले दिन के मुख्य ड्रॉ मैचों को एक घंटे की कार्रवाई के बाद ही रोकना पड़ा था। खिलाड़ियों और अभिभावकों के बीच चर्चा थी कि बैठक के बाद फिर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से रैंकिंग अंक छीन लिए जाएंगे, लेकिन मिश्रा ने स्पष्ट किया कि बीएआई द्वारा ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया था और आयोजकों के पास इस तरह के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं था।

## जमुना बोरो सहित चार भारतीय मुक्केबाज एलोर्डा कप के फाइनल में

नयी दिल्ली, 3 जुलाई। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता जमुना बोरा ने रविवार को कजाखस्तान की अनेल साकिश को हराकर कजाखस्तान के नूर सुल्तान में चल रहे एलोर्डो कप के फाइनल में जगह बनाई।

असम की जमुना ने स्थानीय मुक्केबाज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 54 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। जमुना के अलावा तीन अन्य भारतीय मुक्केबाज कलाइवानी श्रीनिवासन (48 किग्रा), गितिका (48 किग्रा) और अल्फिया (81 किग्रा से अधिक) भी सोमवार को फाइनल में खेलेंगे। जमुना ने गति और फुटवर्क का शानदार नजारा पेश करते हुए अनेल के खिलाफ दबदबा बनाया और विरोधी मुक्केबाज को कई दमदार मुक्के जड़े। दूसरे दौर में भी भारतीय मुक्केबाज हावी रही। जमुना ने समर्पण और धैर्य की बदौलत आसान जीत की नींव रखी और फाइनल में जगह बनाई।

दो महिला मुक्केबाज साक्षी (54 किग्रा) और सोनिया (57 किग्रा) को हालांकि सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की निगिना उकतामोवा और सितोरा तुर्दिबेकोवा के खिलाफ क्रमशः 0-5 और 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। पुरुष वर्ग में चार भारतीय मुक्केबाजों को सर्वसम्मति से सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। कुलदीप (48 किग्रा) और जुगनू (92 किग्रा) को कजाखस्तान के मुक्केबाजों क्रमशः असिलबेक जेलिलोव और एबेक ओरलबे ने हराया जबकि अनंत को चीन के फैंग बो ने बाहर का रास्ता दिखाया। सचिन (57 किग्रा) ने 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता कजाखस्तान के सेरिक तेमिरझानोव को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंततः उन्हें हार झेलनी पड़ी।

शनिवार रात गतिका और अल्फिया ने फाइनल में जगह बनाई। गितिका ने उज्बेकिस्तान की मारजोना सेवरिएवा को 4-1 से हराया जबकि अल्फिया ने कजाखस्तान की वालेरिया एक्सेनोवा के खिलाफ दबदबा बनाया और रैफरी को दूसरे दौर के बीच में ही मुकाबला रोकना पड़ा। एलोर्डा कप के पहले टूर्नामेंट में भारत, उज्बेकिस्तान, मेजबान कजाखस्तान, क्यूबा, चीन और मंगोलिया जैसे देशों के शीर्ष मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट के चैंपियन मुक्केबाजों को 700 अमेरिकी डॉलर जबकि रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः 400 और 200 डॉलर दिए जाएंगे।

## लाहिड़ी संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर खिसके

सिल्विस (अमेरिका), 3 जुलाई। भारत के अनुभवी गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी जॉन डीरे क्लासिक के तीसरे दौर में यहां तीन ओवर 74 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 61 वें स्थान पर खिसक गये। वह दूसरे दौर में 67 का शानदार स्कोर करने के बाद संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर थे।



*अगर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में भारी कटौती नहीं की गई तो सन् 2550 तक साइबेरियन टुंड्रा लुप्त हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने हाल ही में भविष्यवाणी की है कि, यदि हालात बहुत अच्छे रहे तब भी टुंड्रा का दो तिहाई भाग लुप्त हो जाएगा। टुंड्रा, जिसका ''ग्रोइंग सीज़न'' बहुत छोटा होता है और जो घास, मॉस, झाड़ियों व लाइकन जैसी वनस्पति के लिए जाना जाता है, दो भागों में बंट जाएगा। जैसे-जैसे टुंड्रा का पर्माफॉस्ट कवर पिघलेगा, भारी मात्रा में संग्रहित ग्रीन हाउस गैसें निकलकर वातावरण में फैलेंगी जिससे गर्मी बढ़ेगी। जर्मनी के पोलर एण्ड मरीन रिसर्च के एल्फ्रैड वैगनर इंस्टीट्यूट (ए.डब्ल्यु.आई.) के इकॉलजिस्ट स्टीफन क्रूस ने कहा कि, हम सबके लिए यह जानना हैरानी की बात थी कि टुंड्रा कितनी जल्दी जंगल में बदल जाएगा। टुंड्रा का नाश ना केवल वहाँ की जैव विविधता एवं संस्कृति के लिए बड़ा नुकसान होगा बल्कि इससे आर्कटिक की वॉर्मिंग और तेज हो जाएगी। हालिया वर्षों में, शेष विश्व की तुलना में आर्कटिक के गर्म होने की प्रक्रिया दो गुनी रही है। वर्ष 1960 से 2019 के बीच यहां हवा का तापमान बढ़कर 4 डिग्री सैल्सियस हो गया है। गर्मी के कारण सी आईस कवर कम हो रहा है और आर्कटिक की भूमि भी प्रभावित हो रही है इसलिए साइबेरियन लार्च (देवदार) फॉरैस्ट का उत्तर की ओर विस्तार हो रहा है। ये जंगल कितनी जल्दी टुंड्रा के घास, झाड़ी वाले इकोसिस्टम की जगह ले लेंगे यह अभी पता नहीं है। जलवायु परिवर्तन की वजह से वृक्षों की सीमा में आ रहा परिवर्तन विश्व में एक जैसा नहीं है। कुछ क्षेत्रों में वृक्षों का विस्तार उत्तर की तरफ हुआ है तो कहीं वे पूर्ववत् हैं। कुछ स्थानों पर पीछे भी हटे हैं। शोधकर्ताओं ने कम्प्यूटर मॉडल पर किए शोध में पाया कि तापमान बढ़ने की वजह से पेड़ जब उत्तर की ओर बढ़ने लगते हैं तो बहुत कम समय में ऐसा होता है और यदि तापमान ठंडा होगा तो भी उनके लौटने की संभावना नहीं होती। अगर 2100 तक कार्बन उत्सर्जन शून्य हो जाए और वैश्विक तापमान का बढ़ना 2 डिग्री सैंटिग्रेड के नीचे रहे तब भी सन् 2500 तक 32.7 प्रतिशत टुंड्रा ही बचेगा, ओर वो भी विभाजित। अर्थात् दो मिनी टुंड्रा होंगे, एक सुदूर पूर्व में चूकॉटका और दूसरा सुदूर उत्तर में टेमीर पैनिनसुला।*

# 'मैं कभी भी एक रैबर स्टैम्प राष्ट्रपति की तरह काम नहीं करूंगा'

## विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने कहा कि, मैं कभी भी केन्द्र सरकार को रोकने में कोई संकोच नहीं करूंगा

बेंगलुरु, 3 जुलाई (वार्ता)। राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने नरेंद्र मोदी सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.), चुनाव आयोग और यहां तक कि राज्यपालों को विपक्षी दलों के खिलाफ 'हथियारों' की तरह इस्तेमाल करने और संविधान के संघीय ढांचे का सम्मान नहीं करने का गंभीर आरोप लगाया है।

- **उन्होंने कहा कि, उच्चतम न्यायालय ने पैगंबर मोहम्मद पर भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की टिप्पणी पर एक कठोर अभियोग लगाया है, जिसमें कहा गया है कि, आपकी ढीली जीभ ने देश में आग लगा दी। उन्होंने कहा,अफसोस की बात है कि भाजपा समर्थक उनकी टिप्पणी की निंदा करने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय को ट्रोल कर रहे हैं।**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नेता सिन्हा ने यह आरोप यहां कांग्रेस विधायक दल की बैठक के दौरान लगाया। आगामी राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ विपक्षी उम्मीदवार बनने के लिए तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले सिन्हा ने कांग्रेस सांसदों एवं विधायकों से समर्थन की अपील की।

इस अवसर पर कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्धारमैया और परिषद में उनके समकक्ष बी.के. हरिप्रसाद के साथ-साथ राज्यसभा में कांग्रेस के विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, विधानसभा में कांग्रेस के उपनेता यूटी खादर, केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष सलीम अहमद और कांग्रेस के अन्य नेता भी मौजूद थे।

सिन्हा ने बाद में मीडिया को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि पिछले आठ वर्षों में केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी सरकार ने लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता पर बार-बार हमले किए हैं, जो हमारे गणतंत्र के संस्थापक सिद्धांतों का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र ने भारत के बहु-धार्मिक समाज को विभाजित करने के लिए एक जहरीला सांप्रदायिक प्रचार किया है।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पैगंबर मोहम्मद पर भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की टिप्पणी पर एक कठोर अभियोग लगाया है, जिसमें कहा गया है कि आपकी ढीली जीभ ने देश में आग लगा दी। उन्होंने कहा, अफसोस की बात है कि भाजपा समर्थक उनकी टिप्पणी की निंदा करने के लिए उच्चतम न्यायालय को ट्रोल कर रहे हैं।

सिन्हा ने महाराष्ट्र में शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की महा विकास अघाड़ी गठबंधन सरकार को गिराने के लिए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, शिवसेना के बागी विधायकों को भाजपा शासित गुजरात और असम में सुविधाएं दी गयीं। इसने फिर से साफ कर दिया कि केंद्र को संविधान के संघीय ढांचे का कोई सम्मान नहीं है। यह राज्यों की शक्तियों का लगातार अतिक्रमण कर रहा है।

सिन्हा ने घोषणा की कि अगर वह चुने जाते हैं तो वह संविधान और अकेले संविधान के प्रति जवाबदेह होने का संकल्प लेंगे। मैं बिना किसी भय या पक्षपात के अपने अधिकार का ईमानदारी से प्रयोग करूंगा। मैं कभी भी एक रबर-स्टैम्प राष्ट्रपति की तरह काम नहीं करूंगा।उन्होंने कहा,मुझे केंद्र सरकार को रोकने में कोई संकोच नहीं होगा यदि वह किसी भी तरह से 'ऑपरेशन कमला' जैसी अपमानजनक अलोकतांत्रिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है। इसका इस्तेमाल कर्नाटक, मध्य प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और कई अन्य राज्यों में विपक्षी शासित सरकारों को अस्थिर करने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा,मैंने यह भी घोषणा की है कि मैं देशद्रोह कानून को रद्द करने के लिए काम करूंगा।

# इंडिगो एयरलाइन्स का अधिकतर स्टाफ छुट्टी पर गया

## स्टाफ की भारी कमी के कारण इंडिगो की 55 प्रतिशत उड़ानें कैंसिल अथवा डिले हो गईं

नई दिल्ली, 3 जुलाई। स्टाफ की भारी कमी के कारण देशभर में इंडिगो की कई उड़ानों में देरी हुई। इस वजह से कई यात्रियों को सफर करने के दौरान भारी असुविधा हुई। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो के खिलाफ कड़ा संज्ञान लिया है और देशभर में कई सारी उड़ानों देरी के लिए कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा है।

- **केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय इस मामले में इंडिगो एयरलाइन्स को कार्यवाही की चेतावनी देते हुए जवाब तलब किया है।**
- **इंडिगो एयरलाइन्स का इस मामले में कहना है कि, एयर इंडिया में चल रही भर्ती के कारण हमारा स्टाफ ''सिक लीव'' लेकर छुट्टी पर चला गया था।**

केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, शनिवार को इंडिगो की केवल 45 फीसदी उड़ानें ही समय पर संचालित हो पाईं। बड़ी संख्या में चालक दल के सदस्यों ने सिक लीव ली और एयर इंडिया के भर्ती अभियान के लिए चले गए। उद्योग के एक अधिकारी ने बताया, ''एयर इंडिया के भर्ती अभियान का दूसरा चरण शनिवार को आयोजित किया गया था और सिक लीव (बीमारी की छुट्टी) लेने वाले इंडिगो के अधिकांश केबिन क्रू सदस्य इसके लिए गए थे।''

अब विमानन नियामक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने फ्लाइट्स में भारी देरी पर एयरलाइन से स्पष्टीकरण मांगा है। बता दे कि इंडिगो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मिलाकर 1600 से अधिक उड़ानें संचालित करती है, जिनमें से आधे से ज्यादा शनिवार को देरी से चल रहीं थीं।

घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो ने 29 जून को कहा कि वह दिल्ली-लेह, दिल्ली-श्रीनगर और लखनऊ-पंतनगर रूट पर एक जुलाई से अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। इंडिगो के मुख्य रणनीति और राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने बयान में कहा था कि बढ़ी हुई मांग को देखते हुए इन मार्गों पर अतिरिक्त उड़ानें संचालित करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा, ''दिल्ली-लेह, दिल्ली-श्रीनगर और लखनऊ-पंतनगर मार्गों पर अपनी उड़ानों की संख्या बढ़ाकर हम खुश हैं।''

संजय कुमार ने कहा कि इंडिगो को दिल्ली-लेह मार्ग पर काफी ज्यादा मांग का सामना करना पड़ रहा है। उड़ानें बढ़ने के बाद दिल्ली से लेह के लिए एयरलाइन रोजाना तीन उड़ानें संचालित करने लगेगी। इसके अलावा लखनऊ-पंतनगर मार्ग पर भी इंडिगो की उड़ानों की काफी मांग देखी गई है। उड़ानें बढ़ने के बाद इस मार्ग पर सप्ताह में पांच उड़ानें संचालित होने लगेंगी।

## सीढ़ियों पर गिरकर चोटिल हुए लालू यादव

पटना, 3 जुलाई। राष्ट्रीय जनता दल (आर.जे.डी.) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के साथ बड़ा हादसा होने की खबर आ रही है। खबर है कि लालू प्रसाद यादव पटना में राबड़ी देवी आवास में सीढ़ी चढ़ने के दौरान गिर पड़े हैं। आनन-फानन में लालू प्रसाद यादव को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया है।

- **गिरने के बाद लालू यादव के दाहिने कंधे की हड्डी टूट गई है।**

इस हादसे को लेकर बताया जा रहा है कि गिरने के बाद लालू प्रसाद यादव के दाहिने कंधे की हड्डी टूट गई है। साथ ही उनके कमर में भी चोट बताई जा रही है। लालू प्रसाद यादव का कंकड़बाग के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया गया है। बताया जा रहा है कि प्लास्टर होने के बाद लालू प्रसाद यादव को वापसी घर ले आया गया है।

सीढ़ियों से गिरने के बाद लालू प्रसाद यादव के कंधे और कमर में चोट आई हैं।

# प्रदेश में करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ा बहुत उतार-चढ़ाव का क्रम जारी

## राज्य में रविवार को 106 नए संक्रमित मिले, इससे पहले शनिवार को 133 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 3 जुलाई। प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में उतार-चढ़ाव का क्रम बना हुआ है। रविवार को थोड़ी गिरावट के बाद 106 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर साढ़े नौ सौ के करीब पहुंच गए हैं।

- **जयपुर में थोड़ी वृद्धि के बाद 49 नए मरीज मिले हैं।**
- **प्रदेश में फिर रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर साढ़े नौ सौ के करीब पहुंच गए हैं।**

प्रदेश में रविवार को 11 जिलों में 106 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 133 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में थोड़ी वृद्धि के 49 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 13, भीलवाड़ा में 9, नागौर में 8, अजमेर में 7, सिरोही में 6, उदयपुर में 4, बीकानेर व चित्तौड़गढ़ में 3-3, भीलवाड़ा और जालोर में 2-2 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं 22 जिलों अलवर, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, बूंदी, चूरू, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में रविवार को रिकवरी में कमी आई है। इस दौरान राज्य में 71 मरीज ही ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 948 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 410 मामले जयपुर में है। प्रदेश में रविवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9566 लोगों की मौत हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 7 नए संक्रमित मालवीय नगर में मिले हैं। इसके अलावा झोटवाड़ा में 6, वैशाली नगर में 5, जगतपुरा व टोंक रोड इलाके में 4-4, सी-स्कीम, जवाहर नगर, जेएलएन मार्ग, मानसरोवर, प्रताप नगर व शास्त्री नगर में 2-2 तथा अजमेर रोड, दुर्गापुरा, जमवारामगढ़, जनता कॉलोनी, महावीर नगर, निर्माण नगर, शांति नगर, श्याम नगर, त्रिपोलिया बाजार और विद्याधर नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं एक मरीज का एड्रेस गलत मिला है। इस बीच जिले में केवल 15 रोगी ही ठीक हुए हैं।

## राजीव बगरहट्टा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समक्ष सक्षात्कार में अपनी दावेदारी पेश की थी। वहीं 9 चिकित्सक अनुपस्थित रहे थे। दावेदारी पेश करने वालों में से डॉ. बगरहट्टा, डॉ. दीपक माथुर व डॉ. विनय मल्होत्रा के नाम का पैनल बनाकर सरकार के पास भेजा गया था। चयन समिति की अनुशंषा पर डॉ. बगरहट्टा के नाम पर मुख्य मंत्री अशोक गहलोत ने मुहर लगा दी। इसके बाद रविवार को डॉ. बगरहट्टा के एसएमएस मेडिकल कॉलेज का प्रिसीपल व नियंत्रक नियुक्त किए जाने के आदेश जारी कर दिए गए। उधर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज का प्रिसीपल व नियंत्रक डॉ. सुधीर भंडारी का सोमवार को कार्यकाल पूरा हो रहा है। उन्हें पहले ही आरयूएचएस अस्पताल का वीसी बना दिया गया है। डॉ. बगरहट्टा सुबह 11 बजे अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

## अमरावती ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पोस्ट को वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर किया था। उसी ग्रुप में आरोपी इरफान शेख भी था। बता दें कि 21 जून की रात 54 वर्षीय उमेश कोल्हे अपने मैडिकल स्टोर से स्कूटर से घर लौट रहे थे। रास्ते में एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने उन्हें रोक लिया और हत्या कर दी। उनके बेटे और पत्नी भी साथ में ही दूसरी बाइक पर थे लेकिन वे उन्हें बचा नहीं पाए। इस मामले में सात लोगों को अब तक गिरफ्तार किया गया है जिसमें मुदस्सिर अहमद, शाहरुख पठान, अब्दुल तौफीक शेख, शोएब खान और अतीक राशिद शामिल हैं। बाकी आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। रविवार को अमरावती में पुलिस अधिकारियों की हाई लेवल मीटिंग बुलाई गई। इस बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।

## मोहन भागवत...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि, बैठक संगठन संबंधित विषयों पर केंद्रित रहती है। इसमें संघ के प्रशिक्षण वर्ग संघ शिक्षा वर्ग के वृत्त एवं समीक्षा, आगामी वर्ष की कार्ययोजना, प्रवास योजनाओं आदि विषयों पर में चर्चा होगी साथ ही संघ के शताब्दी वर्ष कार्य विस्तार योजना पर भी विचार-विमर्श होगा। बैठक को लेकर खेमी शक्ति मंदिर को चारों ओर से कड़ी सुरक्षा में रखा गया है।

# कन्हैयालाल की बर्बर हत्या से आक्रोशित...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हजारों लोग जुटे, जिन्होंने बारिश के बीच में ही हनुमान चालीसा के पाठ किये और 2 मिनट का मौन रखकर कन्हैयालाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सभा आयोजित हुई, जिसमें हिन्दू समाज के संत-महात्माओं और वरिष्ठ बंधुओं ने संबोधित किया।

हिन्दू समाज के लोगों ने सरकार को भी साफ चेतावनी दी कि, राजस्थान में तालीबानी घटनाओं को सहन नहीं किया जायेगा। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार सख्त कदम उठाए।

दूसरी तरफ हिन्दू समाज के आक्रोश को देखते हुए जयपुर पुलिस ने एहतियात के तौर पर शहर के चप्पे-चप्पे पर करीब 2 हजार से अधिक जवान तैनात किए। ड्रोन से पूरे इलाके की निगरानी रखी गई। कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव के साथ कई वरिष्ठ अफसरों ने स्टैच्यू सर्किल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

उधर कन्हैयालाल की बर्बर हत्या से गुस्साए हिन्दू समाज के महिला-पुरूष रविवार सुबह से ही स्टैच्यू सर्किल पर एकत्रित होने लगे थे। स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल रैली में बड़ी संख्या में लोग दूर-दराज से भी जत्थों के रूप में नारे लगाते हुए पहुंचे और रैली में सम्मिलित हुए। लोगों ने हत्यारों को फांसी पर लटकाए जाने की मांग की। विप्र सेना के राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवाड़ी भी सैकड़ों लोगों के साथ स्टैच्यू सर्किल पर पहुंचे।

रैली में वक्ताओं ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान की एटीएस हत्यारों को रविवार 2 बजे तक भी एन.आई.ए. को सौंपने के बजाय खुद के पास रखना चाहती थी, लेकिन एन.आई.ए. कोर्ट ने क्षेत्राधिकार का हवाला देते हुए ए.टी.एस. को कस्टडी देने से मना कर दिया। इसके बाद ए.टी.एस. ने एन.आई.ए. को पत्रावली सौंपी और कोर्ट ने हत्यारों को एन.आई.ए. को रिमांड पर दिया। वक्ताओं ने कांग्रेस सरकार पर तुष्टिकरण के आरोप लगाते हुए कहा कि जिस प्रकार की तुष्टिकरण की नीति गहलोत सरकार ने अपनाई है, उसके कारण राजस्थान में इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं। तुष्टीकरण की नीति के कारण ही कन्हैयालाल की हत्या हुई। कन्हैयालाल ने पुलिस में अपनी सुरक्षा की मांग की लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। वर्तमान परिस्थितियों में समाज चुप नहीं बैठेगा और राजस्थान को तालिबान नहीं बनने देगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी एक बुल्डोजर बाबा की जरूरत है।

मंच से पुलिस प्रशासन से अपील की गई कि सर्किल पर आने वाले लोगों को रोका नहीं जाएं। रैली को लेकर चारदीवारी में पुलिस का सख्त पहरा है। सूरजपोल से लेकर बड़ी चौपड़ तक रास्ते को बंद रखा गया। सूरजपोल से हीदा की मोरी,रामगंज में बेरिकेड्स लगाकर रास्ता रोका गया। वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रही। रैली में आए कुछ लोगों का आरोप था कि पुलिस ने अजमेर रोड पर भी कई लोगों को रोके रखा। पुलिस ने कई किलोमीटर पहले ही रास्ता रोक दिया, ताकि लोग आसानी से स्टेच्यू सर्किल पर नहीं पहुंच सके। मंच पर संत राघवाचार्य , व्यापार मंडल अध्यक्ष किशोर टांक सहित कई संत और विभिन्न समाजों के प्रमुख पर विराजित थे। मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा ने किया।

## तीन अमेरिकी पुलिस अधिकारियों की गोली मारकर हत्या

वाशिंगटन, 3 जुलाई (वार्ता)। अमेरिका के केंटकी प्रांत में घरेलू हिंसा के आरोपी ने तीन पुलिस अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी है।

बीबीसी ने रविवार को यह रिपोर्ट दी है। पुलिस ने 49 वर्षीय संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है।फ़्लॉइड काउंटी के शेरिफ जॉन हंट ने बताया कि जब पुलिसकर्मी उस व्यक्ति के घर पहुंचे तो उसने अधिकारियों पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि 166 की आबादी वाले पूर्वी कैंटकी के पहाड़ी हिस्से के एक छोटे से एलन शहर में हुई इस घटना में चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं।

- **हत्या करने वाला व्यक्ति घरेलू हिंसा का भी अपराधी है।**

## जम्मू में ग्रामीणों ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राजौरी जिले में आई.ई.डी. विस्फोट के कम से कम तीन मामलों में शामिल रहा है। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान यह पता चला है कि दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा सलमान के संपर्क में थे।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ग्रामीणों के साहस की सराहना की है और कहा है कि ग्रामीणों द्वारा दिखाए गए इस तरह के दृढ़ संकल्प से वह दिन दूर नहीं जब आतंकवाद का अंत होगा। जम्मू के रियासी जिले के टक्सन गांव के निवासियों द्वारा दो मोस्ट वांटेड आतंकवादियों पर काबू पाने और उन्हें पकड़ने के कुछ घंटों बाद सेना ने रविवार को उनके साहस की सराहना की तथा कहा कि लोग अब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ हैं।

सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा,जम्मू क्षेत्र में लंबे समय तक शांति और स्थिरता रही है और इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में समृद्धि लाने के लिए कई विकास पहल हुई हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इन घटनाओं से पूरी तरह से निराश है क्योंकि जम्मू-कश्मीर तेजी से विकसित हो रहा है, जबकि पाक के कब्जे वाला कश्मीर सभी सामाजिक-आर्थिक सूचकांकों में पिछड़ रहा है। उन्होंने कहा,क्षेत्र को अस्थिर करने की दृष्टि से, आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन क्षेत्र के लोग इन प्रयासों के पूरी तरह से खिलाफ हैं। वे इस क्षेत्र को पिछले कुछ दशकों के काले युग में नहीं जाने देने के लिए दृढ़ हैं, जहां धर्म के नाम पर बेगुनाहों को मारा जाता था।

अधिकारी ने कहा, लोगों ने अब इन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इसे अपने ऊपर ले लिया है।

# 'राहुल गांधी के फर्जी वीडियो मामले में भाजपा माफी मांगे'

## कांग्रेस ने कहा है कि, वीडियो प्रसारित करने वाले चैनल ने तो माफी मांग ली है

नई दिल्ली, 3 जुलाई (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि उसके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए फर्जी वीडियो प्रसारित करने वाले टी.वी. न्यूज़ चैनल ने तो माफी मांग ली है लेकिन भाजपा के जिन नेताओं ने वीडियो को फॉरवर्ड किया है वे तुरंत माफी मांगे वरना उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस फर्जी वीडियो के माध्यम से गांधी की छवि बिगड़ने का प्रयास हुआ है। खबर के साथ वीडियो को प्रसारित करने वाला टी.वी. चैनल ने माफी मांग ली है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेता अब ही पड़े हुए हैं इस देश समय रहते इस वीडियो को प्रचारित करने वाले नेता भी माफी मांग लें वरना उन्हें अदालतों के चक्कर काटने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि इस फर्जी वीडियो को केंद्र सरकार में सूचना प्रसारण मंत्री रहे भाजपा नेता राज्यवर्धन राठौड़ ने भी प्रसारित किया है।

- **कांग्रेस ने भाजपा नेताओं को इस मामले में कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी है।**
- **उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि इस फर्जी वीडियो को केंद्र सरकार में सूचना प्रसारण मंत्री रहे राज्यवर्धन राठौड़ ने भी प्रसारित किया है।**

पार्टी के इन नेताओं ने सोच समझ कर यह काम किया है और अब उन्हें इस करतूत के लिए माफी मांगनी पड़ेगी। प्रवक्ता ने कहा कि इस संबंध में एक व्यक्ति के खिलाफ राजस्थान में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कुछ और चैनलों को भी नोटिस दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस के नेता की छवि को खराब करने का वह इस तरह से प्रयास किया गया है तो ऐसा करने वाले व्यक्तियों की कई पीढ़ियों को इसकी परिणाम भुगतने होंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद को भाग्यनगर कहकर संबोधित किया

## इसके बाद चर्चा होने लगी है कि, क्या अब इस प्राचीन शहर हैदराबाद का नाम भी बदलने वाला है

हैदराबाद, 3 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में चल रहे भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया। बैठक के आखिरी दिन प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद को भाग्यनगर कह कर संबोधित किया। जिसके बाद से अब यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या अब इस शहर का नाम भी बदलने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि, हैदराबाद भाग्यनगर है जो हम सभी के लिए अहमियत रखता है।

- **प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद में चल रही भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को अंतिम दिन संबोधित किया।**

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने बताया, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हैदराबाद भाग्यनगर है जो हम सभी के लिए एक अहमियत रखता है। सरदार पटेल ने अखंड भारत की नींव रखी और अब इसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी भाजपा की है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने आज बहुत ही विस्तार से भाजपा के लिए अवसर, भाजपा के इतिहास विकास की यात्रा, भाजपा का भविष्य और देश के प्रति हमारे दायित्व के बारे में बात की। उन्होंन कहा, बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के तेजी से विस्तार का उल्लेख करते बुए तेलंगाना, प. बंगाल, केरल जैसे राज्यों में सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साहस की बहुत गर्व से सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न दलों के बारे में बात की जो अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं और हमें न तो उन पर हंसना चाहिए और न ही उनका मजाक उड़ाना चाहिए।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908